नई दिल्ली

शुक्रवार, 3 मई 2024

वैशाख मास कृष्ण पक्ष, दशमी वर्ष : 28, अंक : 22

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


**मौसम**

अधि. 40

न्यून. 27

# हरिभूमि


दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




09 भारत ने बांग्लादेश से जीती सीरीज, टी20 में बनाई 3-0 की अजेय बढ़त




## खबर संक्षेप

### शूटआउट के बाद पुलिस ने बदमाश दबोचा

**नई दिल्ली।** शूटआउट के बाद सीलमपुर पुलिस ने एक वांछित अपराधी को अरेस्ट किया है। गुरुवार सुबह तीसरे पुस्ते रोड, सिग्नेचर ब्रिज के पास यह एक्शन हुआ। हत्या और हत्या की कोशिश के मामले में पुलिस को आरोपी की तलाश थी। गिरफ्तार बदमाश का नाम उमर बताया गया है। वह चौहान बांगर एरिया का रहने वाला है और कई मामलों में शामिल रहा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी उमर के बारे में इनपुट मिला था। इसके बाद संभावित जगह पर ट्रैप लगाया गया। बाइक पर आते संदिग्ध को रुकने का इशारा किया गया। लेकिन बाइक सवार ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में उमर के दाहिने पैर में गोली लगी। उसे जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया गया। इलाज के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से 7.65 एमएम की पिस्टल बरामद हुई। उसके पिस्टल से दो गोली निकली और दो राउंड बाकी थे। पुलिस ने एक राउंड गोली चलाई। दरअसल सीलमपुर एरिया में 9 मार्च की रात अरबाज (24) की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उसके सीने, पेट पर कई गोलियां मारी गई थी।

### रिक्शा में बैठकर 36 लाख के हीरे चुराने वाली पकड़ी

**नई दिल्ली।** मध्य जिले की करोली बाग पुलिस ने लगभग 36 लाख कीमत के हीरे चुराने वाली महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला का नाम 40 वर्षीय ज्योति बताया गया है। यह मामला 12 मार्च को पुलिस के सामने आया था। डीसीपी एम हर्षवर्धन के अनुसार शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसका हीरे से भरा बैग चोरी हो गया है। घटना के समय वह रिक्शा से यात्रा कर गुरुद्वारा से करोल बाग मेट्रो स्टेशन जा रहे थे। पुलिस द्वारा केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। टीम ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। मुखबिरों की भी मदद केस में ली गई। इसके बाद शिकायतकर्ता के साथ साड़ी और घूंघट में यात्रा करने वाली महिला की पहचान की गई। आखिर में ज्योति निवासी भावनगर को गुजरात से अरेस्ट किया गया। पूछताछ करने पर उसने हीरे की चोरी में संलिप्तता कबूल ली। इसके बाद उसके घर से हीरे बरामद किये गये। महिला ने सह-आरोपियों के नाम रोशन उर्फ पावला और पिंकी बताया है। पुलिस दोनों की गिरफ्तारी के लिए प्रयासरत है।

### 'रन फॉर विकसित भारत' का आयोजन आठ को

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय और विकसित भारत अम्बेसडर क्लब के सामूहिक तत्वावधान में 8 मई को 'रन फॉर विकसित भारत' का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की रूप रेखा तय करने एवं सफल आयोजन के लिए गुरुवार को विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ विकास गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुई एक बैठक के बाद डीयू प्रशासन ने यह जानकारी दी। यहां कुलसचिव ने बताया कि इस दौड़ का आयोजन सुबह 7 बजे विश्वविद्यालय के गेट नंबर एक से होगा। दौड़ में विभिन्न कॉलेजों से करीब 5 हजार विद्यार्थी भाग लेंगे। गेट नंबर 4 से होते हुए इस 2.4 किलोमीटर लंबी दौड़ का समापन विश्वविद्यालय के खेल परिसर में होगा। बैठक के दौरान डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पंकज अरोड़ा, खेल निदेशक डॉ अनिल कुमार कलकल, डीन कल्चर काउंसिल प्रो. रविंदर और एनडीएमसी मेम्बर कुलजीत चहल सहित अनेकों पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# दिल्ली फार्मेसी काउंसिल में फर्जीवाड़े को लेकर एंटी करप्शन ब्रांच ने दर्ज की एफआईआर

## जाली सर्टिफिकेट वाले तीन कर्मचारियों का किया गया था रजिस्ट्रेशन सेक्शन ऑफिसर की शिकायत पर कार्रवाई

निर्देश तोमर ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली फार्मेसी काउंसिल में तीन लोगों के रजिस्ट्रेशन में फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। सेक्शन ऑफिसर अजय सचदेवा की शिकायत पर एंटी करप्शन ब्रांच द्वारा गुरुवार को फार्मासिस्ट और एक्स रजिस्ट्रार कुलदीप सिंह के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। विदित हो कि कुमार को काउंसिल पहले ही सस्पेंड कर चुकी है। एफआईआर में सेक्शन ऑफिसर अजय सचदेवा ने आरोप लगाया कि दिल्ली फार्मेसी काउंसिल के एक्स रजिस्ट्रार व फार्मासिस्ट कुलदीप सिंह के निलंबन के बाद फाइलों की जांच की गई तो तीन लोगों के रजिस्ट्रेशन




में फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। पूर्व रजिस्ट्रार कुलदीप ने तीन अभ्यर्थियों को फार्मेसी में रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट जारी किये थे। जबकि तीनों अभ्यर्थियों के दस्तावेज जाली थे। तीनों ने ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से फार्मासिस्ट के रूप में रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन किया था। कुलदीप सिंह ने उनके दस्तावेजों और सत्यापन रिपोर्ट को निलंबन का आदेश जारी होने के बाद रजिस्ट्रार कार्यालय में ताले में बंद कर रखा था। उन्होंने तीन माह से अधिक समय तक अगले अधिकारी को चार्ज भी सौंपने में देरी की। जिन तीन अभ्यर्थियों के दस्तावेज जाली पाये गये हैं, उनमें मोहम्मद मुज्जसिम निवासी संभल, यूपी का नाम शामिल है। उनका चमन सराय, संभल का सरकारी अस्पताल में ट्रेनिंग का सर्टिफिकेट जाली निकला। दूसरे अभ्यर्थी का नाम मदन दुबे है। इसका भी ट्रेनिंग सर्टिफिकेट जाली था। तीसरे अभ्यर्थी हीरा का बिहार बोर्ड ओपन स्कूलिंग का बारहवीं का सर्टिफिकेट जाली पाया गया।

## पुलिस की सोशल मीडिया पर प्रसारित अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील

# बम की अफवाह के अगले दिन कई स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति रही कम

एजेंसी/हरिभूमि ▶▶ नई दिल्ली



राजधानी करीब 200 स्कूलों में बम होने की अफवाह वाले ईमेल मिलने के एक दिन बाद शहर के शैक्षणिक संस्थानों में बच्चों की उपस्थिति कम देखी गई, वहीं प्राचार्यों ने भविष्य में ऐसी आपात स्थितियों के लिए निकासी योजनाओं की समीक्षा की। दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लगभग 200 स्कूलों को बुधवार को एक समान धमकी भरा ई-मेल प्राप्त हुआ था, जिसमें दावा किया गया कि उनके परिसर में विस्फोटक रखे गए हैं। इससे बड़े स्तर पर अफरा-तफरी मच गई, कक्षाओं में पढ़ाई रोक दी गई और घबराए हुए माता-पिता अपने बच्चों को लेने के लिए स्कूलों की ओर दौड़ पड़े।

कुछ स्कूलों के प्राचार्यों ने बताया कि कई स्कूल बृहस्पतिवार को सामान्य स्थिति में खुले लेकिन उन स्कूलों में भी उपस्थिति प्रभावित हुई है जहां ये धमकी भरे मिले नहीं गए थे। माउंट आबू स्कूल की प्रधानाचार्य ज्योति अरोड़ा ने कहा कि उन्होंने प्रत्येक मंजिल पर स्कूल की निकासी योजना की पुनःसमीक्षा की और आपदा प्रबंधन अधिकारियों को उनके लिए 'मॉक ड्रिल' और जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि बृहस्पतिवार को अनुपस्थिति अधिक थी। उन्होंने कहा कि मैंने माता-पिता से ऐसी स्थितियों में उनकी प्रतिक्रिया का आकलन करने का भी अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि कुछ माता-पिता स्कूल के द्वारों को धक्का दे रहे थे और कुछ अपने बच्चों को बाहर लाने पर जोर दे रहे थे। उन्होंने बताया कि मैंने उनसे (बच्चों के परिजनों) कहा कि मुझे 2,700 बच्चों की देखभाल करनी है। अरोड़ा ने कहा कि उस स्थिति में भी उन्होंने शिक्षकों से माता-पिता की आईडी की ठीक से जांच करने और उनके हस्ताक्षर लेने के बाद ही बच्चों को सौंपने के लिए कहा और बच्चों से अपने माता-पिता की पहचान की पुष्टि करने के लिए भी कहा गया। द्वारका में आईटीएल पब्लिक स्कूल की प्राचार्य सुधा आचार्य ने कहा कि माता-पिता अभी भी स्कूलों में अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। आचार्य ने कहा कि आज हमारी उपस्थिति प्रतिदिन के औसतन 95 से 97 प्रतिशत से गिरकर 85 प्रतिशत हो गई है। निश्चित रूप से माता-पिता अभी भी अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर भयभीत और चिंतित हैं। कल ही हमने माता-पिता को आश्वस्त किया था कि चिंता की कोई बात नहीं है। हमें अपनी आधिकारिक ईमेल आईडी पर कुछ भी नहीं मिला।

### स्थिति से मिलजुलकर निपटना होगा

सुधा आचार्य कुल 250 निजी स्कूलों के निकाय 'नेशनल प्रोग्रेसिव स्कूल कॉन्फ्रेन्स' की प्रमुख भी हैं। उन्होंने कहा कि अन्य स्कूलों के प्राचार्यों ने भी अपने यहां विद्यार्थियों की उपस्थिति कम होने की बात कही है। द्वारका स्थित जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल की प्राचार्य अनिता खोसला ने कहा कि अन्य सामान्य दिनों की तुलना में आज विद्यार्थियों की उपस्थिति 15-20 प्रतिशत कम है। अभिभावकों को समझना चाहिए कि घबराने से कुछ नहीं होगा। स्थिति से हमें मिलजुलकर निपटना होगा।

### बम की धमकी का मकसद सिर्फ दहशत फैलाना था: पुलिस

एक स्कूल में संदिग्ध वस्तु मिलने की सोशल मीडिया पर वायरल सूचना को पुलिस ने किया खारिज किया है। पुलिस ने सोशल मीडिया पर प्रसारित सूचनाओं पर ध्यान न देने की अपील भी जनता से की है। इसके साथ ही अभी तक की जांच में पुलिस को पता चला कि बम की धमकी का मकसद सिर्फ दहशत फैलाना था। पुलिस पीआरओ सुमन नलवा ने गुरुवार को बताया कि बुधवार शाम से कुछ ऐसे ऑडियो और मैसेज वायरल हुए, जिनमें कुछ स्कूलों में बम मिलने की बात कही गई। पुलिस का कहना है कि किसी स्कूल में कुछ नहीं मिला, वायरल ऑडियो मैसेज में कोई सच्चाई नहीं है। स्कूलों के अंदर बम प्लांट की धमकी देने वाले का मकसद दहशत पैदा कर सार्वजनिक व्यवस्था को बिगड़ना था। सुबह से लेकर दोपहर तक पुलिस समेत अन्य एजेंसियों को बम से जुड़ी सूचनाएं लगातार मिलती रहीं। हालांकि सघन जांच के बाद किसी भी स्कूल के अंदर कुछ नहीं मिला। इस मामले को लेकर स्पेशल सेल ने जो मुकदमा दर्ज किया है, उसमें यह बात लिखी गई है। स्कूलों में मची दहशत के बाद बुधवार शाम से ही व्हाट्सएप और दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मैसेज भेजे जाने लगे। कुछ ऑडियो वायरल हो गई जिनमें कुछ लोग दावा करते सुने गए कि कई स्कूलों में सच में बम मिले थे, जिन्हें जांच एजेन्सियों ने डिफ्यूज किया है। इन मैसेज का असर गुरुवार को देखने को मिला जब बहुत से परिजनों ने अपने बच्चों को स्कूल ही नहीं भेजा। पुलिस की बाकायदा, लोगों से अपील है कि वे इस तरह के मैसेज पर ध्यान न दें और ना ही उन्हें आगे फॉरवर्ड करें। जो लोग गलत अफवाह फैला रहे हैं, पुलिस उनका पता भी लगाने की कोशिश कर रही है।

## आबकारी नीति घोटाला

### सिसोदिया ने जमानत के लिए हाईकोर्ट पहुंचे

**नई दिल्ली।** पूर्व उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया ने कथित आबकारी नीति घोटाले के संबंध में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार और धन शोधन के मामलों में जमानत के लिए बृहस्पतिवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया। तत्काल सुनवाई के लिए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ के समक्ष याचिका का उल्लेख किया गया। अदालत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करने के लिए सहमत हो गई। पीठ ने कहा कि न्यायाधीश को फ़ाइल देखने दीजिए, इसे कल आने दें। सिसोदिया का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील रजत भारद्वाज और मोहम्मद इरशाद ने कहा कि याचिकाकर्ता एक विधायक है। उन्होंने अदालत से जमानत की मांग करने वाली दोनों याचिकाओं को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का आग्रह किया। सिसोदिया ने निचली अदालत के 30 अप्रैल के आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। निचली अदालत में दो मामलों में उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। निचली अदालत ने 2021-22 की आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं के संबंध में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार और धन-शोधन मामलों में सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी है।

### सुप्रीम कोर्ट का निलंबित अधिकारी की पत्नी को जमानत देने से इनकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को दिल्ली सरकार के निलंबित अधिकारी प्रेमोदय खाखा की पत्नी को जमानत देने से मना कर दिया। अधिकारी पर आरोप है कि उसने एक नाबालिग लड़की से कई बार बलात्कार किया और उसे गर्भवती कर दिया। न्यायमूर्ति सी. टी. रविकुमार और एस. वी. एन भट्टी की पीठ ने अधिकारी की पत्नी सीमा रानी की याचिका खारिज कर दी और कहा कि वह दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने की इच्छुक नहीं है, जिसने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। खाखा पर नवंबर 2020 और जनवरी 2021 के बीच एक नाबालिग लड़की से कई बार बलात्कार करने का आरोप लगाया गया है और अगस्त में गिरफ्तार होने के बाद से वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। पुलिस के मुताबिक, नाबालिग आरोपी के परिचित व्यक्ति की बेटी थी।इस मामले में रानी भी आरोपी है। उसने कथित तौर पर लड़की को गर्भावस्था समाप्त करने के लिए दवाएं दीं। महिला न्यायिक हिरासत में है। पीड़िता द्वारा अस्पताल में मजिस्ट्रेट के सामने अपना बयान दर्ज कराने के बाद दंपती को गिरफ्तार कर लिया गया।

# तिगड़ी: जिम ट्रेनर की हत्या के जुर्म में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने मार्च में दक्षिण दिल्ली के तिगड़ी इलाके में, हिंसक हमले में एक जिम ट्रेनर की हत्या के मामले में एक 18 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि दक्षिण दिल्ली के देवली इलाके के निवासी लक्ष्य को कथित तौर पर जिम ट्रेनर के पिता ने अपने बेटे की हत्या के लिए भाड़े पर लिया था। उन्होंने कहा कि किशोर अपराध करने के बाद से फरार था और उसे 26 अप्रैल को



मुंबई से गिरफ्तार किया गया था। 7 मार्च को शादी से एक दिन पहले, पेशे से जिम ट्रेनर गौरव पर तिगड़ी इलाके में लोहे की छड़ और कैंची से हमला किया गया था। जिम ट्रेनर को अस्पताल ले जाया गया जहां पहुंचने पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस उपायुक्त (अपराध) अमित गोयल ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि गौरव का पिता मुख्य साजिशकर्ता था। उसने संपत्ति विवाद के कारण अपने बेटे को मारने की अपनी साजिश में लक्ष्य, साहिल और अभिषेक नामक तीन लड़कों को शामिल किया था। उन्होंने कहा कि लक्ष्य की गिरफ्तारी के साथ ही सभी आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया गया हैं। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि हमे गुप्त सूचना मिली थी कि एक वांछित अपराधी लक्ष्य मुंबई में कहीं छिपा हुआ है। बाद में पता चला कि आरोपी लक्ष्य मुंबई से दिल्ली आ रहा है और यहां अपनी बहन से मिलेगा। 26 अप्रैल को एक अस्पताल के पास जाल बिछाकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।डी.सी.पी. ने कहा कि लक्ष्य ने खुलासा किया कि गौरव के पिता ने अपने बेटे को मारने के लिए 75,000 रुपये देने की पेशकश की थी। उन्होंने बताया कि लक्ष्य, साहिल और अभिषेक ने 6 और 7 मार्च की दरम्यानी रात को गौरव की हत्या की थी।

### कोरोना काल में पैरोल जंप करने वाला हत्यारोपी धरा

**नई दिल्ली।** 16 साल पहले हत्या केस में आजीवन कारावास की सजा पाने के बाद कोरोना काल में पैरोल मिला तो आरोपी फरार हो गया। अब दोबारा वह क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़ा है। आरोपी हेमंत उर्फ पंडित 12 साल जेल में सजा काट चुका है। डीसीपी अमित गोयल के अनुसार आरोपी राजस्थान के अलवर का रहने वाला है। इसने बबलू नाम के शख्स की नशे में 2008 में हत्या कर दी थी। यह नांगलोई थाना के आर्म्स एक्ट के मामले में भी शामिल रहा है। आजकल वह मंगोलपुरी इलाके में ई रिक्शा चला रहा था। साथ ही यह दूसरे ई रिक्शा ड्राइवरों से प्रोटेक्शन मनी वसूलता था। क्राइम ब्रांच की टीम को इस पैरोल जंपर का पता चला तो इसे बुध विहार से दबोच लिया गया।

## जल्द हल्की बारिश हो सकती है दर्ज

# मई में भी मौसम दे रहा है राहत, पारा सामान्य से नीचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



मई माह के बावजूद दिल्ली में इस समय मौसम बेहद राहत भरा बना हुआ है। मौसम की मेहरबानी का आलम यह है कि दिल्ली में अधिकतम पारा सामान्य से पांच डिग्री नीचे दर्ज हो रहा है, जिससे भीषण गर्मी से राहत मिली हुई है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान विभाग दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार गुरुवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 4 डिग्री नीचे 35.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं न्यूनतम तापमान भी खुलकर राहत दे रहा है। आईएमडी के अनुसार न्यूनतम तापमान 19.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य से 5 डिग्री नीचे है।

यही कारण है कि दिन व रात के तापमान में भारी गिरावट की वजह से दिल्ली वालों को कई दिनों से भीषण गर्मी से राहत मिली हुई है। आईएमडी का अनुमान है कि यह राहत बहुत जल्द गायब होने वाली है और तापमान 40 डिग्री व इससे भी ऊपर पहुंच सकता है। इसी बीच शनिवार को दिल्ली में हल्की बारिश भी देखने को मिल सकती है। वहीं दूसरी तरफ निजी मौसम विज्ञान कंपनी स्काईमेट वेदर का कहना है कि फिलहाल उत्तरी मैदानी इलाकों में असामान्य रूप से ठंडा तापमान होने के कारण लू चलने की संभावना नहीं दिख रही। प्री-मानसून सीजन के दौरान अब तक 40 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक तापमान बहुत ही कम मौके पर हुआ है। इसके विपरीत पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में अप्रैल के दौरान असामान्य रूप से हल्की ठंड बनी रही। कंपनी का कहना है कि अब मई महीने की शुरुआत भी हल्की ठंड के साथ ही हुई है। दिन और रात का तापमान सामान्य से काफी नीचे चला गया है। कंपनी का कहना है कि पूरे अप्रैल में इन भागों में गर्मी की भीषण लहर दर्ज नहीं की गई। पहाड़ों पर बारिश और बर्फबारी के लंबे और भारी दौर के कारण मौसम की ऐसी अजीब स्थिति पैदा हो गई है। बर्फ से ढकी चोटियों से, ढलानों से नीचे की ओर आने वाली ठंडी हवाओं ने सचमुच गर्मी की चुभन को कम कर दिया है। जबकि गत सालों इस समय भीषण गर्मी और लू देखी जाती रही है। वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ अब दूर चला गया है और पश्चिमी हिमालय साफ हो गया है। एक और प्रणाली बहुत जल्द आ रही है, जिसके पीछे अगले सप्ताह के अंत में एक और मौसम प्रणाली आने की संभावना है। हालांकि, मैदानी इलाकों में पारा बढ़ेगा। दिन और रात का तापमान कम रहेगा और पूरा क्षेत्र अगले एक सप्ताह तक अच्छे मौसम का आनंद मिलता रहेगा।

### सहपाठी ने छात्रा पर किया ब्लेड से हमला

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के गुलाबी बाग इलाके में 14 वर्षीय लड़की पर उसके साथ पढ़ने वाली छात्रा ने कथित तौर पर ब्लेड से हमला कर दिया, जिसकी वजह से पीड़िता के चेहरे पर 17 टांके लगाने पड़े। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस बीच, पीड़िता का परिवार घटना में शामिल छात्राओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा है। मामला बुधवार को तब सामने आया जब दिल्ली पुलिस ने घटना से जुड़ा कथित वीडियो वायरल होने पर स्वतः संज्ञान लिया। वीडियो में दिख रहा है कि एक छात्रा के चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुरुआत में हमें पता चला कि एक सरकारी स्कूल की कुछ छात्राओं के बीच परिसर के बाहर हाथापाई हुई है और उनमें से एक ने दूसरी छात्रा पर धार वाली चीज से हमला कर दिया। पुलिस ने कहा कि पीड़िता के मुताबिक वह 29 अप्रैल को अपनी सहपाठियों के साथ पूर्वाह्न करीब 11.20 बजे भोजन कर रही थी,तभी कुछ लड़कियों ने उसकी सहेली का टिफिन छीन लिया और भाग गईं। पीड़िता ने बताया कि मेरी सहेली ने उनसे टिफिन वापस करने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने हमारे साथ दुर्व्यहार करना शुरू कर दिया। पीड़िता ने कहा कि स्थिति को शांत करने की कोशिश करते समय उनके बीच बहस शुरू हो गई और इसी दौरान एक छात्रा ने उस पर ब्लेड से हमला कर दिया। इस बीच, पीड़िता के परिवार ने आरोप लगाया कि घटना के बाद स्कूल की ओर से किसी ने भी उनकी बेटी की मदद नहीं की। पीड़िता की मां ने आरोप लगाया कि मेरी बेटी के चेहरे पर 17 टांके लगे हैं।

### आठ लाख एमसीडी छात्रों को नकद के बजाय वर्दी, कॉपी दें निगम प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले सभी आठ लाख छात्रों को शैक्षणिक सत्र 2024-25 में नकद/प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के बजाय वस्तु के रूप में वर्दी, नोटबुक और लेखन सामग्री प्रदान करने पर विचार कर ही है जबकि छात्रों के हित में यह उचित नहीं है। शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य करने वाले सामाजिक न्यायविद अशोक अग्रवाल ने निगम आयुक्त ज्ञानेश भारती को पत्र लिखकर उक्त निवेदन किया है। इसे लेकर उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने भी अपने स्कूलों में लेखन सामग्री वितरित करने की प्रकिया शुरू कर दी है। हम समझते हैं कि छात्रों को वर्दी, नोटबुक और लेखन सामग्री प्रदान करना छात्रों के सर्वोत्तम हित में है। अशोक अग्रवाल ने कहा कि यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि यदि ये वस्तुएं छात्रों को वस्तु के रूप में उपलब्ध नहीं कराई जाती हैं, तो यह देखा गया है कि माता-पिता बैंक खाते से पैसे निकाल लेते हैं और इसका उपयोग वर्दी, नोटबुक और लेखन सामग्री के अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए करते हैं जो प्रतिकूल है। वहीं, उन्होंने बताया कि एशिया के सबसे बड़े एमसीडी संचालित किंग्सवे कैंप स्थित आरबीटीबी अस्पताल को नई अल्ट्रासाउंड मशीन मिल गई है।

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला और 2 बच्चे (चित्र में दर्शायी गयी), जिसका नामः सब्बो पत्नी जाकिर, उम्रः 30 साल, (2) नामः समीर उम्रः 5 साल, (3) नामः आहिल उम्रः 2 साल 5 महीने, निवासी प्लॉट नंबर 74 सेक्टर. 4 आई ब्लॉक, डीएसआईडीसी बवाना दिल्ली जोकि 19.04.2024 को मुकेश नगर, राम लीला ग्राउंड, गली नंबर 5, बुद्ध विहार वाली गली, बंटी का मकान ज्वाला नगर दिल्ली से गुमशुदा है। इस बाबत DD No. 144A, दिनांक 22.04.2024 थाना विवेक विहार, दिल्ली में दर्ज है। महिला और 2 बच्चे का शारीरिक ब्योरा इस प्रकार है:
(1) कदः 5" फीट, रंगः गेहुँआ, चेहराः गोल, शरीरः मध्यम, पहनावाः सूट सलवार और पैरों में चप्पल पहने हुए. (2) रंगः गेहुंआ, शरीरः मध्यम, (3) रंगः नामालूम, शरीरः नामालूम.
किसी व्यक्ति को इस गुमशुदा महिला और 2 बच्चे के बारे में कोई भी जानकारी/सूचना मिले तो इसकी सूचना निम्नलिखित पर सूचित करने की कृपा करें ई-मेलः cic@cbi.gov.nic.in अथवा वेबसाइटः http://cbi.nic.in फोन नम्बरः 011-24368638 or 24368641.

थानाध्यक्ष
थाना विवेक विहार, दिल्ली
फोनः 7065036021

DP/4892/SHD/2024

**पहचान की अपील**



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसकी **आयु:** लगभग 25–30 वर्ष, **रंग:** सांवला, **कद:** 5'6", **चेहरा:** अण्डाकार, **शरीर:** पतला, जिसने पीले रंग की टी–शर्ट और गहरे नीले रंग की पैंट पहनी थी, जो अचेत अवस्था में बुकिंग हॉल नं. 1, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दोपहर 1:38 बजे मिला। इस संदर्भ में **डीडी नं. 26ए, दिनांक 24.04.2024 को थाना पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली** में दर्ज है।
यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते या फोन नंबरों पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली**
**फोन: 011-23961522, 8750871302**

DP/5074/Rly/2024

नई दिल्ली
शुक्रवार, 3 मई 2024
वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
दशमी वर्ष : 28, अंक : 22
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 40
न्यून. 27

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शुक्रवार 3 मई 2024

**सरकारी कर्मचारियों के वेतन में इजाफा**

## महंगाई भत्ते 25 फीसदी बढ़े 50 प्रतिशत पहुंचा डीए



**नई दिल्ली।** सरकारी कर्मचारियों का डीए 50 फीसदी होने पर 2 और भत्ते भी बढ़ गए है। केंद्र सरकार इस साल की शुरुआत में अपने कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए महंगाई भत्ता (डीए) बढ़ाकर 50% करने के बाद बच्चों की शिक्षा ▸▸ शेष पेज 5 पर

### जनवरी 2023 से यात्रा और पर्यटन क्षेत्र में दिहाड़ी नौकरियों में 14 फीसदी की वृद्धि

# यात्रा और पर्यटन क्षेत्र में तेज सुधार, आगामी 9 साल में देश में मिलेंगे 5.82 करोड़ रोजगार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश में यात्रा और पर्यटन क्षेत्र में 2033 तक 5.82 करोड़ रोजगार मिलने की उम्मीद है। दरअसल बीते कुछ वर्षों में इस क्षेत्र के बढ़ते तालमेल से देश में टियर-1 और टियर-2 शहरों में लगातार रोजगार सृजित हुआ है।

हालांकि कोरोना महामारी के दौरान वर्ष 2020 में पर्यटन क्षेत्र ने 3.9 करोड़ नौकरियां गंवाई थी जो देश के कुल कार्यबल का 8 प्रतिशत है। इसके बावजूद देश ने कोरोना महामारी से उबरकर दिखाया साथ ही साथ यात्रा और पर्यटन ▸▸ शेष पेज 5 पर

**अच्छी खबर**



**देश के टियर-1 और टियर-2 शहरों में लगातार हुआ रोजगार सृजन**




### 2023 में दीं 16 लाख अतिरिक्त नौकरियां

इस क्षेत्र ने कैलेंडर वर्ष 2023 में 16 लाख अतिरिक्त नौकरियां दी। जनवरी 2023 से यात्रा और पर्यटन क्षेत्र में दिहाड़ी नौकरियों में 14 फीसदी की वृद्धि हुई है। इसमें ट्रांसलेटर, फोटोग्राफर, टूर गाइड जैसे पद शामिल है। अगले 2 वर्षों में इस क्षेत्र की नौकरियों में 20 फीसदी तक की वृद्धि की उम्मीद है।

### पर्यटकों को शीर्ष पांच राज्यों ने किया सबसे ज्यादा आकर्षित

घरेलू पर्यटकों को आकर्षित करने वाले शीर्ष पांच राज्यों में उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र शामिल हैं। इस क्षेत्र में दिल्ली एनसीआर, मुंबई, बेंगलुरु, पुणे और कोच्चि में सबसे ज्यादा नौकरियां मिलने की संभावना है। वहीं जयपुर, अहमदाबाद और चंडीगढ़ जैसे टियर-2 शहरों की भी अहम भूमिका होगी।







### गुजरात के आणंद में पीएम मोदी ने कहा- कांग्रेस और पाकिस्तान की पार्टनरशिप एक्सपोज

# यहां कांग्रेस मर रही है और पाकिस्तान वहां 'रो' रहा है

कांग्रेस के लिए अब पाकिस्तानी नेता दुआ कर रहे हैं। शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है। और कांग्रेस तो पाकिस्तान की मुरीद है ही।

देश ने 60 साल तक कांग्रेस का राज देखा है। अब देश ने 10 साल भाजपा का सेवाकाल भी देखा है। वो शासनकाल था, ये सेवाकाल है।



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को गुजरात के आणंद में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि यहां कांग्रेस मर रही है और पाकिस्तान वहां रो रहा है, कांग्रेस और पाकिस्तान की पाटनर्शिप एक्सपोज़ हो चुकी है। देश ने 60 साल तक कांग्रेस का राज देखा है। अब देश ने 10 साल भाजपा का सेवाकाल भी देखा है। वो शासनकाल था, ये सेवाकाल है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस के 60 साल में करीब 60% ग्रामीण आबादी के पास ▸▸ शेष पेज 5 पर

**कांग्रेस के शहजादे आजकल माथे पर संविधान रखकर नाच रहे**



### कांग्रेस सरकार 60 साल में करोड़ों गरीबों के बैंक खाते नहीं खोल पाई

प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि 60 साल में कांग्रेस ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया, बैंकों पर कब्जा कर लिया और ये कहा कि बैंक गरीबों के लिए होने चाहिए। बैंकों का राष्ट्रीयकरण गरीबों के नाम पर करने के बावजूद भी कांग्रेस सरकार 60 साल में करोड़ों गरीबों के बैंक खाते नहीं खोल पाई। मोदी ने 10 साल में 50 करोड़ से ज्यादा जनधन बैंक खाते खोले।

**कांग्रेस से पूछा...**

### क्यों 75 साल तक हिंदुस्तान के सभी हिस्सों पर ये संविधान लागू नहीं होता था?

पीएम मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस के शहजादे आजकल माथे पर संविधान रखकर नाच रहे हैं, लेकिन, कांग्रेस मुझे जवाब दे कि जिस संविधान को आज माथे पर रखकर नाच रहे हो, क्यों 75 साल तक हिंदुस्तान के सभी हिस्सों पर ये संविधान लागू नहीं होता था। आज भारत में कांग्रेस कमजोर हो रही है। मजा ये है कि यहां कांग्रेस मर रही है और वहां पाकिस्तान रो रहा है। कांग्रेस के लिए अब पाकिस्तानी नेता दुआ कर रहे हैं। शहजादे को पीएम बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है। कांग्रेस तो पाकिस्तान की मुरीद है ही।

### अब आतंक का टायर पंक्चर हो गया

पीएम मोदी ने कहा कि जितने साल हमारे देश में कांग्रेस सरकार रही पाकिस्तान का बड़ा हव्वा था। लेकिन अब आतंक का टायर पंक्चर हो गया है। जो देश कभी आतंकी एक्सपोर्ट करता था, अब आटे के इंपोर्ट के लिए दर-दर भटक रहा है, जिसके हाथ में बम गोला था, उसके हाथ में आज भीख का कटोरा है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की कमजोर सरकार आतंक के आकाओं को डोजियर देती थी। डोजियर का मतलब है फाइल पर सारी जानकारियों इकट्ठा करके देते थे। लेकिन मोदी की मजबूत सरकार ने डोजियर-वोजियर पर टाइम खराब नहीं किया। हम आतंकियों को घर में घुसकर मारते हैं।

### राहुल गांधी ने कहा-साल 2013 में पब्लिक सेक्टर में 14 लाख स्थायी पद थे, जो 2023 तक आते आते सिर्फ 8.4 लाख ही बचे

# आरक्षण हटाओ का मंत्र, न रहेगा बांस, न बजेगी बांसुरी



हम सभी युवाओं को भर्ती की गारंटी देते हैं। केंद्र में करीब 30 लाख खाली पदों को भरा जाएगा

सरकारी कामों को ठेके पर देकर रेलवे जैसे संस्थानों में नौकरियां बैक डोर से खत्म की जा रहीं

भाजपा सरकार अंधे निजीकरण से सरकारी नौकरियों को खत्म कर चुपके-चुपके दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों से आरक्षण छीन रही

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाने पर लिया है। उन्होंने आरक्षण को लेकर जमकर निशाना साधा है।

राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के आरक्षण हटाओ अभियान का मंत्र है- न रहेगा बांस, न बजेगी बांसुरी, मतलब न रहेगी सरकारी नौकरी, न मिलेगा आरक्षण। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अंधे निजीकरण से सरकारी नौकरियों को खत्म कर चुपके-चुपके दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों से आरक्षण छीन रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा कि साल 2013 में ▸▸ शेष पेज 5 पर

### 6 लाख पक्की नौकरियां सिर्फ पब्लिक सेक्टर से ही खत्म

राहुल गांधी ने भाजपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि बीएसएनएल, सेल, भेल जैसे टॉप पीएसयू को बर्बाद कर लगभग 6 लाख पक्की नौकरियां सिर्फ पब्लिक सेक्टर से ही खत्म कर दी गईं। उन्होंने कहा कि ये वही पद हैं जहां आरक्षण का लाभ मिलता है। सरकारी कामों को ठेके पर देकर रेलवे जैसे संस्थानों में जो नौकरियां बैक डोर से खत्म की जा रही हैं उनकी तो कोई गिनती ही नहीं है।

**खबर संक्षेप**

### पद्म पुरस्कार-2025 के लिए नामांकन शुरू

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस, 2025 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले देश के सर्वोच्च नागरिक



सम्मान पद्म पुरस्कार-2025 के लिए ऑनलाइन नामांकन 1 मई से शुरू हो गया है। पद्म पुरस्कारों के नामांकन की अंतिम तारीख 15 सितंबर, 2024 है। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन/सिफारिशें राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल awards.gov.in पर ऑनलाइन प्राप्त की जाएंगी। पोर्टल पर उपलब्ध प्रारूप उपलब्ध है।

### सविता पूनिया की जगह सलीमा टेटे कप्तान बनीं

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम में बड़ा बदलाव हुआ है। मिडफील्डर सलीमा टेटे को



अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया की जगह इस महीने के आखिर में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के बेल्जियम और इंग्लैंड चरण के लिए भारत की 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम का कप्तान चुना गया है। वहीं, नवनीत कौर को उपकप्तान बनाया गया है। सलीमा ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा- मुझे खुशी है कि टीम की कप्तानी दी।

### उम्मीदवारी का फैसला दोनों पर छोड़ा

## अमेठी से राहुल, रायबरेली से प्रियंका की चर्चा तेज, आज भर सकते हैं नामांकन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



लोकसभा चुनाव में तीसरे फेज की वोटिंग 7 मई को होनी है। लेकिन इन दिनों चर्चा पांचवें फेज (20 मई) में मतदान वाले 2 सीटों को लेकर हो रही है। कांग्रेस की गढ़ माने जाने वाले उत्तर प्रदेश की अमेठी और रायबरेली सीट में नामांकन की डेडलाइन शुक्रवार दोपहर 3 बजे खत्म हो रही है। कांग्रेस ने अपने ही गढ़ की 2 सीटों के लिए अभी तक पत्ते नहीं खोले हैं। सूत्रों की मानें तो कांग्रेस लीडरशिप ने अमेठी और रायबरेली से उम्मीदवारी का फैसला राहुल गांधी, प्रियंका गांधी पर छोड़ दिया है। कांग्रेस के शीर्ष सूत्रों के मुताबिक, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी दोनों से चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की है। खरगे ने संकेत दिया है कि अमेठी और रायबरेली ▸▸ शेष पेज 5 पर

### राष्ट्रपति जो बाइडेन ने उगला जहर

## जेनोफोबिया ने भारत के 'विकास' को रोक लिया

भारत, चीन, रूस और जापान जैसे देशों का नाम लिया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि जेनोफोबिया ने भारत, चीन, रूस और जापान जैसे देशों के विकास को रोक दिया है, जबकि अप्रवासियों ने संयुक्त राज्य अमेरिका को मजबूत बनाया है।

जो बाइडेन ने कहा कि चीन आर्थिक रूप से इतनी बुरी तरह क्यों रुक रहा है, जापान को क्यों परेशानी हो रही है, रूस और भारत में ऐसा हाल क्यों है, क्योंकि वे जेनोफोबिया हैं। वे अप्रवासी नहीं चाहते। अप्रवासी ही हमें मजबूत बनाते हैं। बाइडेन राष्ट्रपति चुनाव की कैंपेनिंग शुरू कर चुके ▸▸ शेष पेज 5 पर

## चार धाम यात्रा 10 मई से शुरू होने वाली है...



**बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने में मात्र 11 दिन शेष**

### चार धाम की यात्रा से पहले बर्फबारी बर्फ की चादर से ढका बद्रीनाथ धाम

**देहरादून।** चार धाम यात्रा 10 मई से शुरू होने वाली है, जिसके लिए अब तक लाखों लोग रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं. वहीं फिलहाल बर्फबारी के चलते बद्रीनाथ धाम की खूबसूरती और बढ़ गई है। बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने में मात्र 11 दिन शेष रह गए हैं। लेकिन, धाम में अभी भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है और बर्फबारी हो रही है, जिस से मास्टर प्लान के कार्य प्रभावित हो ▸▸ शेष पेज 5 पर

### गुजरात के साबरकांठा की घटना

होम थिएटर साउंड सिस्टम का ऑर्डर दिया था

## ऑनलाइन पार्सल को खोलते वक्त विस्फोट, दो की मौत

एजेंसी ▸▸ साबरकांठा

गुजरात के साबरकांठा में ऑनलाइन से मंगाए गए पार्सल में विस्फोट से दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मरने वाले लोगों की पहचान पिता-पुत्री के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि ऑनलाइन के जरिए आया हुआ पार्सल खोलते वक्त फट गया। विस्फोट में घायल लोगों को हिम्मतनगर सिविल अस्पताल ले जाया गया गया है जहां पर उनका इलाज चल रहा है। ब्लास्ट में एक शख्स की दो बेटियां, एक 9 साल की और दूसरी 10 साल गंभीर रूप से घायल हो गईं। जबकि जितेंद्र हीराभाई वंजारा नाम के शख्स की मौत हो गई। जितेंद्र की बेटी भूमिका वंजारा की भी मौत हो गई। साबरकांठा के



वडाली तालुका के वेदा छावनी गांव में जीतेंद्रभाई हीराभाई वंजारा के नाम से एक पार्सल आया। उन्होंने होम थिएटर साउंड सिस्टम का ऑर्डर दिया था जो खुलते ही फट गया। विस्फोट में 30 वर्षीय जीतूभाई वंजारा और उनकी 14 वर्षीय बेटी ▸▸ शेष पेज 5 पर

### राजनैतिक विश्लेषक श्रवण गर्ग से 'हरिभूमि और आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'चुनावी संवाद'

# पहले जेल से बाहर निकलते हुए लोग चुनाव लड़ रहे थे, पर अब लोग चुनाव लड़ते हुए जेल जा रहे हैं, चुनाव है पर दिख नहीं रहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

तकरीबन 6 दशक तक सार्वजनिक जीवन जीने वाले श्रवण गर्ग अपनी पत्रकारिता में मुखरता के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने 1957 से हो रहे चुनाव को नजदीक से देखा और समझा है।

वे मानते हैं कि इस बार का लोकसभा ▸▸ शेष पेज 5 पर

**inh न्यूज विशेष**

### ये भी बोले ?

- व्यक्तिगत रूप से भाजपा के लिए मोदी ड्राइविंग फोर्स हैं
- जब आप 4 जून को विपक्ष के सभी पार्टों को असेंबल करेंगे, तब पता चलेगा कि क्या प्रोडक्ट बना है?
- भाजपा ने नीतीश कुमार को साथ लेकर बड़ी गलती की, यह अब सिद्ध हो रहा है



### उनसे सीधी बात

**सवालः** अपने कई चुनाव देख लिए हैं। यह लोकसभा चुनाव पहले जैसा है या उससे अलग?

**जवाबः** बिल्कुल अलग है। चुनाव है पर दिख नहीं रहा। 77 के बाद से देख रहा हूं कि यह ऐसा पहला चुनाव है कि कुछ समझ में ही नहीं आ रहा है। वो एक फिजीकल चुनाव था, क्योंकि जेल से बाहर निकलते हुए लोग चुनाव लड़ रहे थे। लेकिन इस समय ऐसा चल रहा है कि लोग चुनाव लड़ते हुए जेल जा रहे हैं। यह फर्क ▸▸ शेष पेज 5 पर

# वर्षा जल संचयन के लिए नगर निगम करेगा दस तालाबों का जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

वर्षा जल संचयन के लिए नगर निगम 10 तालाबों का जीर्णोद्धार करेगा। जिसके लिये नगर निगम ने कवायद शुरू कर दी है। इसी क्रम में नगर निगम के अधिकारियों ने तालाबों का निरीक्षण किया। नगर निगम आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बताया कि नगर निगम द्वारा तालाबों की सफाई को लेकर अभियान के रूप में कार्य प्रारंभ कर दिया है ।

जिसमें मानसून से पहले शहर के कई तालाबों को व्यवस्थित किया जा सके। इसमें तालाबों के जीर्णोद्धार का कार्य भी प्रमुखता से कराया जा रहा है। 10 तालाबों को पूर्ण रूप से सुव्यवस्थित कराया जाएगा। जिसके लिए उपकरणों के माध्यम से तालाबों की सफाई का कार्य चल रहा है। अधिकारियों द्वारा भी मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि अमृत योजना के क्रम में तथा सीएसआर फंड से तालाबों की सफाई व्यवस्था को बेहतर करने का कार्य चल रहा है। अभी तक लगभग 10 तालाबों को चयन करते हुए कार्य प्रारंभ कराया गया है। जिसमें पक्का तालाब, नायफल का तालाब, सदरपुर का तालाब, मोरटा का तालाब व्यवस्थित कराया जा रहा है।

**नगर निगम आयुक्त ने दिए समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश**

नगर निगम 10 तालाबों का जीर्णोद्धार करेगा। जिसके लिए नगर निगम ने कवायद शुरू कर दी है। इसी क्रम में नगर निगम के अधिकारियों ने तालाबों का निरीक्षण किया।

सीएसआर फंड से चल रहा है तालाबों की सफाई का काम



### एक करोड़ से अधिक की राशि होगी खर्च

इनमें डी वाटरिंग तथा जलकुंभी निकालने का कार्य किया जा रहा है। उपकरणों के माध्यम से तथा मैन्युअल भी सफाई व्यवस्था को बेहतर किया जा रहा है। लगभग 1 करोड़ 76 लाख की लागत से कार्य पूरा कराया जाएगा जिसमें तालाबों की सफाई बिल्कुल खाली कराकर की जाएगी। प्रकाश की उचित व्यवस्था बैठने की व्यवस्था के साथ-साथ घूमने फिरने के लिए फुटपाथ की व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया जाएगा। लगभग 2 जून तक चारों तालाबों का कार्य पूर्ण करने के निर्देश टीम को दिए गए हैं । कार्य की रफ्तार बढ़ाने के लिए भी कहा गया है । जीएम जल केपी आनंद ने बताया कि दुहाई स्थित दो तालाब तथा अवंतिका स्थित तालाब पर कार्य तेजी से चल रहा है, महरौली, बयाना सिकरोड का तालाब भी व्यवस्थित कराया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### बिना पंजीयन यतीमखानों पर होगी कार्यवाही




**फरीदाबाद।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने बताया कि फरीदाबाद में चल रहे सभी यतीमखानों व संस्थाओं का किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 41 (1) के अंतर्गत पंजीयन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अगर कोई यतीमखाना या संस्था बिना पंजीयन चल रही है तो जुवेनाइल जस्टिस एक्ट 2015 की धारा 42 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यतीमखाना व संस्था पंजीकरण के लिए बाल संरक्षण अधिकारी के कार्यालय में सशुल्क संपर्क कर सकते हैं।

### नामांकन करने से 1 दिन पहले खुलवाएं बैंक खाता



**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के जारी दिशा निर्देशों के अनुसार लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने से एक दिन पहले प्रत्याशी को नया बैंक खाता खुलवाना अनिवार्य है। नामांकन के दौरान बैंक अकाउंट की जानकारी देनी होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी उम्मीदवारों से अनुरोध करते हुए कहा कि इससे चुनाव व्यय की निगरानी की सुविधा होगी। चुनाव खर्च के ब्योरे के लिए प्रत्येक प्रत्याशी के लिए यह आवश्यक है।

### दहेज के मुकदमे में फरार चल रही महिला गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** थाना शहर बल्लभगढ़ प्रबंधक महेन्द्र सिंह की टीम ने दहेज के मुकदमे में वर्ष 2005 में भगोड़ा घोषित हुई महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को घर से काबू किया है। महिला के खिलाफ 2004 दहेज का मुकदमा दर्ज था। जिसमें महिला को वर्ष 2005 में पीओ घोषित किया गया था। महिला के साथ अन्य दो आरोपियों के नाम भी शामिल है जिसमें हमीद व हमीद की पत्नी अंजनी (गिरफ्तार महिला के माता पिता हैं) का नाम शामिल है। अन्य दोनों आरोपियों की मृत्यु हो चुकी है। पीड़िता के पति को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

भाजपा प्रत्याशी के लिए गांव अमीपुर में ढोल-नगाड़ों के साथ ग्रामीणों ने की जनसभा

# मोदी सरकार के कार्यकाल में 25 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर आ गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं भाजपा उम्मीदवार कृष्णपाल गुर्जर ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस के पास न नीति, न नियत और न नेता है। 2014 से पहले कांग्रेस के राज में लाखों करोड़ का घोटाले हो रहे थे और कांग्रेस के नेता भ्रष्टाचार में लिप्त थे जिससे देश की जनता गरीब होती जा रही थी। 2014 के बाद जब से नरेन्द्र मोदी के हाथ में सत्ता आई है उन्होंने अर्थव्यवस्था को चोटी पर पहुंचाने के काम किया, जिससे जनता मजबूत हुई और देश के 25 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर आए। गुर्जर तिगांव विधानसभा के गांव अमीपुर में आयोजित भव्य स्वागत समारोह में उपस्थित भारी भीड़ को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान ग्रामीणों ने भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर का अभिवादन किया और उन्हें भारी मतों से जिताकर तीसरी बार संसद में भेजने का भरोसा दिलाया।

समारोह में अमीपुर और आस पास के गांवों की सरदारी और बुजुर्गों ने कृष्णपाल गुर्जर को सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर उन्हें विजयश्री का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के संयोजक जिला पार्षद संदीप भाटी गुर्जर के नेतृत्व में गांव के युवाओं ने ढोल नगाड़ों की थाप पर उन्हें कंधों पर बैठाकर समारोह स्थल तक लाया गया।

कांग्रेस के नेता भ्रष्टाचार में लिप्त थे जिससे देश की जनता गरीब होती जा रही थी। 2014 के बाद जब से नरेंद्र मोदी के हाथ में सत्ता आई है उन्होंने अर्थव्यवस्था को चोटी पर पहुंचाने के काम किया, जिससे जनता मजबूत हुई और देश के 25 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर आए।

**खास बातें**

- गुर्जर को तीसरी बार संसद में भेजने का भरोसा दिलाया
- फरीदाबाद की कनेक्टिविटी के लिए हाईवे और एक्सप्रेसवे बनाए



### 10 वर्षों में हुआ देश में अभूतपूर्व विकास कार्य, प्रफुल्लित है जनता

भाजपा उम्मीदवार कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि भाजपा ने 2014 चुनाव के लिए मोदी को देश के प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया तो कांग्रेस ने कहा कि चाय बेचने वाला एक गरीब का बेटा देश का प्रधानमंत्री नहीं बन सकता और 2014 में जनता ने उसी गरीब के बेटे को वोट देकर सत्ता सौंपी। मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश का अभूतपूर्व विकास हुआ, जिससे देश प्रफुल्लित है और जनता ने तय कर लिया है कि मोदी को तीसरी बार सत्ता सौंपनी है। गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद की कनेक्टिविटी के लिए हमने नए-नए हाईवे और एक्सप्रेसवे बनाने का काम किया। दिल्ली-फरीदाबाद-वडोदरा मुंबई एक्सप्रेस वे का निर्माण करवाया। 1600 करोड़ की लागत से जेवर एक्सप्रेसवे बनाया जायेगा, जिससे 30 मिनट में जेवर पहुंच जायेंगे। फरीदाबाद, नोएडा, गाजियाबाद हाईवे बनने के बाद नोएडा 5 मिनट और गाजियाबाद 25 मिनट में पहुंच सकेंगे। 20 मिनट में सराय काले खां और 1 घंटे में मेरठ पहुंच जाएंगे।

### तिगांव से ज्यादा वोटों से जिताकर गुर्जर को संसद भेजने का लिया संकल्प

इस दौरान ग्रामीणों ने गुर्जर को विश्वास दिलाया कि वह स्वयं कृष्णपाल गुर्जर बनकर लोगों को जागरुक करेंगे और उन्हें पिछले बार से भी ज्यादा वोटों से तिगांव क्षेत्र से जिताकर भेजेंगे।

पूर्व मंत्री हर्ष कुमार ने जजपा छोड़ी

# कांग्रेस प्रत्याशी की जीत का किया दावा समर्थकों के साथ बैठक के बाद ऐलान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह को आज उस समय बड़ा बल मिला जब हरियाणा के पूर्व मंत्री चौधरी हर्ष कुमार ने जिले में जजपा को अलविदा कह कांग्रेस प्रत्याशी को अपना खुला समर्थन देने का ऐलान कर दिया। जजपा छोड़ने का ऐलान उन्होंने अपने हजारों कार्यकर्ताओं की बुलाई गई बैठक में किया। जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी चौधरी महेंद्र प्रताप सिंह के पुत्र विवेक प्रताप सिंह भी विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने उपस्थित लोगों के बीच कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी चौधरी महेंद्र प्रताप सिंह को सच्चा जन सेवक बताते हुए अपने समर्थकों से शुक्रवार को पूर्व मंत्री महेंद्र प्रताप सिंह के फरीदाबाद में होने वाली नामांकन सभा में भी भारी संख्या में पहुंचने की अपील की। इस मौके पर कार्यकर्ता बैठक की अध्यक्षता डागर पाल के प्रधान धर्मबीर ने की वहीं कार्यक्रम में पलवल, होडल व हथीन से काफी संख्या में जजपा समर्थक मौजूद थे।

### दुष्यंत पर खुलकर किया आरोपों की बौछार

पूर्व मंत्री चौधरी हर्ष कुमार दुष्यंत चौटाला पर खुलकर आरोपों की बौछार की। उन्होंने कहा कि दुष्यंत चैटाला लोगों की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप को एक जन सेवक की संज्ञा दी तथा कहा कि महेन्द्र प्रताप सिंह के परिवार से उनके पुराने राजनीतिक रिश्ते हैं।

### भाजपा प्रत्याशी को आड़े हाथों लिया

उन्होंने भाजपा प्रत्याशी केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि दस वर्ष के कार्यकाल के दौरान विकास कार्य नहीं किए, बल्कि जो लोग काम कराने जाते थे। उन्हें काम करने की बजाए यह कहकर भगा देते थे कि आपने मुझे नहीं मोदी को वोट दिया। जिस कारण लोगों में भाजपा प्रत्याशी के प्रति गहरी नाराजगी है। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप की जीत का दावा करते हुए कहा कि इस बार झूठ-लूट व भ्रष्टाचार को वोट की चोट से जवाब देने का अब सही वक्त आ गया है और जनता सही अंहकार को सबक सिखाएगी।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

# मुरादनगर में नमाज अदा करते वक्त हार्ट अटैक से बुजुर्ग की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



मुरादनगर की आदर्श कॉलोनी की छप्पर वाली मस्जिद में नमाज अदा करते समय एक 70 वर्षीय बुजुर्ग की अचानक मौत हो गई।

जिस वक्त बुजुर्ग की मौत हुई उस समय वह दुआ मांग रहे थे। बुजुर्ग की अचानक मौत का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हाजी हनीफ बुधवार शाम को कॉलोनी की ही छप्पर वाली मस्जिद में नमाज अदा करने के लिए गए थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि हाजी हनीफ मस्जिद में अकेले बैठकर ही नमाज अदा कर रहे थे। इसी बीच बुजुर्ग अचानक पीछे को गिर गए। पीछे के गिरने के बाद मस्जिद परिसर में हड़कंप मच गया। आसपास के लोग तुरंत उन्हें उठाकर स्थानीय अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पूरी घटना मस्जिद परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। परिजनों का कहना है कि हार्ट अटैक से बुजुर्ग की मौत हुई है।

केस को कमजोर करने के लिए मांगे थे पैसे

# एसीबी ने 5 हजार की रिश्वत लेते सुरक्षा अधिकारी को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) टीम ने निजी कंपनी में कार्यरत सुरक्षा अधिकारी अंकित को पांच हजार रुपए की रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार किया है।

एसीबी के प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता के बेटे पर गुरुग्राम में मामला दर्ज था। निजी कंपनी में कार्यरत सुरक्षा अधिकारी अंकित ने शिकायतकर्ता को प्रलोभन दिया कि वह पुलिस अधिकारी से सांठ गांठ करके विपरीत पक्ष के केस को कमजोर करवा देगा। जिसका लाभ शिकायतकर्ता के बेटे को मिलेगा। इसके लिए आरोपी ने शिकायतकर्ता से पांच हज़ार की रिश्वत की मांग की। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने सूचना के आधार पर आरोपी को पकड़ने के लिए योजना बनाई और तथ्यों की जांच पड़ताल करते हुए आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की। आरोपी के खिलाफ गुरुग्राम के एंटी करप्शन ब्यूरो पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करते हुए उसकी गिरफ्तारी की।

कुणाल ने अपनी उपलब्धि के लिए माता-पिता की सराहना की

# यूपीएससी में परचम लहराने वाले कुणाल रस्तोगी को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



यूपीएससी 2023 परीक्षा में अखिल भारतीय रैंक 15 प्राप्त करने वाले कुणाल रस्तोगी को राऊज आईएएस स्टडी सर्कल ने सम्मानित किया। सम्मान समारोह में रिटायर्ड आईपीएस बीएल वोहरा की उपस्थिति में कुणाल के पिता पुनीत रस्तोगी को भी सम्मानित किया गया। शाखा प्रमुख डीपी सिंह ने कुणाल रस्तोगी को सम्मानित किया। रिटायर्ड आईपीएस बीएल वोहरा के पूर्व सहयोगी रहे आईपीएस अधिकारी पुनीत रस्तोगी अपने बेटे को मिले इस सम्मान से बेहद अभिभूत थे। कुणाल ने अपनी उपलब्धि के लिए अपने माता-पिता एवं शिक्षकों की सराहना की। उन्होंने बताया कि कैसे कैसे एक नए अभ्यर्थी को जल्दी शुरुआत करनी चाहिए और अच्छी तरह से एक संरचित अध्ययन योजना बनानी चाहिए।

उन्होंने का उल्लेख करते हुए बताया कि समसामयिक घटनाक्रम जैसे बड़े तथा महत्वपूर्ण विषयों को कवर करने में इन्होंने एक अहम भूमिका निभाई। राऊज आईएएस स्टडी सर्कल के सीईओ अभिषेक गुप्ता ने कुणाल रस्तोगी और उनके परिवार को शुभकामना देते हुए कहा कि यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 में अखिल भारतीय रैंक 15 प्राप्त करने में कुणाल की उल्लेखनीय उपलब्धि उनके परिश्रम, समर्पण एवं असाधारण बुद्धि का प्रमाण है। हमें उनकी इस यात्रा का एक हिस्सा होने पर बेहद गर्व है ।

पैसे कमाने के तरह-तरह की तरकीबे बताकर करते हैं ठगी

# महिला विरुद्ध अपराधों, साइबर कानून व नशे के दुष्परिणाम के बारे में किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

डीसीपी सेन्ट्रल जसलीन कौर के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत खेड़ी पुल थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेन्द्र सिंह ने टीम के साथ खेड़ी रोड़, इन्द्रा कम्पलेक्स में लोगों को साइबर फ्रॉड, महिला विरुद्ध अपराध एवं नशे के दुष्परिणाम के बारे ने जागरुक करते हुए जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि डीसीपी सेंट्रल के दिशा निर्देश के तहत सेन्ट्रल जोन में खेड़ी पुल पुलिस टीम ने लोगों को विभिन्न सामाजिक मुद्दों के बारे में बताया।



साइबर अपराधी शेयर मार्केट में निवेश करवाने के नाम पर आमजन के साथ ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। साइबर फ्रॉड मुख्यत लालच के कारण होता है साइबर ठग, पीड़ित को तुरंत कम रेट पर लोन देने का वादा करते है, शेयर मार्केट में मुनाफे के नाम पर, विदेश भेजने के नाम पर, लैप्स बीमा पॉलिसी का फुल रिटर्न दिलाने के नाम पर, टास्क पूरा करने के नाम पर, क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़वाने के नाम पर, लॉटरी लगवाने के नाम पर फ्रॉड किया जाता है।

बाल विवाह को रोकने चलाया जागरूकता अभियान

# सामाजिक व स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी हेमा कौशिक की अध्यक्षता में महिला एंव बाल विकास विभाग व आंगनवाडी वर्करो की संयुक्त बैठक का आयोजन एनआईटी ब्लाक 1 व एनआईटी ब्लाक 2 में किया गया। उन्होंने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अन्तर्गत बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है तथा बाल विवाह में प्रतिभाग करने वाले व्यक्तियों पर भी कानूनी कार्यवाही का प्रावधान किया गया है। किसी भी बालिकाएं जिसने अपनी आयु 18 वर्ष पूर्ण न की हो एवं किसी भी बालक, जिसने अपनी आयु 21 वर्ष पूर्ण न की होए का विवाह कराया जाना प्रतिबंधित है। हेमा कौशिक द्वारा बैठक में प्रतिभागी सभी को बाल विवाह रोकथाम हेतु आस-पास के आमजन को जागरूक करने बारे निर्देश दिए।

### बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 व दंड पर की खुलकर चर्चा



फरीदाबाद जिले के महिला एवं बाल विकास विभाग ने बाल विवाह को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान के तहत समाज को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है और इसके नुकसानों पर ध्यान दिलाया जा रहा है। बाल विवाह के अंधाधुंध सामाजिक, मानसिक और आर्थिक प्रभाव होते हैं और यह विकास के मार्ग को रोकता है। इस अभियान के माध्यम से, हम सभी लोगों को बाल विवाह के खिलाफ एक साथ आवाज उठाने और समाज में संजीवनी बोते जाने का संदेश देना चाहते हैं। इस अभियान में विभिन्न क्षेत्रों के स्कूलों, कॉलेजों, गांवों और शहरों में जागरूकता शिविर, सेमिनार और कार्यशालाएं आयोजित की गईं। साथ ही, सामाजिक संगठनों को भी समाहित किया गया ताकि उन्हें भी इस अभियान में सहयोग करने का मौका मिले। महिला एवं बाल विकास विभाग का उद्देश्य यह है कि हम समाज में बाल विवाह के खिलाफ संजीवनी और संचेतना का वातावरण बनाए रखेंए ताकि हम सभी मिलकर इस बुराई का मुकाबला कर सकें। उन्होंने आमजन से अनुरोध करते हुए कहा कि यदि उनके संज्ञान में ऐसा कोई विवाह आता है तो वे इस बारे में तत्काल हेल्पलाइन नं. 112, महिला एवं बाल विकास हेल्पलाइन नं. 181 या स्थानीय पुलिस स्टेशन पर सूचना दें।

### नामांकन कार्यक्रम में पहुंचे राजस्थान के सीएम भजनलाल एवं केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी

# भाजपा प्रत्याशी कमलजीत ने नामांकन पत्र किया दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भाजपा कार्यकर्ताओं, नागरिक एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में गुरूवार को पश्चिमी दिल्ली संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कमलजीत सहरावत ने डीएम कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने से पहले प्रत्याशी घर से निकलते ही सबसे पहले अपने आवास, अंबराही गांव स्थित एक मंदिर में पहुंची और यहां पूजा-अर्चना कर भगवान से आशीर्वाद लिया। इसके बाद वह विकासपुरी स्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पहुंची। प्रदेश भाजपा से मिली उक्त जानकारी के अनुसार इस नामांकन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, समर्थक नजर आए। वहीं, बताया गया कि नामांकन समारोह रोड शो के दौरान एक खुले रथ में केंद्रीय मंत्री सरदार हरदीप सिंह पुरी, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, दिल्ली प्रदेश के लोकसभा चुनाव प्रभारी ओमप्रकाश धनखड़, राष्ट्रीय मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा और भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा सहरावत के साथ रहे।




### गत दस साल में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए : पुरी

केंद्रीय मंत्री सरदार हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि पश्चिम दिल्ली संसदीय क्षेत्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के देशव्यापी विकास का प्रतिबिम्ब है जहां गत दस साल में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि द्वारका में बने यशोभूमी परिसार, खेल स्टेडियम, यूईआर- 2 सड़क परियोजना आदि विकास कार्य दर्शाते हैं किस तरह के विश्व स्तरीय विकास से मोदी सरकार ने पश्चिम दिल्ली को जोड़ा है।

### नामांकन जुलूस भाजपा का विजय परचम फहरा रहा : भजनलाल

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मेट्रो से आकर कमलजीत सहरावत की इस नामांकन यात्रा के बीच में शामिल हुए और उन्होंने कहा कि आज का यह नामांकन जुलूस ऐतिहासिक है और भाजपा का विजय परचम फहरा रहा है। भजनलाल ने कहा कि आज देश के लोग प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम एवं काम में विकास की गारंटी देख रहे हैं और इसलिए सारे देश में मतदाताओं में भाजपा के प्रति अभूतपूर्व उत्साह है।

### सर्व समाज विजय करेगा सुनिश्चित : धनखड़

ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि दिल्ली एवं हरियाणा सहित पूरे भारत में भाजपा ने कमलजीत सहरावत जैसे सेवा कार्य पुरोधा को नामांकित करने की चर्चा है और दिल्ली का सर्व समाज खासकर महिलाएं उनकी विजय सुनिश्चित करेंगी। वहीं, वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि भाजपा प्रत्याशी कमलजीत सहरावत ने एक महापौर के रूप में पूरी पश्चिम दिल्ली में विकास करवाया और अब वह अगले पांच साल एक सांसद के नाते राजौरी गार्डन से नजफगढ़ तक और हरि नगर से विकासपुरी तक विकास कार्य लेकर आएंगी।

### सभी का आशीर्वाद और समर्थन मेरे साथ : सहरावत

नामांकन के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कमलजीत सहरावत ने कहा कि इस सहयोग और स्नेह से उनका आत्म बल बढ़ा है। इस रोड शो में जिस तरह से कार्यकर्ता और मतदाताओं का जोश और उत्साह दिखा, उससे यह निश्चित है कि सभी का आशीर्वाद और समर्थन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सिपाही कमलजीत सहरावत के साथ है।

### कुल चार दिनों में 72 नामांकन पत्र हुए दर्ज

नई दिल्ली। दिल्ली के सभी संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए गुरूवार शाम तक कुल 72 नामांकन पत्र प्राप्त हुए। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन आयोग कार्यालय ने गुरूवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि 29 अप्रैल से शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के तहत सोमवार को 15, मंगलवार को 15, बुधवार को 19 और गुरूवार को 23 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। वहीं, आयोग से मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार को चांदनी चौक क्षेत्र के लिए तीन, उत्तर पूर्वी दिल्ली क्षेत्र के लिए चार, पूर्वी दिल्ली क्षेत्र के लिए जीरो यानी कोई नहीं, नई दिल्ली क्षेत्र के लिए एक, उत्तर पश्चिम दिल्ली-एससी क्षेत्र के लिए सात, पश्चिमी दिल्ली क्षेत्र के लिए छह, और दक्षिणी दिल्ली क्षेत्र के लिए दो प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। बता दें कि लोकसभा चुनाव-2024 के छठे चरण के लिए 29 अप्रैल 2024 को ईसीआई द्वारा जारी राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से दिल्ली में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है और यह 6 मई 2024 तक जारी रहेगी। जांच की तारीख 7 मई 2024 है और उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख 9 मई 2024 है।

### सुचारू चुनाव प्रचार के लिए आप-कांग्रेस सभी सीटों पर नियुक्त करेगी एक पर्यवेक्षक : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** आगामी लोकसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन के तहत चुनाव लड़ रही कांग्रेस ने कहा है कि सभी सातों सीटों पर सुचारू और प्रभावी तरीके से संयुक्त चुनाव प्रचार के लिए आप-कांग्रेस एक-एक पर्यवेक्षक नियुक्त करेंगे। इस बारे में प्रदेश कमेटी के संचार विभाग के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज ने विस्तार से जानकारी दी। भारद्वाज ने कहा कि डीपीसीसी के नवनियुक्त अंतरिम अध्यक्ष देवेन्द्र यादव से चर्चा में निर्णय हुआ कि कांग्रेस और आप दोनों गठबंधन के तहत सात सीटों पर प्रचार के लिए एक एक पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाएगा। यह पर्यवेक्षक उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण समन्वय और समझ के साथ काम करेंगे। उन्होंने कहा कि गठबंधन के तहत कांग्रेस चांदनी चौक, उत्तर पश्चिम दिल्ली और उत्तर पूर्वी दिल्ली की तीन सीटों पर चुनाव लड़ रही है। जबकि शेष चार सीटों पर सहयोगी पार्टी आप चुनाव लड़ रही है। बेशक हमारे तीन उम्मीदवार है, लेकिन गठबंधन धर्म के तहत कांग्रेस सभी सातों सीटों पर उम्मीदवारों को जिताने के लिए कार्य करेगी।

### आज से पर्चा भरना शुरू करेंगे कांग्रेस के उम्मीदवार

नई दिल्ली। दिल्ली की लोकसभा सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों के बाद अब कांग्रेस के प्रत्याशी शुक्रवार से नामांकन शुरू कर रहे है। इस प्रक्रिया में सबसे पहले इंडिया गठबंधन के संयुक्त व कांग्रेस उम्मीदवार उदित राज उत्तर पश्चिम दिल्ली लोकसभा सीट से 3 मई 2024 को अपना पर्चा दाखिल करेंगे। जबकि अगले दिन 4 मई 2024 शनिवार को चांदनी चौक लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश अग्रवाल अपना नामांकन दाखिल करने जाएगें। जबकि 6 मई 2024 सोमवार कांग्रेस अंतिम व तीसरे उम्मीदवार कन्हैया कुमार अपने समर्थकों के साथ नंदनगरी पर्चा जमा कराने पहुंचेगें। प्रदेश कांग्रेस के अनुसार उदित राज के पर्चा दाखिल करने के समय डीपीसीसी के नवनियुक्त अंतरिम अध्यक्ष देवेन्द्र यादव और प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया सहित अन्य नेता उपस्थित रहेंगे। उदित राज सुबह साढ़े दस बजे कांग्रेस और आप कार्यकर्ताओं के साथ जुलूस के रूप में कंझावला स्थित डीएम कार्यालय पहुंचेगें। सनद रहे कि दिल्ली की सात लोकसभा सीटों के लिए आगामी 25 मई 2024 को मतदान होना है।

### कांग्रेस के एक और वरिष्ठ नेता ने दिया झटका, आप से गठबंधन के विरोध में छोड़ी पार्टी

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी में इस्तीफे का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली द्वारा पद से इस्तीफा देने के अलावा पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान, पूर्व विधायक नसीब सिंह व नीरज बसोया द्वारा कांग्रेस छोड़ने के बाद गुरुवार को एक और वरिष्ठ नेता ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। पार्टी के वरिष्ठ नेता व 2013 में तुगलकाबाद विधानसभा सीट से विधायक का चुनाव लड़ चुके ओमप्रकाश बिधूड़ी ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक पोस्ट शेयर कर इस्तीफे की जानकारी सार्वजनिक की। बिधूड़ी पिछले 30 साल से कांग्रेस में थे। ओमप्रकाश बिधूड़ी ने अपने इस्तीफे को पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी के साथ कांग्रेस पार्टी के गठबंधन के विरोध में मैंने आज कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आप ने शुरू किया हस्ताक्षर अभियान




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- पूर्वी दिल्ली से इंडिया गठबंधन से प्रत्याशी कुलदीप कुमार और जंगपुरा से विधायक प्रवीण कुमार ने लाजपत नगर सेंट्रल मार्केट से की कैंपेन की शुरुआत

आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को पार्टी संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ जेल का जवाब वोट से हस्ताक्षर कैंपेन शुरू किया। पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कुलदीप कुमार और जंगपुरा से 'आप' विधायक प्रवीण कुमार ने कैंपेन की शुरुआत की। लाजपत नगर सेंट्रल मार्केट से शुरू हुए कैंपेन में लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और 'आई लव यू केजरीवाल, मिस यू केजरीवाल जैसे संदेश लिखकर अपनी भावनाएं व्यक्त की। इस दौरान कुलदीप कुमार ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्लीवालों के लिए मुफ्त और 24 घंटे बिजली, पानी, अच्छे स्कूल-अस्पताल समेत ढेरों काम किया है। ऐसे मुख्यमंत्री को भाजपा द्वारा जेल में डाले जाने से दिल्ली की जनता में भारी आक्रोश है। दिल्लीवाले अपने बेटे अरविंद केजरीवाल के साथ खड़े हैं और इस बार 'जेल का जवाब अपने वोट से देकर भाजपा का दिल्ली से सफाया करेंगे।

### आज अपने बेटे केजरीवाल के साथ खड़े हैं दिल्ली के लोग : कुलदीप

कुलदीप कुमार ने कहा कि दिल्ली के लोग आज अपने बेटे अरविंद केजरीवाल के साथ खड़े हैं। दिल्ली के लिए अरविंद केजरीवाल ने बहुत कुछ किया है। अब दिल्ली के लोग भाजपा को जेल का जवाब अपने वोट से देंगे। दिल्ली की जनता 25 मई को भाजपा को दिल्ली से उखाड़ने का काम करेगी। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ दिल्ली की जनता विभिन्न तरह के कैंपेन चला रही है। आम आदमी पार्टी केवल जनता को एक प्लेटफार्म मुहैया करा रही है। जनता इस तरह के कैंपेन चलाकर भाजपा के खिलाफ अपनी नाराजगी व्यक्त करना चाहती है। अरविंद केजरीवाल के समर्थन जब जनता सड़क पर निकलती है तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज हो जाती है, गिरफ्तारी हो जाती है। इसलिए आज जनता 25 मई को बेसब्री से इंतजार कर रही है। 25 को दिल्ली से भाजपा का सफाया होगा और दिल्ली के लोग अपने बेटे अरविंद केजरीवाल को जेल से बाहर लाने के लिए अबकी बार जेल का जवाब वोट से देंगे।

### भाजपा ने सीएम को जेल में डालकर किया गलत : प्रवीण

विधायक प्रवीण कुमार ने कहा कि भाजपा ने अरविंद केजरीवाल को जेल में डालकर गलत किया है। दिल्ली की जनता अरविंद केजरीवाल को जेल से बाहर निकालना चाहती है और अपना गुस्सा प्रदर्शित करना चाहती है। आम जनता के अंदर भाजपा के खिलाफ माहौल बना हुआ है। हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से लोगों द्वारा संदेश लिखा जा रहा है। लोग अपनी भावनाएं व्यक्त कर रहे हैं कि वो अरविंद केजरीवाल को कितना प्यार करते हैं। अरविंद केजरीवाल के काम को लोग सराह रहे हैं। भाजपा अरविंद केजरीवाल को जेल में रखना चाहती है, लेकिन दिल्ली की जनता उनको बाहर निकालना चाहती है। दिल्ली के लोग हस्ताक्षर कैंपेन में आई लव यू केजरीवाल, बहनों की दुआएं आपके साथ है जैसी भावनाएं लोग प्रदर्शित कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, बसों में महिलाओं को फ्री यात्रा समेत बुनियादी मुद्दों पर काम किया है। हर महिला को हजार रुपए महीना देने की घोषणा भी की है। दिल्ली के युवा, महिलाएं और बुजुर्ग अरविंद केजरीवाल के साथ हैं। दिल्ली की अरविंद केजरीवाल को बहुत याद कर रही है।

### भाजपा और केंद्र सरकार ने कोविशील्ड की कंपनी से ली करोड़ों की रिश्वत : संजय सिंह

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने भाजपा और केंद्र सरकार पर जानलेवा कोविशील्ड वैक्सीन बनाने वाली सीरम इंस्टीट्यूटी ऑफ इंडिया से करोड़ों रुपए का चंदा लेने पर तीखा हमला बोला है। आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि भाजपा को आम आदमी की जिंदगी से कोई मतलब नहीं है। उसने कोरोना महामारी के दौरान लोगों की जान का सौदा करते हुए कोविशील्ड बनाने वाली कंपनी से 50.25 करोड़ रुपए की रिश्वत ली। जब कोरोना से पूरी दुनिया पीड़ित थी। भारत में लाखों लोगों की जान चली गई, श्मशान लाशों से भरे थे, तब भाजपा भ्रष्टाचार के खेल में डूबी हुई थी। कोविशील्ड बनाने वाली कंपनी ने अगस्त 2022 में 50.25 करोड़ का चंदा दिया और भाजपा ने उसी महीने इसे कैश कराया। इससे पहले केंद्र सरकार ने साजिश के तहत मई 2021 में वैक्सीन की कीमत को 150 से बढ़ाकर 600 रुपए कर दिया और डील के तहत उसे पैसा मिल गया।

### इंडिया गठबंधन प्रत्याशी उदित राज ने की सुनीता केजरीवाल से मुलाकात

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम दिल्ली से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार उदित राज ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने केजरीवाल के बारे में बात की। इसके अलावा चुनावी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की। उदित राज ने कहा कि सुनीता से मिलने पर पुरानी यादें ताजा हो गईं। उन्होंने सुनीता के साथ आयकर विभाग में काम किया है। संकट में हम सब साथ हैं। इस बात की जानकारी उदित राज ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर दी। उन्होंने मुलाकात की तस्वीर को एक्स पर शेयर करते हुए लिखा कि सुनीता केजरीवाल से उनके निवास पर मिला। अरविंद केजरीवाल जेल में हैं जो सर्वविदित है और उनका हालचाल जाना। लोकतंत्र की हत्या हो रही है और जनता पर भरोसा है कि तानाशाह को इस चुनाव में उखाड़ फेंकेगी।



### नवनियुक्त अंतरिम प्रदेश अध्यक्ष यादव पांच मई को संभालेंगे कार्यभार

**नई दिल्ली।** आप पार्टी से गठबंधन के खिलाफ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली द्वारा पद से इस्तीफा देने के बाद बने नए अंतरिम अध्यक्ष देवेंद्र यादव 5 मई 2024 को एक बड़े समारोह में कार्यभार संभालेंगे। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले लगातार बिखरती कांग्रेस की एकता दिखाने के लिए यादव हर संभव प्रयास करेंगे। जिसकी शुरुआत वह पदग्रहण के अवसर पर अपनी ताकत दिखाकर करना चाह रहे है। जानकारी अनुसार यादव के पद ग्रहण कार्यक्रम को भव्य व बड़े नेताओं की मौजूदगी के साथ कांग्रेस यह दिखाना चाहती है कि लवली , राजकुमार चौहान व अन्य जैसे नेताओं के पद व पार्टी छोड़ने से कोई फर्क नहीं पड़ता। प्रदेश से मिली जानकारी के अनुसार इस मौके दिल्ली के पूर्व सांसदों, सांसद उम्मीदवार, पूर्व विधायक, नए पुराने निगम पार्षद, प्रदेश के सभी फ्रंटल संगठन, प्रकोष्ठ और विभागों के पदाधिकारी मौजूद होंगे।

### 'बिना मंजूरी के की गई थी इन कर्मचारियों की नियुक्ति'

# एलजी ने महिला आयोग से हटाए 223 कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने गलत तरीके से की गई नियुक्ति पर कड़ा एक्शन लेते हुए महिला आयोग में कार्यरत 223 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। सक्सेना द्वारा की गई इस कार्रवाई को आयोग की तत्कालीन अध्यक्ष व वर्तमान राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने निंदा करते हुए इसे नकारात्मक राजनीति करार दिया है। एलजी के निर्देश पर हटाए कर्मचारियों को लेकर कहा गया है कि दिल्ली महिला आयोग की तत्कालीन अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने नियमों के खिलाफ जाकर बिना इजाजत इनकी नियुक्ति की थी। राजनिवास के अनुसार एलजी के आदेश पर हटाए गए इन सभी कर्मचारियों की नियुक्ति बिना मंजूरी के की गई थी, जो पूर्ण रूप से अवैध है। एलजी कार्यालय द्वारा जारी आदेश में दिल्ली महिला आयोग अधिनियम का हवाला देते हुए कहा गया है कि पैनल में 40 कर्मचारियों की स्वीकृत संख्या है। लेकिन उपराज्यपाल की मंजूरी के बिना ही दिल्ली महिला आयोग ने 223 नए



पदों का सृजन कर दिया, जो अवैध है। एलजी के आदेश में यह भी लिखा गया है कि आयोग को संविदा पर कर्मचारी रखने का अधिकार ही नहीं है। महिला आयोग को सूचित किया गया था कि वह वित्त विभाग की मंजूरी के बिना कोई भी कदम नहीं उठाएंगे, जिससे सरकार पर अतिरिक्त वित्तीय भार पड़े। एलजी के आदेश को माने तो उसमें लिखा है कि एक बार नहीं मालीवाल को इन नियुक्तियों को लेकर वित्त विभाग की मंजूरी लेने के लिए बार-बार सलाह दी गई थी, किंतु उन्होंने सबको नजर अंदाज करते हुए यह नियुक्तियां की। बता दें कि स्वाति मालीवाल ने करीब 9 साल तक लगातार दिल्ली महिला आयोग का नेतृत्व किया था। हाल ही में सीएम केजरीवाल ने मालीवाल को राज्यसभा सदस्य बनाया है। तब से महिला आयोग के अध्यक्ष का पद खाली पड़ा है।

### स्वाति ने की कर्मचारियों को हटाने के आदेश को वापस लेने की मांग



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना द्वारा दिल्ली महिला आयोग कार्यरत 223 संविदा कर्मचारियों के हटाने की मंजूरी दिए जाने पर गुरुवार को दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल भड़क उठी। उन्होंने प्रैसवार्ता में कहा कि डीसीडब्ल्यू के संविदा कर्मचारियों को हटाने का उपराज्यपाल का कदम दिल्ली की महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ है। उन्होंने सरकार से डीसीडब्ल्यू को धन और कर्मचारियों के आवंटन का आग्रह किया और कर्मचारियों को हटाने के आदेश को वापस लेने की मांग की। गौरतलब है कि दिल्ली के उपराज्यपाल ने आयोग में कार्यरत संविदा कर्मचारियों को हटाने का आदेश दिया है। महिला एवं बाल विकास विभाग का आरोप है कि दिल्ली महिला आयोग ने उपराज्यपाल की मंजूरी के बिना कर्मचारियों की नियुक्ति की थी। सांसद स्वाति मालीवाल ने बिना किसी ठोस आधार के डीसीडब्ल्यू कर्मचारियों को हटाने का आदेश देने के उपराज्यपाल के फैसले की तीखी आलोचना की और इसे नकारात्मक राजनीति बताया और साथ ही एक ऐसी संस्था के खिलाफ कदम बताया, जिसने दिल्ली की महिलाओं की सेवा में महत्वपूर्ण काम किया है। उन्होंने डीसीडब्ल्यू की अध्यक्ष के रूप में उनके कर्यकाल के समाप्त होने के बाद आये इस आदेश के समय पर सवाल उठाया।

### 'नौकरियां खोने के लिए डीसीडब्ल्यू अध्यक्ष की असंवैधानिक अराजक कार्यप्रणाली जिम्मेदार'

नई दिल्ली। दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की कांट्रेक्ट कर्मचारियों को सेवा से हटाने के लिए पूरी आम आदमी पार्टी सरकार और खासकर दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल की असंवैधानिक अराजक कार्यप्रणाली जिम्मेदार है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने गुरूवार को आम आदमी पार्टी की सरकार पर निशाना साधते हुए उक्त बातें कही। सचदेवा ने कहा है कि 8 वर्षों तक अध्यक्ष के रूप में काम करने वाली स्वाति मालीवाल को यह दावा करते हुए देखना चौंकाने वाला है कि हमें डीसीडब्ल्यू को चलाने के लिए संविदा कर्मचारियों को रखना पड़ा क्योंकि कोई नियमित पद नहीं थे और हमें कर्मचारियों की आवश्यकता थी।





स्पेशल : वर्ल्ड लाफ्टर डे, 5 मई

मुंह लटकाए बैठे लोग किसी को पसंद नहीं आते, बोरिंग लगते हैं। वहीं हमेशा हंसने वाले खुशमिजाज लोग सबको खूब भाते हैं। हंसना स्वास्थ्य के लिए भी बहुत जरूरी है। हंसने के क्या-क्या फायदे हैं, हम कैसे हंसते रहें, जानो।

# हंसो क्योंकि हंसना जरूरी है!

ऑकेजन / अनुराग मनींद्र

मुनमुन को गुमसुम, उदास देखकर मोनू ने पूछा, 'अच्छा सुनो मुनमुन, तीन दोस्त 'चुप', 'गुमसुम' और 'हाहाहा' पार्क में खेल रहे थे। थोड़ी देर बाद चुप और गुमसुम अपने-अपने घर चले गए। बताओ, पार्क में कौन बचा?'

'नहीं बताना!' मुनमुन दूसरी ओर मुंह फेरकर बोली।

मोनू ने कई बार अपना सवाल दोहराया। आखिर मुनमुन को जवाब देना ही पड़ा, 'हाहाहा..।'

मोनू ने फिर पूछा, 'कौन बचा?'

मुनमुन ने दोहराया, 'हहाहा।'

जब मुनमुन को मोनू की चालाकी समझ में आई, तो वह खिलखिलाकर हंस पड़ी। मुनमुन को हंसता देखकर मोनू हंसते हुए बोला, 'यह हुई न बात!'

दरअसल, उदास बैठी मुनमुन को हंसाने के लिए ही मोनू ने इस तरह सवाल किया था।

## लाफ्टर इज द बेस्ट मेडिसिन

बच्चों, हंसी का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। हंसने-हंसाने वाले खुशमिजाज लोग हर किसी को पसंद आते हैं। वहीं चिड़चिड़े और बात-बात पर गुस्सा करने वाले तुनकमिजाज लोगों को कोई पसंद नहीं करता। 'लाफ्टर इज द बेस्ट मेडिसिन' यह कहावत तो बच्चों तुमने जरूर सुनी होगी। हंसना हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। बच्चों, हंसी के एक नहीं बहुत से फायदे हैं, तुम्हें भी मालूम होना चाहिए।

## बढ़ता है ऑक्सीजन लेवल

जब हम खुलकर हंसते हैं तो हमारे शरीर के कई सारे अंग एक साथ सक्रिय हो उठते हैं। हंसने से हमारा ब्लड सर्कुलेशन रेग्युलेट होता है, साथ ही इससे हमारे शरीर का ऑक्सीजन लेवल भी बढ़ता है। इसका असर हमारी स्किन पर भी पड़ता है। अकसर देखा गया है, जो लोग हंसते-मुस्कुराते रहते हैं, उनकी स्किन भी दमकती रहती है। ऐसे लोगों के चेहरे पर एक अलग ही आभा दिखती है।



## रिलीज होता है 'हैप्पी हार्मोन'

जब हम खुश रहते हैं, हंसते-मुस्कुराते हैं, तो हमारे शरीर में डोपामाइन, एंडोर्फिन, सिरोटोनिन, ऑक्सीटोसिन जैसे हार्मोंस रिलीज होते हैं। इन्हें 'हैप्पी हार्मोंस' या 'फील गुड हार्मोंस' भी कहते हैं। ये हार्मोंस हमारे गुस्से को कम करते हैं, तनाव यानी टेंशन कम करते हैं, हमारा मूड अच्छा रखते हैं, साथ ही हमें पॉजिटिव एंड हैप्पी रखते हैं।

## बढ़ती है इम्यूनिटी

जब हम खुलकर हंसते हैं, तो हमारे शरीर के कई हिस्सों, जैसे- मस्तिष्क, हृदय, हड्डियों और मांसपेशियों में नए सेल्स बनते हैं। इससे हमें फिट एंड एक्टिव रहने में मदद मिलती है। साथ ही इससे हमारी इम्यूनिटी भी स्ट्रॉन्ग होती है, जिससे बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है।


## और भी हैं कई फायदे

बच्चों, हंसने के और भी कई फायदे हैं। अगर तुम हमेशा खुश और हंसते-मुस्कुराते रहोगे, तो सभी तुम्हें पसंद करेंगे। हर कोई तुमसे मिलना, बातें करना और तुम्हारे साथ समय बिताना चाहेगा। खुश रहने से पढ़ाई में तुम्हारा कंसंट्रेशन बढ़ेगा, इस कारण तुम अपने लेसन को जल्दी और आसानी से समझ पाओगे। इससे तुम्हारा कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। हंसने-मुस्कुराने और खुश रहने की आदत आगे चलकर तुम्हारे करियर ग्रोथ में भी हेल्पफुल होगी।

बच्चों, जब हंसने-मुस्कुराने के इतने सारे फायदे हैं, तो भला कौन हंसना नहीं चाहेगा, इसलिए खुद खुलकर हंसो और दूसरों को भी हंसाओ। *

### हंसने और खुश रहने के लिए ये करो


**देखा जाए** तो खुश रहने के लिए किसी खास वजह की जरूरत नहीं होती। जो लोग स्वभाव से जिंदादिल और खुशमिजाज होते हैं, वे हर हाल में खुश रहते हैं, हंसते-मुस्कुराते रहते हैं। बच्चों, तुम भी हंसी और खुशमिजाजी को अपने स्वभाव का हिस्सा बनाओ। वैसे, हंसने के कई माध्यम और तरीके हैं, जिन्हें अपनाकर तुम खुलकर हंस सकते हो।




- मजेदार जोक्स पढ़ो। इसे अपने दोस्तों के साथ शेयर करो। उनसे भी बोलो कि वे तुम्हारे साथ हंसाने वाले जोक्स शेयर करें।
- अच्छे लाफ्टर शोज देखो। अच्छी कॉमेडी फिल्में देखो। हंसाने- गुदगुदाने वाले कार्टून शोज देखो।
- मन ही मन वैसी बातें या कोई इंसिडेंट याद करो, जिससे तुम्हें हंसी आए। इससे तुम्हारे चेहरे पर अपने-आप ही मुस्कुराहट आ जाएगी।
- तुमने पार्क में एक-साथ कई सारे लोगों को जोर-जोर से ठहाके लगाते हुए जरूर देखा होगा! ऐसे ही तुम भी अपने दोस्तों के साथ मिलकर अपना 'किड्स लाफ्टर क्लब' बनाकर एकसाथ ठहाके लगा सकते हो।

रोचक जानकारी / शिवानी छाया

# गम.. च्युइंगगम.. बबलगम



बच्चों, तुमने च्युइंगगम या बबलगम जरूर खाया होगा। च्युइंगगम और बबलगम, है तो एक ही चीज, लेकिन दोनों में एक अंतर है। बबलगम चबाते हुए हम इसे गुब्बारे की तरह मुंह से फुला सकते हैं लेकिन च्युइंगगम को हम सिर्फ चबा सकते हैं, गुब्बारे की तरह फुला नहीं सकते। बच्चों, तुम सोचते होगे च्युइंगगम और बबलगम की शुरुआत कैसे हुई, हम तुम्हें बताते हैं।

**पहले लोग गम चबाते थे:** बच्चों, च्युइंगगम या बबलगम हमेशा से ऐसा नहीं था। शुरुआती दौर में यूनान और तुर्की के लोग खाना खाने के बाद गम (गोंद जैसा चिपचिपा पदार्थ) चबाते थे। यह गम वहां उगने वाले मैस्टिक नामक पेड़ से निकाला जाता था। इसी तरह अमेरिका में भी लोग स्पॉडिला नामक पेड़ से गम निकालकर चबाते थे। चूंकि इस गम को लोग चबाते थे, इसलिए इसे 'चबाया जाने वाला गम' यानी 'च्युइंग-गम' भी कहा जाता था। आज भी इसे च्युइंगगम कहते हैं।

**मार्केट में कैसे आया च्युइंगगम:** च्युइंगगम के प्रति लोगों की दीवानगी देखते हुए सन 1848 में अमेरिका के जॉन बी. कर्टिस ने इसे टेस्टी और आकर्षक बनाने के लिए गम में मोम मिलाकर उबाला, फिर इसे ठंडा करके अलग-अलग शेप्स में काटकर, कलरफुल कागज में पैक किया। पैकिंग के हिसाब से उसने च्युइंगगम को 'शुगर क्रीम', 'व्हाइट माउंटेन' जैसे नामों से बेचना शुरू किया। कर्टिस का यह आइडिया काफी सफल रहा।

**टेस्ट और फ्लेवर वाला च्युइंगगम:** अब तक बनाए और बेचे जा रहे च्युइंगगम में कोई टेस्ट नहीं होता था। सन 1871 से 1880 के बीच थॉमस एडम्स ने अलग-अलग टेस्ट और फ्लेवर वाले 'ब्लैक जैक' नामक च्युइंगगम लांच किए। इस च्युइंगगम को लोगों ने खूब पसंद किया।

**फुलाया जाने वाला बबलगम:** 1906 में फ्रैंक एच. फ्लेयर ने एक ऐसा प्रोडक्ट बनाया, जिसे च्युइंगगम की तरह चबाने के साथ-साथ बैलून की तरह फुलाया भी जा सकता था। फ्लेयर ने इसे 'फ्लीसर बबलगम' और 'ब्लिबर ब्लबर' के नाम से बाजार में उतारा। इसमें सबसे बड़ी कमी यह थी कि कुछ देर चबाने के बाद यह बहुत ज्यादा चिपचिपा हो जाता था। इसलिए यह लोगों को ज्यादा पसंद नहीं आया।

आगे चलकर 1928 में फ्लेयर की ही कंपनी में काम करने वाले वाल्टर ई. डायमर ने ऐसा बबलगम बनाया, जो पहले की तुलना में कम चिपचिपा था। इसे देर तक चबाया जा सकता था, साथ ही बैलून की तरह फुलाया भी जा सकता था। कंपनी ने इसे 'डबल बबल' नाम से बाजार में उतारा। इसे लोगों ने खूब पसंद किया। इसके बाद इसकी क्वालिटी में निरंतर चेंज किए जाते रहे। अब तो अलग-अलग कलर, शेप, टेस्ट, फ्लेवर के च्युइंगगम और बबलगम मार्केट में मिलते हैं। *

कविता / शिवचरण चौहान

# मेंढक को जुकाम

कहा मेंढकी से मेंढक ने
मुझको हुआ जुकाम।
चाय पिला दो अदरक वाली
जिससे हो आराम।।
मौसम बदल रहा है इससे
आया मुझे बुखार।
सहला दो तुम माथा मेरा
कर दो थोड़ा प्यार।।
बोली तुरंत मेंढकी अब



तुम चलो डॉक्टर पास।
तुमको तेज बुखार हुआ है
रहे जोर से खांस।।
चार गोलियां काली, पीली
और लगा इंजेक्शन।
कहा डॉक्टर ने मेंढक से
तुमको है इंफेक्शन।।
नदियों, नालों, तालाबों में
खूब लगाते गोते।
होता तभी जुकाम जोर का
पड़े-पड़े तुम रोते।।
बता रहा परहेज एक मैं
है जुकाम का तोड़।
अब से तुम पानी में जाना
बिल्कुल ही दो छोड़।।

## जीके क्विज- 102

1.भारत के नए नौसेना प्रमुख कौन बने हैं?
2.भारत के किस एयर पोर्ट को दुनिया के टॉप-टेन बिजी एयर पोर्ट्स में शामिल किया गया है?
3.पिछले दिनों माउंट रुआंग ज्वालामुखी में भयंकर विस्फोट हुआ था। यह ज्वालामुखी किस देश में स्थित है?
4.सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह कौन-सा है?
5.रात में दिखाई पड़ने वाला सबसे चमकीला तारा कौन-सा है?
6.स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री कौन थे?
7.जनसंख्या की दृष्टि से भारत का विश्व में कौन-सा स्थान है?
8. व्हाइट गोल्ड किसे कहा जाता है?
9. माउंट एवरेस्ट के शिखर पर पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला कौन थीं?
10.'इंडिका' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?



बच्चों, जीके क्विज-102 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-101 का उत्तर :** 1.विराट कोहली, 2.डी. गुकेश, 3.1 मई, 4.हॉकिंस, 5.महात्मा गांधी, 6.एम. एस. स्वामिनाथन, 7.रोएंटजन, 8.सच्चिदानंद सिन्हा, 9. स्वामी दयानंद सरस्वती, 10.हमिंग बर्ड

**जीके क्विज-101 का सही उत्तर देने वाले:** कबीर-हिसार, नेहा-ईमेल से, गोपाल-ईमेल से, शिवकुमार मधुकर-बिलासपुर, सरबजीत-करनाल, बी.आकांक्षा-अहमदाबाद, ईशान-अहमदाबाद, दीप्ती-कोरबा, हर्ष-भोपाल, रवि-जबलपुर

## हंसगुल्ले

**टीचर:** तुमने होमवर्क क्यों नहीं किया?
**मोहित:** सर, जब मैं होम वर्क करने बैठा तो लाइट चली गई।
**टीचर:** तो लाइट आने के बाद तुमने होम वर्क क्यों नहीं किया?
**मोहित:** सर, मुझे लगा कि मेरी वजह से कहीं फिर से लाइट न चली जाए। -अभिजीत, दुर्ग

**तन्मय** : क्या तुम चीनी भाषा पढ़ सकते हो?
**तेजस:** हां, अगर वो हिंदी या अंग्रेजी में लिखी हो तो पढ़ लूंगा। -सोनिया, जींद

**नव्या:** विदेश में पंद्रह साल के बच्चे अपने पैरों पे खड़े हो जाते हैं।
**नैंसी:** हमारे देश में तो दो-तीन साल का बच्चा खड़ा होने के साथ-साथ दौड़ने भी लगता है। -मोहन, भोपाल



हास्य कथा

समीर गांगुली

वह दही-फल बेचने वाला अपने आप में अजूबा था। उसकी बातें, उसके दही-फल जैसी चटपटी थीं। बच्चे उसकी बातें सुनकर 'हो-हो' करके हंसते। एक दिन बड़ी अजब-सी बात हुई। एक पुलिस वाले ने भी उसके दही-फल का स्वाद चखा। इसके बाद लोगों ने जो देखा-सुना, सब दंग रह गए!

# दहीवाला.. पुलिसवाला..

भरी-दोपहरी में कॉलोनी में एक आवाज गूंजी, 'दहीवाला...ले लो दही-फल...फल-दही...आ गया दहीवाला!' साथ ही साथ कॉलोनी के दो मंजिले घरों की पहली मंजिल और दूसरी मंजिल के दरवाजे-खिड़कियां खुल गईं। उनसे कई बच्चों के चेहरे बाहर झांकने लगे।

दहीवाला। साईकिल पर बड़ी-सी परात में रखे दो हंडे। मिट्टी के इन हंडों का मुंह लाल कपड़े से बंधा। एक हंडे में दही और दूसरे में केला, अनानास, अंगूर, आम, अमरूद, लीची रखा होता। साथ में चीनी,नमक, मिर्च और अमचूर के डिब्बे। लंबा दुबला दहीवाला। वह रंग-बिरंगा, बड़ी-बड़ी दो जेबों वाला कुर्ता पहनता, उसके नीचे सफेद धोती और सबसे नीचे रबर के काले जूते पहनता, जो चलने पर पक्क-पक्क की आवाज करते थे।

दहीवाले के माथे पर एक बड़ा-सा गूमढ़ था, जिसे दिखाकर वह बच्चों से कहता, 'देखना, यहां से एक दिन लंबा-सा सींग निकलेगा।'

छोटकी मालती भी बालकनी पर आ जाती और दहीवाले के साथ सबकी बातें सुनती। उसकी मां कहती, 'ये दहीवाला बहुत झूठ बोलता है।' पापा कहते, 'दहीवाला बहुत मजाकिया है।'

दहीवाले से जब नाम पूछो, तो वो हर बार नया नाम बताता। इतने निराले नाम बताता कि बच्चे हंसते-हंसते लोट-पोट हो जाते। कभी बिच्छू पांडे, कभी गाय प्रसाद, कभी भिंडी भाई, कभी कंकरी कालू करताली नाम बताता। लेकिन उसकी फल-दही या दही-फल का कोई जवाब नहीं था। बच्चे उसकी आवाज सुनकर दौड़कर आ जाते और पूछते, 'दहीवाले, दहीवाले इस हंडे में क्या है.. और उस हंडे में क्या है?'



दहीवाला अपनी आंखों को चार-बार गोल-गोल घुमाता और बोलता, 'इसमें है काली, मटियाली गाय का सफेद ताजा दही और इस हंडे में हरे पेड़ हनुमान प्रसाद के मीठे अमरूद। नीले पेड़ चुन्नी लाल के नीले-काले शहतूत।'

बच्चे 'हो-हो' हंस देते। फिर दहीवाला अपने थैले से पत्ते के दोने निकालता। उन्हें एक थाली पर सजाता। इसके बाद एक हंडा खोलता, उसमें से कोई ताजा फल निकालता। जेब से चाकू निकालता, उन्हें काटता, दोने में लगाता फिर दूसरा हंडा खोलता, उसमें से लकड़ी के चम्मच से दही निकालकर दोने में लेता। ऊपर से नमक, चीनी, मिर्च और अमचूर मिलाता। उसके बाद एक छोटे चम्मच से अपना 'अंतर-मंतर गड़बड़ मंतर' पढ़ते हुए सबको मिलाता। फिर 'हो-हो' करके हंसता और सारे बच्चों को एक-एक दोना पकड़ा देता। उसे खाकर बच्चे एक साथ मिलकर दोहराते, 'आ गई मस्ती, भाग गई सुस्ती।'

दहीवाला खुश हो जाता। तब बच्चे पैसे निकालते, दहीवाले को पकड़ाते और उसे 'कल फिर आना' कहकर अपने घरों में लौट आते।

एक दिन भरी दोपहर में। इधर दहीवाले ने आवाज लगाई। उधर एक फटफटिया फट-फट करती कॉलोनी में आई। दहीवाले के पास आकर फटफटिया वाले ने अपना हेलमेट उतारा। अंदर से एक बड़ी-बड़ी घुंघरैली मूंछों वाला पुलिसवाला निकला। दरवाजे और खिड़कियों से झांकते बच्चों की सांसें थम गईं। पुलिसवाला फटफटिया से उतरा, एक बैग से बड़ा-सा कटोरा निकाला और उसे दहीवाले को पकड़ाया।

दहीवाले ने हंडे से केला निकाला, उसे छोटा-छोटा काट कर कटोरे में भरा, फिर एक आम निकाला उसे भी काट-काट कर कटोरे में डाला। पुलिसवाला बोला, 'और डालो।'

दहीवाले ने फिर ऊपर से अंगूर डाले।

पुलिसवाला बोला, 'थोड़ा और।'

दहीवाले ने हंडे से अनानास भी निकाला और उसे उस बड़े कटोरे में डाला। फिर दूसरा हंडा खोला और उससे छह चम्मच दही डाला। पुलिसवाला बोला, 'और डालो।'

दहीवाले ने चार चम्मच और डाला, फिर उसमें नमक, चीनी, मिर्च और अमचूर मिलाया। अपना मंतर गुनगुनाया और पुलिस वाले को पकड़ाया। पुलिस वाले ने भी भुक्कड़ की तरह गड़प-गड़प खाया। फिर उसने पूछा, 'कितने पैसे?'

दहीवाला बोला, 'वैसे तो हुए सौ रुपए, मगर आप जो मन हो दे दो...।'

पुलिसवाले ने बटुआ निकाला, उसमें से सौ-सौ के दो नोट निकाले, दहीवाले को देते हुए बोला,'ये लो दो सौ रुपए।' इसके बाद पुलिस वाले ने अपना हेलमेट पहना, अपना कटोरा वापस लिया और चलने लगा। एकाएक उसे कुछ ख्याल आया, वह रुका। अपना बैग खोला। उसमें से एक नया गमछा निकाला और दहीवाले को पकड़ा दिया। बोला, 'रखो इसे। बहुत गर्मी है, पसीना पोंछते रहना।'

दहीवाला पुलिस वाले से गमछा लेते हुए हाथ जोड़कर बोला, 'कल फिर आना, दरोगा भैय्या।'

पुलिसवाला फटफटिया चलाते हुए चला गया। बच्चों ने इसे देखा, उनके माता-पिता ने भी देखा। सब दंग थे, पुलिस वाले का व्यवहार देखकर, इतना अच्छा पुलिस वाला..! सब मन ही मन सोच रहे थे, सब दहीवाले का कमाल है! *

## रंग भरो-149

रंग भरो-149 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





तनिष्क, रायपुर



सौम्या, बालोद



समृद्धि, शहडोल



सुयश, बिलासपुर



सत्यम, रायपुर



विशु, रोहतक

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

भारती-भिवानी, भूमिका-बालोदा बाजार, पलक-अटेली मंडी, प्रभास-बिलासपुर, सौम्या-दुर्ग, पलक-धमतरी, विशाखा-रायपुर, आकांक्षा-दुर्ग, पाखी-बालोद, प्रत्यूष-अंबिकापुर, मोनिका-बिलासपुर, शिवा-हिसार, कल्पना-भोपाल, आदित्य-दिल्ली


## रंग भरो 150




बच्चों, दिए गए चित्र में राजू और पिंकी खूब खिलखिलाकर हंस रहे हैं। इस प्यारी-सी तस्वीर को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक- फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## रास्ता खोजो

बच्चों, हर्ष को अपने लाफ्टर क्लब के दोस्तों के पास पहुंचना है। लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता वह भूल गया है। सही रास्ता खोजकर हर्ष को उसके दोस्तों तक पहुंचने में जरा मदद तो करो।



## सुग्रीव किला से लता चौक तक पीएम मोदी 5 को करेंगे रोड-शो

# 40 ब्लाकों में बांटा गया है रोड शो का रास्ता, जगह-जगह होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम 3 मई से होगी स्वच्छता अभियान की शुरुआत

पीएम मोदी का रोड-शो 5 मई को शाम 4 बजे प्रारम्भ होगा। यह सुग्रीव किला, निकट रामजन्मभूमि प्रवेश द्वार रामपथ से लता चौक तक जाएगा। दो किलोमीटर के रोड शो को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा ने जोर-शोर से तैयारियां शुरू कर दी है।

बीएस लाठी ▶▶ अयोध्या

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 5 मई को अयोध्या में होने वाले रोड शो की रूपरेखा तय हो गई है। पीएम का रोड-शो सुग्रीव किला, निकट रामजन्मभूमि प्रवेश द्वार रामपथ से लता चौक तक जाएगा।

रोड-शो शाम 4 बजे प्रारम्भ होगा। दो किलोमीटर के रोड शो को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा ने जोर-शोर से तैयारियां शुरू कर दी है। तैयारियों को लेकर लोकसभा केन्द्रीय चुनाव कार्यालय में व्यवस्था प्रमुखों की बैठक हुई। जिसमें तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। रोड-शो के पूरे मार्ग को 40 ब्लाक में बांटा गया है। 50 मीटर की दूरी पर एक ब्लाक बनाया बनेगा। हर ब्लाक का एक प्रमुख बनाया गया है। जो उस ब्लाक की व्यवस्थाओं को देखेगा। महिला, किसान, व्यापारी सहित समाज विभिन्न वर्गों के अनुसार ब्लाक बनाए जाएंगे। हर ब्लाक में सांस्कृतिक कार्यक्रम लाइटिंग, साउंड सिस्टम की व्यवस्था की जाएगी। पूरे रोड-शो के मार्ग को फूलों से सजाया जाएगा। इस दौरान पूरे मार्ग पर पुष्प वर्षा के माध्यम से दोनों पटरियों पर खड़े लोग पीएम का अभिवादन करेंगे। तीन स्थलों पर चिकित्सीय व्यवस्था के लिए कैम्प लगेंगे। पीएम के आगमन से पूर्व 3 मई से स्वच्छता अभियान प्रारम्भ हो जाएगा।

**खास बातें**

- लोकसभा चुनाव संबंधी व्यवस्था प्रमुखों की बैठक के बाद रास्ता तय
- 50 मीटर की दूरी पर एक ब्लाक बनाया बनेगा। हर ब्लाक का एक प्रमुख पत्र




**अयोध्या रोड-शो में हैं पूरे विश्व की निगाहें**

बैठक में सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि पीएम का रोड शो ऐतिहासिक हो सभी पदाधिकारी इस व्यवस्था में जुट जाएं। रोड-शो पर पूरे विश्व की निगाहें है इसलिए पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी का पूर्णरूप से पालन करें। क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा रोड शो में हर बूथ से लोगों की सहभागिता हो। सभी पदाधिकारी इसका प्रयास करें। रामनगरी का चुनाव विशेष है। रोड शो के लिए सभी जिम्मेदारियां तय कर दी गई है। सभी व्यवस्था प्रमुख अपनी टीम बना लें जिससे व्यवस्था में कोई कमी न आए।

**खबर संक्षेप**

### आचार संहिता उल्लंघन के मामले में सुनवाई टली

**रामपुर।** फिल्म अभिनेत्री एवं पूर्व सांसद जयाप्रदा के विरुद्ध चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के दो



मामलों में गवाहों के न आने से सुनवाई नहीं हो सकी। जयाप्रदा भी न्यायालय नहीं पहुंची। उनके अधिवक्ता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी की ओर से स्थगन प्रार्थना न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने अगली सुनवाई के लिए अब 14 मई नियत कर दी है। जयाप्रदा के खिलाफ दोनों मामले वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के समय के हैं। इनमें एक मामला स्वार क्षेत्र का है।

### अवैध मदरसे से 21 बच्चों को कराया गया मुक्त

**लखनऊ।** दुबग्गा के अवैध मदरसे से बाल आयोग की टीम ने 21 बच्चों को मुक्त कराया। इनमें से



अधिकतर बच्चे बिहार के हैं, जिन्हें दस दिन पहले ही यहां लाया गया था। ग्रामीणों की शिकायत पर यह कार्रवाई की।अंधे की चौकी के कशमंडी रोड स्थित लालनगर खेड़ा गांव में बिना रजिस्ट्रेशन के मदरसा जमी आतुल कासिम अल इस्लामिया चल रहा था। दो कमरों के मदरसे में बच्चे मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। इस पर बाल आयोग की टीम बुधवार शाम यहां पहुंची। टीम ने देखा कि दो कमरों में 24 बच्चे रह रहे हैं।

## फिरोजाबाद की सभा में बरसे सीएम योगी

# औरंगजेब ने जजिया कर लगाया था कांग्रेस आई तो विरासत टैक्स लगाएगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिरोजाबाद की रैली में कांग्रेस और सपा पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस और सपा को दिया जाने वाला कोई भी वोट 'महापाप' का कारण बनेगा और हम यह पाप नहीं होने देंगे। यह सभी का संकल्प होना चाहिए।

एजेंसी ▶▶ फिरोजाबाद

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिरोजाबाद की सभा से कांग्रेस पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि ये औरंगजेब की औलाद आ गए हैं, जो विरासत टैक्स लगाएंगे, जैसे औरंगजेब ने जजिया टैक्स लगाया था। ये आपके हक पर डकैती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी बाबा भीमराव अंबेडकर के लिखे काम के ठीक उलट कर रहे हैं।

धर्म के आधार पर आरक्षण देंगे और पिछड़े और दलितों का आरक्षण छीनने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोग कहते थे कि ये लोग राम मंदिर नहीं बना सकते हैं। समाजवादी पार्टी कहती थी कि परिंदा पर भी नहीं मार सकती है। सीएम योगी ने कहा कि कल्याण सिंह के त्याग, पीएम मोदी के नेतृत्व और आप सभी के आशीर्वाद से श्री अयोध्या धाम में प्रभु श्री रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण हो गया है। भगवान राम के प्रति द्रोह करने वाले और राम भक्तों की टोली भी आपके पास हैं। जिन लोगों ने कल्याण सिंह का अपमान किया. याद करिए कल्याण सिंह प्रदेश के सीएम थे। कल्याण सिंह राज्यपाल भी रहें। सांसद भी रहें. जब उनकी दुखद मृत्यु हुई तो समाजवादी पार्टी ने संवेदना के दो शब्द भी नहीं व्यक्त किए। हमारे नेता को अपमानित करने वाली और राम को नकारने वाली समाजवादी और कांग्रेस क्या आपका वोट पाने का अधिकारी है क्या?

**खास बातें**

- कल्याण सिंह की मृत्यु पर सपा ने संवेदना के दो शब्द भी नहीं व्यक्त किए
- कांग्रेस जानबूझ कर देश का इस्लामीकरण करने की कोशिश कर रही है




**सपा को दिया जाने वाला वोट महापाप**

योगी ने कहा कि कांग्रेस-सपा का गठबंधन दो काम करने आया है। कांग्रेस कहती है कि सत्ता में आएंगे तो पिछड़ी जाति का आरक्षण काटकर मुस्लिमों को देंगे। यह बाबा भीमराव अंबेडकर का अपमान है। कांग्रेस जानबूझ कर देश का इस्लामीकरण करने और तालिबान व्यवस्था लाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा को दिया जाने वाला कोई भी वोट 'महापाप' का कारण बनेगा और हम यह पाप नहीं होने देंगे, यह सभी का संकल्प होना चाहिए।

### यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ का डीप फेक वीडियो वायरल



**एसटीएफ ने आरोपी श्याम गुप्ता को किया गिरफ्तार**

**नोएडा।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की डीप फेक वीडियो वायरल होने का मामला सामने आया था। डीप फेक वीडियो वायरल होते ही यूपी एसटीएफ की नोएडा यूनिट टीम एक्शन में आई और बरौला से श्याम गुप्ता नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया। भ्रामक तथा राष्ट्रीय विरोधी तत्व द्वारा भ्रामक वीडियो को तेजी से फैलाया जा रहा था। इससे पहले अमित शाह का भी एआई जेनेरटेड डीप फेक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

## अखिलेश ने इलेक्टोरल बॉन्ड पर घेरा, कहा-

# भारतीय जनता पार्टी के लोग संविधान को चाहते हैं बदलना

एजेंसी ▶▶ बदायूं



बदायूं में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सपा प्रत्याशी आदित्य यादव के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। चुनावी रैली के मंच पर पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव, सलीम इकबाल शेरवानी और पूर्व विधायक आबिद रजा समेत तमाम पदाधिकारी भी मौजूद रहे। अखिलेश ने जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग संविधान और हमारी आपकी जान के पीछे पड़े हैं। ये संविधान बदलना चाहते हैं। जिन्होंने वैक्सीन लगवाई, वो लोग भी भाजपा के खिलाफ मतदान करेंगे। ये भाजपा वाले आपदा में अवसर देख रहे थे। इलेक्टोरल बॉन्ड के नाम पर जो वसूली की है। ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स का डर दिखाकर इनकी सरकार से न केवल संविधान को खतरा है बल्कि इनके फैसलों से जान का भी खतरा है। दस साल में इनकी बातें झूठी निकलीं। यही दिल्ली वाले आते थे, कहते थे आमदनी दोगुनी कर देंगे। लेकिन किसी की आय दोगुनी नहीं हुई क्या?

**संविधान बचाने का है यह चुनाव**

आदित्य यादव ने कहा कि यह संविधान बचाने का चुनाव है। एक पक्ष के काम हो रहे हैं। विपक्ष पर दबाव बनाया जा रहा है। झूठे आरोपों में मुख्यमंत्रियों को जेल में डाला जा रहा है। दस साल के घटनाक्रमों का इस सरकार से जवाब लीजिए। एक भी वोट पीछे न रहने पाए। सात मई को मतदान से ऐसा कर दिखाएं।आदित्य यादव ने कहा कि एक पक्ष के काम हो रहे हैं। विपक्ष पर दबाव बनाया जा रहा है।

**इलेक्टोरल बॉन्ड के नाम पर की वसूली**

सपा मुखिया ने कहा कि भाजपा के लोग कहते है कि 80 करोड़ लोगों को राशन बंटवा दिया और दूसरी तरफ कह रहे हैं कि हम गरीबी रेखा से लोगों को बाहर निकाल रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि हम पौष्टिक आटा के साथ डाटा भी निशुल्क देंगे। अखिलेश ने कहा कि बीते 10 साल में एक लाख किसानों ने आत्महत्या की है। भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इन्होंने हमारे किसानों का कर्ज माफ नहीं किया। बड़े-बड़े उद्योगपतियों और खासमखास लोगों का कर्ज माफ किया। अखिलेश ने पेपर लीक मुद्दों पर भी सरकार को घेरा।

## पेज एक का शेष

### महंगाई भत्ते 25 फीसदी...

भत्ता चिल्ड्रन एजुकेशन अलाउंस (सीईए) और हॉस्टल सब्सिडी जैसे कुछ भत्ते ऑटोमेटिकली 25% तक रिवाइज हो गए हैं। भत्तों में इस बढ़ोतरी को लेकर कई सवाल उठ रह थे, जिसे लेकर कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने एक क्लैरिफिकेशन दिया है।

### यात्रा और पर्यटन क्षेत्र में ...

क्षेत्र में फिर से तेजी से सुधार भी किए। इसी के नतीजे सामने हैं। एनएलबी सर्विसेज की रिपोर्ट के मुताबिक कोविड के बाद यात्रा और पर्यटन क्षेत्र में सबसे तेज सुधार देखा गया।

### यहां कांग्रेस...

शौचालय नहीं था। 10 साल में भाजपा सरकार ने शत-प्रतिशत टॉयलेट बना दिए। 60 साल में कांग्रेस देश में सिर्फ 3 करोड़ ग्रामीण घरों तक ही नल से जल की सुविधा पहुंचा पाई, यानी कि 20% से भी कम घरों में। 10 साल में ही नल से जल पहुंचने वाले घरों की संख्या आज 14 करोड़ हो गई है, यानी 75% घरों में नल से जल पहुंचा है।

### आरक्षण हटाओ...

पब्लिक सेक्टर में 14 लाख स्थायी पद थे, जो 2023 तक आते आते सिर्फ 8.4 लाख ही बचे।

**भरे जाएंगे 30 लाख रिक्त पद:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मोदी मॉडल का निजीकरण देश के संसाधनों की लूट है, जिसके जरिए वंचितों का आरक्षण छीना जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की गारंटी है कि हम पब्लिक सेक्टर्स को मजबूत करेंगे और 30 लाख खाली पड़े सरकारी पदों को भर कर हर वर्ग के लिए रोजगार के दरवाजे खोल देंगे। इसके साथ ही परीक्षा के आयोजन से भर्ती होने तक की एक निश्चित समयसीमा होगी।

### अमेठी से राहुल...

से चुनाव नहीं लड़ने से गलत मैसेज जाएगा। इससे पहले अमेठी प्रशासन ने कांग्रेस को शहर में रोड शो की अनुमति दे दी है। कांग्रेस के अमेठी दफ्तर पर राहुल के पोस्टर लगाए जाने की खबरें हैं। बता दें भाजपा ने तो दोनों ही सीटों पर कैंडिडेट उतार दिए हैं। अमेठी से इस बार भी स्मृति ईरानी मैदान में हैं। जबकि रायबरेली से योगी सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को टिकट दिया गया है। राहुल गांधी 2004, 2009 और 2014 के लोकसभा चुनाव में अमेठी से जीत चुके हैं। जबकि सोनिया गांधी ने रायबरेली सीट से 5 बार जीत हासिल की हैं। इस सीट से कांग्रेस 20 में से 16 बार जीती है। इस बीच प्रियंका गांधी शुक्रवार को फतेहपुर सीकरी में रोड शो करेंगी।

### ज़ेनोफोबिया ने ...

हैं और वॉशिंगटन में चंदा जुटाने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान बोल रहे थे, जहां उन्होंने कहा, ये देश विदेशी लोगों को अपने देश में नहीं चाहते हैं, इसीलिए इन देशों का विकास रूक गया है। बाइडेन ने कहा कि कि हमारी अर्थव्यवस्था के बढ़ने का एक कारण आप और कई अन्य लोग हैं। क्यों? क्योंकि हम अप्रवासियों का स्वागत करते हैं। बता दें, कि डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से जो बाइडेन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हैं, जिनका मुकाबला रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रंप से होना है, जो अप्रवासियों के आलोचक रहे हैं।

### चार धाम की यात्रा से ...

रहे हैं तो वही धाम में कपाट खुलने की तैयारी भी प्रभावित हो रही है। चार धाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हुआ है, तब से लेकर अबतक कुल 18 लाख 20 हजार रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं और सबसे अधिक केदारनाथ धाम के लिए 6 लाख 33 हजार लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। वहीं, बद्रीनाथ धाम के लिए पांच लाख 33 हजार लोगों ने पंजीकरण कराया है। जबकि गंगोत्री के लिए 3 लाख 29 हजार और यमुनोत्री के लिए 2 लाख 92 हजार रजिस्ट्रेशन हुए हैं।

### ऑनलाइन पार्सल को ...

की मौत हो गई। दो अन्य लड़कियां, शिल्पाबेन विपुलभाई वंजारा और छायाबेन जीतूभाई वंजारा भी गंभीर रूप से झुलस गईं और उन्हें इलाज के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया।

### पहले जेल से बाहर ...

चुनाव कोरोना काल के सफरिंग से निकला हुआ चुनाव है। जो नजर आ रहा है उसमें एक डरा हुआ समाज कुछ भी कर रहा है। उनका आंकलन है कि स्पष्ट जनादेश किसी एक पार्टी को नहीं मिलने वाला है। वे यह भी मानते हैं कि भाजपा के पास कोई मुद्दे नहीं हैं, वहीं कांग्रेस के पास सड़क से निकली आवाज वाले मुद्दे हैं। राहुल गांधी को सड़क पर उतरने को वे ऐतिहासिक घटनाक्रम के तौर पर देख रहे हैं। वे मान रहे हैं कि इसका प्रभाव चुनाव में देखने को मिलेगा। वे 'हरिभूमि' और 'आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से 'चुनावी संवाद' कार्यक्रम में अपनी बात रख रहे थे।

### उनसे सीधी बात...

*दिखाई दे रहा है। लोगों ने नहीं बोलना सीख लिया है। शिकायत करना बंद कर दिया है। इस चुनाव को दो चीजों ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया। ये है कि जो विपक्ष की यूनिटी है, वे अनप्रसिडेंट है, ऐसा तो 77 में भी नहीं था। उससे अलग यूनिटी दिख रही है। दूसरा, जो लोगों का पार्टिसिपेशन है, उसमें आप देख रहे हैं कि राहुल गांधी की रैली में सड़कों पर भीड़ है, लेकिन शहरों में खामोशी है। प्रत्याशी घरों में नहीं जा रहे। बैनर नहीं दिख रहे। प्रत्याशी नहीं दिख रहे। कोई हो-हल्ला नहीं है। तो यह कोर्ट मैरिज जैसा हो रहा है।*

***सवाल:*** *राहुल गांधी सड़क पर उतर गए या उन्हें सड़क पर ला दिया। आप विपक्ष में एकता की कौन सी मिसाल देख रहे हैं?*

***जवाब:*** *मैं विपक्षी एकता को ऐसे नहीं देखता कि सारे दल राहुल गांधी के इर्दगिर्द हैं। या एक अलाएंस है, उसके आसपास है। मैं ये देख रहा हूं कि गठबंधन के जो विपक्षी दल हैं, वे अपने-अपने राज्यों में केंद्र की हुकूमत का जमकर विरोध कर रहे हैं। ममता बेनर्जी दिखावे के लिए कांग्रेस का विरोध भले ही बोल रही हैं, पर मोटे तौर पर वे भाजपा का ही विरोध कर रही हैं। ममता और तेजस्वी, स्टालिन, डीके शिवकुमार, रेवंत रेड्डी अपने-अपने राज्यों में वही काम कर रहे हैं। जब आप 4 जून को इन सभी पार्टों को असेंबल करेंगे, तब पता चलेगा कि क्या प्रोडक्ट बना है? सरकार ने राहुल गांधी के लिए हर तरह से कॉर्नर किया। उनको संसद से बाहर कर दिया। भाजपा ने नीतीश कुमार को साथ लेकर बड़ी गलती की, यह अब सिद्ध हो रहा है।*

***सवाल:*** *जो सरकार बता रही है कि कोरोना काल से 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में अनाज दे रही हो, तो उसका ग्राफ कैसे कम हो रहा है?*

***जवाब:*** *मोदी 80 करोड़ को अनाज दे रहे हैं। वहीं कहते हैं कि 25 करोड़ को गरीबी रेखा से ऊपर ले आए तो 80 करोड़ में से ये 25 करोड़ का आंकड़ा कम करो। आप इन 25 करोड़ को अनाज क्यों दे रहे हो? मोदी ने हर साल 2 करोड़ लोगों को रोजगार देने की बात कही थी। अभी के घोषणा पत्र में रोजगार का जिक्र नहीं है। आरक्षण बढ़ाने की भी बात नहीं लिखी। व्यक्तिगत रूप से भाजपा के लिए मोदी ड्राइविंग फोर्स हैं। कितनी अच्छी चीज हो, पर कुछ कमी हो तो वह भुगतना ही पड़ेगा।*

***सवाल:*** *कांग्रेस के घोषणा पत्र में जातिगत जनगणना का जिक्र है, क्या इसे आप देशहित में मानते हैं ?*

***जवाब:*** *राहुल गांधी की पूरी जो जुबान बदली है, वो नीतीश कुमार ने बदली है। लेकिन नीतीश कुमार की नाराजगी का बड़ा एक कारण यह है कि उनका जो जातिगत जनगणना का मुद्दा है, उसे राहुल गांधी ने हाइजैक कर लिया और उसको अपना मुद्दा बना लिया। ये जो चीज निकली है वो इस देश में क्रांति करने वाली है। राहुल गांधी कह रहे हैं कि ये मुद्दा यात्रा के दौरान सड़कों से निकला है।*

***सवाल:*** *पीएम मोदी अपने भाषण में बता रहे हैं कि कांग्रेस आपकी संपत्ति छीन लेगी ?*

***जवाब:*** *यह एक अलग मामला है। भाजपा की पूरी प्रोसीडिंग उठाकर देख लीजिए। जयंत सिन्हा के भाषण उठाकर देख लीजिए। यह बात तो राहुल गांधी ने कभी नहीं कही।*

## चुनावी सभा में बोला पीएम मोदी पर जोरदार हमला

# तेजस्वी ने बताई चार चीजें हैं बिल्कुल असंभव, एक्स पर किया वीडियो पोस्ट

**सूरज का पश्चिम से उगना, रेगिस्तान में मछली पकड़ना...**

एजेंसी ▶▶ पटना



बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और आरजेडी नेता अपनी चुनावी सभाओं के दौरान लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोल रहे हैं। इसी कड़ी में तेजस्वी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर वीडियो शेयर किया है।

एक्स पर शेयर किए गए पोस्ट में तेजस्वी ने बतया है कि इस दुनिया में चार चीजें बिल्कुल असंभव है- सूरज का पश्चिम से उगना, रेगिस्तान में मछली पकड़ना, आसमान में पेड़ लगाना, पीएम मोदी जी के मुंह से मुद्दे यानि नौकरी, रोजगार, प्रेम अमन व भाईचारे की बात सुनना। तेजस्वी ने मधुबनी में एक चुनावी सभा के दौरान कहा कि भाजपा का मतलब है बड़का झूठा पार्टी। मोदी जी ने झूठ बोलकर ठगने का काम किया। हिंदू-मुस्लिम, मंदिर-मस्जिद, इस्लाम-सनातन के बारे में बोल-बोलकर सत्ता का सुख भोग रहे हैं। तेजस्वी ने कहा कि मोदी के आश्वासन के अलावा क्या मिला? गरीबी खत्म हुई? बेरोजगारी दूर हुई? किसानों की आय दोगुनी हुई? हर गरीब को पक्का मकान मिला? 15 -15 लाख रुपए आपके खाते में आए? काला धन वापस हुआ?

वहीं दूसरी स्वास्थ्य व कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने तेजस्वी यादव और रोहिणी आचार्य का नाम लिए बिना कहा कि इन दिनों बिहार में भाई-बहन की जोड़ी पीएम नरेन्द्र मोदी पर अनर्गल टिप्पणी कर रही है। लेकिन जनता 2019 की तरह ही इस बार भी इन परिवारवादी पार्टियों के झांसे में आने वाली नहीं है। राज्य की जनता राजद-कांग्रेस की सरकार को बखूबी देख चुकी है और कई बार राज्य में सरकार बनाने का मौका भी दिया है।

## तेजस्वी पर भड़के चिराग पासवान, कहा-

# अब झूठ बोलना बंद कीजिए कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

एजेंसी ▶▶ पटना

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास (प्रमुख) और हाजीपुर लोकसभा सीट से उम्मीदवार चिराग पासवान राष्ट्रीय जनता दल नेता तेजस्वी यादव पर भड़के हुए हैं। इतना ही नहीं, चिराग पासवान ने पूर्व डिप्टी सीएम के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी तक दे डाली । दरअसल, तेजस्वी ने आरक्षण को लेकर चिराग पासवान के खिलाफ हमला बोला है, जिसके बाद लोजपा (रामविलास) प्रमुख ने कहा कि वो (तेजस्वी यादव झूठ) बोल रहे हैं।

मीडिया से बातचीत के दौरान चिराग पासवान ने कहा कि तेजस्वी यादव आरक्षण को लेकर मुझ पर



गलत बयानबाजी करना बंद कर दें नहीं तो मुझे कानूनी कार्रवाई करनी पड़ेगी। वो चिराग पासवान को लेकर एक भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। हर मंच से कह रहे हैं कि चिराग पासवान ने कहा कि संपन्न दलितों का आरक्षण समाप्त हो जाना चाहिए।

चिंतन

# जीएसटी में अगले दौर के सुधार वक्त की जरूरत

भारत देश में जारी आम चुनाव के दौरान रिकार्ड जीएसटी कलेक्शन के आंकड़े ने सरकार को आर्थिक मोर्चे पर राहत दी है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले माह अप्रैल में रिकार्ड 2.10 लाख करोड़ रुपये जीएसटी कलेक्शन ने नए वित्त वर्ष की शानदार शुरूआत की है। सालाना आधार पर यह 12.4 फीसदी बढ़ोत्तरी है। इससे पहले सबसे अधिक कलेक्शन 1.87 लाख करोड़ रुपये का था, जो संयोग से वित्त वर्ष 2023-24 के पहले माह अप्रैल में हुआ था। पिछले वर्ष की समान अवधि यानी अप्रैल 2023 की तुलना में ये 17.1 प्रतिशत ज्यादा है। पिछले महीने मार्च 2024 में, जीएसटी कलेक्शन 1.78 लाख करोड़ रुपये रहा था। महीने-दर-महीने आधार पर कलेक्शन में 18 फीसदी का इजाफा है। सरकार ने 18 हजार करोड़ के रिफंड जारी किए। रिफंड के बाद, अप्रैल 2024 के लिए नेट जीएसटी राजस्व 1.92 लाख करोड़ रुपये रहा। यह अप्रैल, 2023 की तुलना में 15.5 फीसदी की प्रभावशाली वृद्धि को दर्शाता है। आर्थिक गतिविधियों में तेजी के बीच घरेलू लेन-देन और आयात में मजबूत वृद्धि के दम पर जीएसटी संग्रह ने यह रिकार्ड बनाया है। समूचे वित्त वर्ष 2023-24 को देखें तो इस वर्ष जीएसटी कलेक्शन 20.18 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में 20 लाख करोड़ रुपये रहा था। वर्ष 2017 में जीएसटी लागू हुआ था, तब से सालाना दर सालाना जीएसटी कलेक्शन में वृद्धि हो रही है। रिकार्ड जीएसटी कलेक्शन मजबूत अर्थव्यवस्था को दर्शाता है। जीएसटी ने अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था में व्यापक स्तर पर पारदर्शिता लेकर आई है। अभी जीएसटी के चार स्लैब हैं, 5 फीसदी, 12 फीसदी, 18 फीसदी व 28 फीसदी। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने वर्ष 2000 में जीएसटी पर अध्ययन के लिए एक समिति बनाई थी। उसमें एक टैक्स स्लैब की बात थी। जीएसटी पर राजनीतिक सहमति बनाने में 17 वर्ष लग गए। शुरू में इसे बहुत जटिल कर प्रणाली समझा गया, लेकिन इसमें सुधार होता गया, अभी यह अप्रत्यक्ष कर संग्रह का रिकार्ड बना रहा है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में अभूतपूर्व वृद्धि आर्थिक गतिविधियों में तेजी और टैक्स कलेक्शन में दक्षता के चलते हुई है। नए वित्त के पहले महीने में कई ऐसे संकेतक हैं, जो अर्थव्यवस्था की मजबूती की ओर संकेत कर रहे हैं। लोगों ने एसी और शीतल पेय पर अधिक खर्च किया है। पेट्रोल की बिक्री में 12.3 फीसदी की वृद्धि हुई है। एलपीजी की बिक्री सालाना आधार पर 12 फीसदी बढ़कर 24.5 लाख टन पहुंच गई है। बिजली की खपत 11 फीसदी बढ़ी है। थोक व खुदरा महंगाई दर नियंत्रण में हैं, हालांकि खाद्य महंगाई दर उच्च स्तर पर बनी हुई है। घरेलू और ग्लोबल वित्तीय व रेटिंग एजेंसियों ने भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि को लेकर सकारात्मक है। शेयर बाजार में सेंसेक्स व निफ्टी दोनों सूचकांक सर्वकालीन उच्च स्तर पर कारोबार किया है। सोने के भाव उच्च रहने के बावजूद भारत में सोने के आयात में वृद्धि हुई है। ये सभी दर्शाते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत है। चुनावी वर्ष होने के चलते पूंजी बाजार में लिक्विडिटी बनी रहेगी। मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था में अधिक से अधिक पारदर्शिता लेकर आई है, इसका सकारात्मक असर दिख रहा है। जीएसटी संग्रह में लगातार उछाल को देखते हुए अब सरकार को जीएसटी सुधार 2.0 की शुरूआत करनी चाहिए। केंद्र में नई सरकार बनने के बाद जितनी जल्दी संभव हो, जीएसटी में अगले चरण का सुधार करना चाहिए। चार के बजाय तीन स्लैब किए जाने चाहिए। पेट्रो उत्पाद, एटीएफ, नेचुरल गैस आदि को जीएसटी के दायरे में लाने का साहसिक प्रयास होना चाहिए।

दरकार
विवेक शुक्ला



# प्रचार में फर्जी वीडियो जारी करने वालों पर लगाम लगे

लोकसभा चुनाव के कैंपेन ने अचानक गंभीर मोड़ ले लिया है। कैंपेन के दौरान आरोप-प्रत्यारोप तो लगते हैं। इसे कोई बुरा नहीं मानता, पर कोई दल चुनाव जीतने के लिए अपने विरोधियों के खिलाफ 'डीपफेक' प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करके फर्जी वीडियो जारी करे यह तो सही नहीं माना जा सकता। ताजा मामले में देश के गृह मंत्री अमित शाह ही डीपफेक' प्रौद्योगिकी का शिकार हो गए हैं। अमित शाह ने बीती 25 अप्रैल को तेलंगाना के मेडक जिले के सिद्दीपेट में भाजपा की चुनावी रैली में भाषण दिया था। इस भाषण के वीडियो को कथित तौर पर छेड़छाड़ कर सोशल मीडिया पर शेयर किया गया। फैक्ट चेक में ये वीडियो एकदम फर्जी साबित हुआ है। इस फर्जी वीडियो में गृहमंत्री अमित शाह अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को खत्म करने की घोषणा करते हुए कथित तौर पर नजर आ रहे हैं। अब जरा सोचिए कि क्या कोई व्यक्ति देश में उपर्युक्त वर्गों को मिलने वाले आरक्षण को खत्म कर सकता है? दरअसल अमित शाह के एक पुराने वीडियो को एडिट किया गया है, जिसमें वो मुस्लिम आरक्षण खत्म करने की बात कह रहे थे। इस ओरिजनल वीडियो में मुस्लिम की जगह एसटी और एसटी को जोड़ दिया गया है। हालांकि सवाल उठता है कि ऐसा कैसे संभव है कि फेक वीडियो बिल्कुल असली लग रहा है? जैसा कि मालूम है कि इन दिनों मार्केट में मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल का इस्तेमाल बढ़ गया है। इस तकनीक में किसी के बोलने के लहजे और उसकी आवाज को मशीन लर्निंग की मदद से कैप्चर किया जाता है। दरअसल नई प्रौद्योगिकी की मदद से किसी वीडियो में ऐसे व्यक्ति के चेहरे को फिट किया जाता है जो उस वीडियो का हिस्सा ही नहीं होता। इस तकनीक के माध्यम से छेड़छाड़ कर बनाए गए वीडियो में असली और नकली का अंतर बता पाना मुश्किल होता है। जिस भी नेता या सियासी दल ने अमित शाह को आरक्षण खत्म करने की घोषणा करते हुए दिखाने वाले फर्जी वीडियो बनवाए और जारी करवाए उसने समाज में वैमनस्य फैलाने का कितना गंभीर कृत्य किया है। जाहिर है कि गृह मंत्रालय की शिकायत के आधार पर दिल्ली पुलिस उन शरारती तत्वों पर एक्शन ले रही है जो इस मामले में फंसे हुए हैं। दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी समेत राज्य कांग्रेस के कुछ अन्य नेताओं को भी पूछताछ के लिए तलब किया है। लग यही रहा है कि इस सारे मामले के तार बहुत दूर-दूर तक फैले हुए हैं। अहमदाबाद पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले असम पुलिस ने भी इसको लेकर एक शख्स को गिरफ्तार किया था। दरअसल अमित शाह के खिलाफ डीपफेक केस की शिकायत भाजपा की मुंबई इकाई के पदाधिकारी प्रतीक करपे ने बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। एक बात समझ लें कि अगर डीफफेक या किसी अन्य तकनीक से अपने विरोधियों को बदनाम करने वालों पर कठोर एक्शन नहीं लिया गया तो फिर हालात काबू से बाहर होने लगेंगे। समाज में विभिन्न वर्गों में प्रेम और सदभाव खत्म हो जाएगा। लोकतंत्र की जान है स्वस्थ बहस और वाद- विवाद। इसमें ओछी हरकतों के लिए किसी को स्पेस नहीं मिलना चाहिए। अमित शाह चूंकि भाजपा के शिखर नेता हैं और उनके साथ जो खेल किया गया है उसके बाद भाजपा के नेता कहने लगे हैं कि कुछ समय पहले तक विपक्ष सत्ता पक्ष के खिलाफ केवल मौखिक आरोप ही लगाता था, लेकिन अब कुछ दल और उनके नेता तकनीक का सहारा लेकर भाजपा के शीर्ष नेताओं को बदनाम करने की साजिश रचने में जुट गए हैं। आजकल चल रही लोकसभा चुनावों के कैंपेन में यह भी बहुत बड़े स्तर पर कहा जा रहा है कि भाजपा देश के संविधान को खत्म कर देगी। जरा सोचिए कि क्या बाबा साहेब अंबेडकर की सरपरस्ती में तैयार भारत के संविधान को कोई बदलाव कर सकता है? यह नामुमकिन है। सारा देश बाबा साहेब को अपना आदर्श मानता है और उनसे प्रेरणा पाता है, इसलिए यह आरोप नहीं लगने चाहिए कि अगर भाजपा तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में आई तो उसका इरादा संविधान बदलने और आरक्षण समाप्त करने का है। हालांकि पिछले कुछ दशकों में दुनिया में तकनीकी विकास तेजी से हुआ है। फिलहाल सरकार को डीपफेक प्रौद्योगिकी का समाज को तार-तार करने वालों पर कठोर एक्शन लेना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



अर्थव्यवस्था
सतीश सिंह

# फ्रीबिज पर रोक लगाने की जरूरत

> फ्रीबिज (मुफ्त उपहार) या रेवड़ी संस्कृति की नीति से सरकार को बचना चाहिए, क्योंकि आजकल राजनीतिक दल चुनाव जीतने के लिए वोटरों को मुफ्त बिजली, मुफ्त पेयजल, बेरोजगारों को मासिक भत्ता, लैपटॉप, स्मार्टफोन, साइकिल आदि देने का लालच देकर अपने पक्ष में वोट देने के लिए प्रेरित करते हैं और सत्ता में आने के बाद वादों को पूरा करने के लिए सरकारी ख़जाने को खाली कर देते हैं, जिससे सरकार का वित्तीय अनुशासन नकारात्मक रूप से प्रभावित होता है और फ्रीबिज पर पैसे खर्च किए जाने के कारण विकासात्मक कार्यों का धक्का लगता है। यदि फ्रीबिज ये लाभ नहीं होता तो उन्हें ऐसे लोक लुभावन वादों के झांसे में नहीं आना चाहिए।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने फ्रीबिज (मुफ्त उपहार) या रेवड़ी संस्कृति की नीति से सरकार को बचने की सलाह दी है, क्योंकि आजकल राजनीतिक दल चुनाव जीतने के लिए वोटरों को मुफ्त बिजली, मुफ्त पेयजल, बेरोजगारों को मासिक भत्ता, लैपटॉप, स्मार्टफोन, साइकिल आदि देने का लालच देकर अपने पक्ष में वोट देने के लिए प्रेरित करते हैं और सत्ता में आने के बाद वादों को पूरा करने के लिए सरकारी ख़जाने को खाली कर देते हैं, जिससे राज्य और केंद्र सरकार का वित्तीय अनुशासन नकारात्मक रूप से प्रभावित होता है और फ्रीबिज पर पैसे खर्च किए जाने के कारण विकासात्मक कार्यों का धक्का लगता है अर्थात सड़क, स्कूल, अस्तपताल, बिजली, पानी आदि की व्यवस्था सरकार नहीं कर पाती है, जिससे आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ जाती हैं।

फ्रीबिज के चक्कर में राज्य सरकारें राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम (एफआरबीएम) की सीमा का उल्लंघन करती हैं, जो राज्य के वित्तीय स्वास्थ्य के लिए घातक होता है। एफआरबीएम अधिनियम के तहत यह सुनिश्चित किया जाता है कि राजस्व घाटा, राजकोषीय घाटा, कर राजस्व और कुल बकाया देनदारियां निर्धारित सीमा से अधिक नहीं हो। अगर ऐसा करना जरूरी हो तो वह सिर्फ आपदा की स्थिति में ही किया जाना चाहिए। सुब्बाराव का कहना है कि फ्रीबिज के कारण कुछ राज्य सरकारें एफआरबीएम की सीमा का उल्लंघन कर रही हैं, जिसके कारण राज्य सरकारें कर्ज के दलदल में फंसती जा रही हैं, इसलिए राज्य सरकारों और केंद्र सरकार को वित्तीय अनुशासन बनाकर रखना चाहिए। सुब्बाराव के अनुसार मोदी सरकार को फ्रीबिज को रोकने के मुद्दे पर राजनीतिक दलों के बीच सहमति बनानी चाहिए और जरूरत पड़ने पर मामले में श्वेत पत्र पेश करने से भी नहीं हिचकिचाना चाहिए। इस मुद्दे पर सभी राजनीतिक दलों के बीच गहन और सारगर्भित बहस की जानी चाहिए और फ्रीबिज को रोकने के लिए ठोस नीति बनाकर जल्द अमल में लाना चाहिए। आम जनता को मुफ्त उपहारों की लागत और लाभ के बारे में भी जागरूक किया जाना चाहिए। यह सरकार की जिम्मेदारी होनी चाहिए कि वह इस बारे में लोगों को कैसे शिक्षित करती है? वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में लोकसभा में श्वेत पत्र के माध्यम से संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल की नाकामियों और मोदी सरकार के 10 सालों के कार्यकाल की उपलब्धियों को जनता के समक्ष रखा था, ताकि आम जनता यह तय कर सके कि कौन सी सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान आम जनता, समाज और देश की बेहतरी के लिए शिद्दत से प्रयास किया है। आमतौर पर श्वेत पत्र के जरिये सरकार कानून पेश करने से पहले नीतिगत प्राथमिकताएं प्रस्तुत करती है और इसकी मदद से विवादास्पद नीतिगत मुद्दों पर जनता की राय ली जाती है। उल्लेखनीय है कि सुब्बाराव से पहले भी मामले में सर्वोच्च अदालत सरकार को फ्रीबीज को बंद करने के लिए नसीहत दे चुकी है।




सर्वोच्च अदालत ने बीते महीनों, केंद्र सरकार से पूछा था कि क्या चुनाव अभियानों के दौरान फ्रीबिज के लिए वादा करना और सत्ता में आने के बाद उसे अमलीजामा पहनाना आर्थिक रूप से व्यवहार्य है?


फ्रीबिज से अर्थव्यवस्था का बुनियादी ढांचा कमजोर होता है और सरकार को अपनी व्यय प्राथमिकताओं में से विकास की प्राथमिकता से किनारा करना पड़ता है। राज्यों के राजस्व के स्रोत सीमित होते हैं, इसलिए राज्यों का बजट फ्रीबिज के कारण बेपटरी हो जाता है। आज कई राज्य सरकारें कर्ज में तय सीमा से अधिक डूबी हुई हैं। पंजाब ने सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का 53.3 प्रतिशत कर्ज ले रखा है,जो कर्ज लेने वाले सभी राज्यों से सबसे ज्यादा है। केंद्रीय बैंक के अनुसार किसी भी राज्य पर उसकी जीएसडीपी के 30 प्रतिशत से अधिक कर्ज नहीं होना चाहिए। पंजाब के अलावा अरुणाचल प्रदेश, बिहार, गोवा, हिमाचल, केरल, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, राजस्थान और पश्चिम बंगाल पर भी उनके जीएसडीपी से बहुत ज्यादा कर्ज है। फ्रीबिज स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव को प्रभावित करता है, जिससे सही प्रतिनिधि संसद या विधानसभा में नहीं जा पाते हैं। फलतः आम जनता, समाज और देश के लिए समीचीन कानून का निर्माण नहीं हो पाता है। यूरोप के कुछ देश फ्रीबिज संस्कृति की वजह से ही आज आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। हमारे पड़ोसी देश श्रीलंका और पाकिस्तान का भी इसी फ्रीबिज संस्कृति के कारण बुरा हाल है। बीते महीनों कर्नाटक में हजारों करोड़ रुपये चुनाव में किए वादों को पूरा करने में खर्च किए गए, जिसके कारण सरकार के एक मंत्री को कहना पड़ा कि सरकार के पास विकासात्मक कार्यों को पूरा करने के लिए पैसे नहीं हैं। मामले में जन-कल्याणकारी योजनाओं और लोक-लुभावन योजनाओं के बीच के अंतर को पारिभाषित करने की जरूरत है। इस क्रम में सब्सिडी को फ्रीबिज नहीं माना जाना चाहिए। सब्सिडी किसी भी क्षेत्र विशेष में कम विकास की स्थिति को बेहतर करने के लिए दी जाती है। भारत में आज भी कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां अपेक्षित विकास नहीं हुआ है। लिहाजा,उपेक्षित क्षेत्र में विकास को सुनिश्चित करने के लिए सब्सिडी देना जरूरी है। उदाहरण के तौर पर अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए घरों की छतों पर या दूसरी जगहों पर सौर पैनेल स्थापित करने के लिए सब्सिडी दी जा रही है। यह नियम भी बनाना चाहिए कि बजट का कितना प्रतिशत जन-कल्याणकारी कार्यों पर खर्च किया जाए और यह भी सुनिश्चित किया जाए कि जिन जन-कल्याणकारी योजनाओं पर पैसे खर्च किए गए हैं, क्या उससे आम जनता लाभान्वित हुई है? अगर किसी जन-कल्याणकारी योजना से आम जनता को कोई लाभ नहीं हुआ है या उनके जीवन स्तर में कोई सुधार नहीं हुआ है तो वैसी योजनाओं को जारी रखने का कोई औचित्य नहीं है। आम जनता को भी आत्मावलोकन करने की जरूरत है कि फ्रीबिज से उन्हें लाभ हो रहा है या नहीं, यदि नहीं, तो उन्हें ऐसे लोक लुभावन वादों के झांसे में नहीं आना चाहिए। लैपटॉप, स्मार्टफोन या साइकिल की ज्यादा उम्र नहीं होती है, लेकिन विकासात्मक कार्यों को लागू करने से समाज के सभी वर्ग लाभान्वित होंगे।

सरकार को फ्रीबिज के अलावा कोरपोरेट्स को भी वैसी योजनाओं का लाभ देने से बचना चाहिए, जिनका बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया जा रहा है। उदाहरण के तौर विकास की गति को तेज करने के लिए या किसी क्षेत्र विशेष को प्रोत्साहित करने के लिए बड़े-बड़े कॉरपोरेट्स को अक्सर कर और ब्याज दर में छूट दी जाती है, लेकिन अनेक कॉरपोरेट्स ऐसे लाभों का दुरुपयोग करते हैं, जिन पर अंकुश लगाने की जरूरत है। कहने का तात्पर्य है कि सरकार कोई भी खर्च करे तो उसका सकारात्मक योगदान देश और समाज के विकास को सुनिश्चित करते हुए अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में हो।

(लेखक बैंक अधिकारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## अहिंसा के प्रयोग



संकलित
दर्शन

हिंसा को किसी भी प्रकार से रोकना या इसके प्रभाव को कम करना, समाज का अनिवार्य कर्तव्य है। हिंसा अनेक तरह की हो सकती है। शारीरिक हिंसा के अतिरिक्त यह मानसिक, शाब्दिक या परोक्ष भी हो सकती है। ऐसी स्थितियां उत्पन्न कर देना, जिससे भय एवं आतंक की छाया में जीवन हर समय आशंकित हो, अव्यवस्थित हो-अप्रत्यक्ष हिंसा है। इसलिए प्रत्येक हिंसा का शमन ही मानव के लिए हितकारी है। हिंसा किसी पशु या अमानुष का विषय हो सकती है, परंतु मानव का धर्म कतई नहीं हो सकती। अहिंसा परमो धर्मः, यही सत्य वचन है। हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। अहिंसा सभी समस्याओं का हल है। लोगों के मन के भीतर प्रेम का बीज होता है, घृणा का फल नहीं। सावधानी से आदर्श व्यवहार का धैर्यपूर्वक पालन किया जाए तो विवाद की स्थिति नहीं आ सकती। किसी विवाद के उत्पन्न होने से शांति के लिए सदैव एक राह शेष रहती है, इस तथ्य को गांठ बांध लेना चाहिए। वार्ता से रास्ता निकलता है। संवेदनहीनता से मानवता का मार्ग अवरुद्ध होगा। आप भगवान को मानें या न मानें, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा, बल्कि इससे आपका महत्व अवश्य बढ़ेगा या घटेगा। इसी तरह प्रकृति के विषय में सार्थक सोच होना चाहिए। नैतिकता के पाठों में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। हिंसा तो मानवता के लिए विष के समान है। अहिंसा का प्रयोग करने वाले व्यक्ति शांति के सच्चे नायक हैं। जीवन में अहिंसा का मूल मंत्र सबसे उपयोगी तंत्र बन सकता है, व्यवस्था और जनता दोनों के हित में यही कारगर उपाय भी है।

## तुलसीदास जी द्वारा ब्राह्मण को जीवन दान



संकलित
प्रेरणा

भक्तमाल में वर्णन है कि एक ब्राह्मण था, परंतु कुछ विद्वान बताते है कि वह ब्राह्मण नहीं, एक भुलई नाम का कलवार था जो भक्ति पथ और गोस्वामी जी की निन्दा किया करता था। उसकी मृत्यु हो गई, उसकी पत्नी उसके साथ सती होने के लिए जा रही थी। गोस्वामी तुलसीदास जी अपनी कुटी के द्वार पर बैठे हुए भजन कर रहे थे। उस ब्राह्मण की स्त्री ने उन्हें दूर से ही देखा तो फिर श्री चरणों में आकर इन्हें प्रणाम किया। तुलसीदास जी ने उसे आशीर्वाद देते हुए कहा कि सौभाग्यवती होओ। उस स्त्री ने कहा कि मेरे पति का देहांत हो गया है और मैं सती होने के लिए श्मशान घाट पर जा रही हूँ। तब इस आशीर्वाद का क्या अर्थ होगा? गोस्वामीजी ने कहा कि अब तो मेरे मुख से आशीर्वाद निकल चूका है, यदि तुम और तुम्हारे परिवार के लोग भगवान श्रीराम का भजन करें तो मै तुम्हारे मृत पति को जीवित कर दूँगा। यदि काल सत्य है, तो मेरे प्रभु काल के भी काल है, यह बात भी तो सत्य है। उस स्त्री ने अपने सभी कुटुम्बियों को बुलाकर कहा कि यदि आप लोग सच्चे हृदय से श्रीराम भक्ति करने की दृढ़ प्रतिज्ञा करे तो मेरे यह मृत पति जीवित हो जायेंगे। सभी ने गोस्वामीजी की बात को स्वीकार करते हुए श्रीराम नाम का संकीर्तन प्रारंभ किया। तब गोस्वामी जी ने उसे सुंदर भक्तिमय जीवन दान दिया। श्री राम की कृपा से उस ब्राह्मण को जीवन दान मिल गया और इससे प्रभावित होकर उसके परिवार के लोग भगवद्भक्त हो गए।

## गर्मी ने बढ़ाई प्यास



जम्मू के बाहरी इलाके में सीमा के पास एक गांव में गेहूं की फसल की कटाई के दौरान एक महिला किसान पानी पीता हुई।

## आज की पाती

### डरने की जरूरत नहीं है

वैश्विक महामारी कोरोना ने जब सारी दुनिया को दहशत में डाल दिया था, अमरीका, जर्मनी और अन्य बड़े बड़े देश भी इस महामारी से दहशत में आ गए थे और सारी दुनिया ने इससे बचने के लिए लॉकडाऊन लगा दिया था। उस दहशत भरे माहौल में दुनिया यह कह रही थी कि जल्दी से जल्दी इससे निपटने के लिए कोई दवा तैयार होनी चाहिए, इसके लिए लगभग सभी देशों ने प्रयास भी किए, बहुत से एक्सपेरिमेंट भी किए और वैज्ञानिकों ने इसका टीका तैयार कर लिया। एस्ट्राजेनेका कंपनी ने इसकी कोव वैक्सीन तैयार की और इसे दुनिया के दूसरे देशों तक भी पहुंचाया गया। अब यह वैक्सीन फिर से सुर्खियों में है। इसकी वजह यह है कि एक ब्रिटिश नागरिक ने अपने यहां केस दर्ज करते हुए कहा है कि उसे इससे साइड इफेक्ट्स हुए हैं।

*– महेश काले, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### कांग्रेस को तीन चुनौतियां



कांग्रेस का शाही परिवार और उसके दरबारी मोदी पर चाहे जितना भी गुस्सा निकालें और गाली दें, लेकिन ये मोदी की गारंटी है। मेरी कांग्रेस और उसके इकोसिस्टम को तीन चुनौतियां हैं। हमने लव जिहाद और लैंड जिहाद सुना था। अब कांग्रेस गठबंधन ने वोट जिहाद का नारा दिया है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### निरंतर गतिमान रहें



बड़े लक्ष्य की संप्राप्ति छोटे-छोटे प्रयत्नों से होती है अत: निरंतर गतिमान रहें। आरंभ करना सदा ही कठिन और चुनौतीपूर्ण रहा है। जैसे ही साधक बाधाओं से प्रभावित होकर श्रम बंद कर देता है उसी क्षण उसकी जीवन यात्रा संकुचित हो जाती है।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### कम मतदान से चिंतित



आपके पत्र से पता चल रहा है कि आप चुनाव के पहले दो चरणों में कम मतदान से चिंतित हैं। यह दर्शाता है कि लोग आपकी नीतियों या आपके चुनावी भाषणों को लेकर उत्साहित नहीं हैं। दरअसल ऐसा गर्मी की वजह से नहीं हो रहा है, आपकी नीतियों से गरीब झुलस गए हैं।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### पिक्चर रिलीज़ न होने दें




मोदी ने कहा "ये तो ट्रेलर है" जरा सोचिए अगर ये ट्रेलर है तो पिक्चर कितनी भयावह होगी? कृपया पिक्चर रिलीज़ होने से रोक दो भाइयों। संविधान की धज्जियां उड़ाई गईं। विश्वविद्यालय हो या बीजेपी सरकारें आरक्षण में दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का हक़ मारा।

-संजय सिंह, आप नेता

## करंट अफेयर

### जेल की चेतावनी, ट्रंप ने जज को कुटिल कहा



अदालत की अवमानना के मामले में दोषी ठहराए जाने और इस बारे में कुछ न कहने के 'गैग आदेश' का उल्लंघन करने पर जेल जाने की चेतावनी दिए जाने के एक दिन बाद डोनाल्ड ट्रंप ने अपने खिलाफ रिश्वत मामले में सुनवाई कर रहे न्यायाधीश को 'कुटिल' कहा। 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर वयस्क फिल्मों की अभिनेत्री स्टॉर्मी डेनियल्स को, उन दोनों के कथित अवैध संबंधों के बारे में चुप्पी साधने के बदले 130,000 डॉलर की रिश्वत देने का तथा इस राशि के भुगतान को छिपाने के लिए कारोबारी रिकॉर्ड में हेराफेरी करने का आरोप है। मामले की सुनवाई कर रहे जज ने मंगलवार को पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति को गैग आदेशों (विचाराधीन मामले में बयानबाजी करने की मनाही) के उल्लंघन का दोषी ठहराते हुए उन पर नौ हजार डॉलर का जुर्माना लगाया। यह जुर्माना चुप रहने के लिए धन देने के मामले में गवाहों, ज्यूरी और अन्य के संबंध में सार्वजनिक बयान देने से रोकने वाले 'गैग आदेश' का लगातार उल्लंघन करने पर लगाया गया। ट्रंप के 'ट्रुथ' सोशल मीडिया खाते और प्रचार वेबसाइट पर पोस्ट के लिए जुर्माना लगाते हुए न्यायाधीश जुआन एम. मर्चन ने कहा था कि यदि ट्रम्प ने उनके आदेशों का उल्लंघन करना जारी रखा, तो वह जेल जांएगे।

## ऑफ बीट

### बच्चों को दूध पिलाने के बाद क्या डकार दिलवाना जरूरी



माता-पिता को अक्सर अपने बच्चों को दूध पिलाने के बाद डकार दिलवाने की सलाह दी जाती है। कुछ लोग सोचते हैं कि दूध पिलाने के बाद डकार लेना, बच्चे के रोने की असुविधा को कम करने या रोकने के लिए, या दूध पिलाने के बाद बच्चे द्वारा दूध उगलने की आशंका को कम करने के लिए महत्वपूर्ण है। यह सच है कि बच्चे, वयस्कों की तरह, खाते समय हवा निगलते हैं। डकार लेने से यह हवा हमारे पाचन तंत्र के ऊपरी हिस्से से बाहर निकलती है। इसलिए जब कोई बच्चा दूध पीने के बाद रोता है, तो कई लोग यह मान लेते हैं कि ऐसा इसलिए है क्योंकि बच्चे को 'डकार दिलवाने' की ज़रूरत है। हालाँकि, यह आवश्यक रूप से सत्य नहीं है। दूध पीने के बाद बच्चे क्यों रोते हैं या 'दूध गिराते' हैं? बच्चे कई कारणों से रोते हैं जिनका 'फँसी हुई हवा' से कोई लेना-देना नहीं है। वे तब रोते हैं जब वे भूखे, ठंडे, गर्म, डरे हुए, थके हुए, अकेले, परेशान होते हैं, उन्हें शांत होने के लिए बड़ों की मदद की ज़रूरत होती है, असुविधा या दर्द में, या कभी बिना किसी पहचाने जाने योग्य कारण के। वास्तव में, हमारे पास बिना किसी ज्ञात कारण के रोने का नाम है; इसे 'कॉलिक' कहा जाता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# कांग्रेस के विद्वान अर्थशास्त्री और प्रधानमंत्री के समय अर्थव्यवस्था 11वें नंबर पर थी, चाय वाले ने देश की इकोनॉमी को 5वें नंबर पर पहुंचा दिया



एजेंसी ▶▶ सुरेंद्रनगर/ आणंद

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को अपने गृहराज्य गुजरात के 2 दिवसीय चुनावी दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने सुरेंद्रनगर व आणंद के शास्त्री मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान लोगों से कहा कि 2014 में जब आपने अपने इस बेटे को गुजरात से दिल्ली भेजकर देश की सेवा करने का आदेश दिया, उस समय देश के पीएम बड़े विद्वान अर्थशास्त्री थे। तब देश दुनिया में 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था थी। 10 साल में इस गुजराती ने, चाय वाले ने देश की इकोनॉमी को 5वें नंबर पर पहुंचा दिया। कांग्रेस सरकार में आए दिन एक बड़ा हव्वा था पाकिस्तान का। पाक के आतंक का टायर पंक्चर हो गया है। जो देश कभी आतंकी एक्सपोर्ट करता था वो आटे के इम्पोर्ट के लिए दर दर भटक रहा है। जिसके हाथ में कभी बम गोला था उसके हाथ में आज भीख का कटोरा है। कांग्रेस कीसरकार आतंक के आकाओं को डोजियर देती थी। हमारी सरकार आतंकियों को घर में घुसकर मारती है।

> विपक्ष पर जबरदस्त निशाना साधते हुए कहा कि 60 साल में कांग्रेस ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया, बैंकों पर कब्जा कर लिया और ये कहा कि बैंक गरीबों के लिए होने चाहिए। बैंकों का राष्ट्रीयकरण गरीबों के नाम पर करने के बावजूद भी कांग्रेस सरकार 60 साल में करोड़ों गरीबों के बैंक खाते नहीं खोल पाई। कई को तो बैंक भी मालूम नहीं थे। देश को कमजोर करने के अलावा कांग्रेस ने कुछ नहीं किया।

## गुजरात में पीएम मोदी ने कांग्रेस की सरकारों को लिया आड़े हाथ



### देश ने कांग्रेस का 60 साल का राज भी देखा

मोदी ने कहा कि देश ने 60 साल तक कांग्रेस का राज देखा है और देश ने 10 साल भाजपा का सेवा काल भी देखा है। कांग्रेस के 60 साल के शासन में करीब 60% ग्रामीण आबादी के पास शौचालय नहीं था। 10 साल में भाजपा सरकार ने शत प्रतिशत शौचालय बना दिए। 60 साल में कांग्रेस देश में सिर्फ 3 करोड़ ग्रामीण घरों तक ही नल से जल की सुविधा पहुंचा पाई यानी 20% भी नहीं, 10 साल में नल से जल पहुंचने वाले घरों की संख्या 14 करोड़ घर हो गई है।

### 75 साल तक देश के सभी हिस्सों पर ये संविधान नहीं था

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कारण दशकों तक देश के संविधान के साथ भांति-भांति के खिलवाड़ हुए। सरदार साहब बहुत जल्दी चले गए, उसके कारण देश को बहुत नुकसान हुआ है। कांग्रेस के शहजादे आजकल माथे पर संविधान रखकर नाच रहे हैं। लेकिन, 75 साल तक हिंदुस्तान के सभी हिस्सों पर ये संविधान लागू नहीं होता था। मोदी के आने से पहले इस देश में 2 संविधान, 2 झंडे थे, 2 प्रधानमंत्री थे। शहजादे की पार्टी कांग्रेस ने, इनके परिजनों ने देश में संविधान लागू नहीं होने दिया था।

### पाकिस्तान के आतंक का काम तमाम

पीएम मोदी ने कहा कि जितने साल हमारे देश में कांग्रेस सरकार रही, आए दिन एक बड़ा हव्वा था पाकिस्तान का। पाकिस्तान के आतंक का टायर पंक्चर हो गया है। जो देश कभी आतंकी एक्सपोर्ट करता था वो आटे के इम्पोर्ट के लिए दर दर भटक रहा है। जिसके हाथ में कभी बम गोला था उसके हाथ में आज भीख का कटोरा है।

### 10 साल में 50 करोड़ जनधन बैंक खाते

उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि 60 साल में कांग्रेस ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया, बैंकों पर कब्जा कर लिया और ये कहा कि बैंक गरीबों के लिए होने चाहिए। इसके बावजूद भी कांग्रेस सरकार 60 साल में करोड़ों गरीबों के बैंक खाते नहीं खोल पाई। मोदी ने 10 साल में 50 करोड़ से ज्यादा जनधन बैंक खाते खोले।

## जेपी नड्डा ने समझाया राजद का मतलब | भ्रष्टाचारियों का कुनबा है इंडी गठबंधन

**अररिया ।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को अररिया में एक जनसभा को संबोधित करते हुए इंडी गठबंधन को जमकर घेरा। लालू परिवार पर भी हमला बोला। नड्डा ने जम्मू कश्मीर से कन्याकुमारी तक के नेताओं के नाम गिनाते हुए पूछा फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती, मुलायम सिंह परिवार, लालू परिवार चौटाला परिवार से लेकर गांधी परिवार तक का जिक्र किया बस यह सब अपने परिवार के बारे में सोचते हैं। उन्होंने कहा कि नड्डा ने कहा कि नरेंद्र मोदी 10 साल से सेवा कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य गरीब कल्याण और सुशासन है।



### ये रिश्वतखोर, जंगलराज, दलदल है

आरजेडीपर हमला बोलते हुए नड्डा ने कहा कि राजद का मतलब बताते हुए कहा कि ये रिश्वतखोर, जंगलराज, दलदल है।

### भारत मांगने वाला नहीं, देने वाला देश बना

नड्डा ने बताया कि पीएम ने कहा था कि विपक्ष ने टीके का विरोध किया और फिर चुपके से खुद ले रहे थे। आज भारत देने वाला देश बना है।

## बरेली में बोले गृहमंत्री शाह | 4 जून को 'कांग्रेस ढूंढो यात्रा' से होगा उनका समापन

बरेली और बदायूं पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 'शहजादे' राहुल गांधी ने चुनाव अभियान की शुरुआत 'भारत जोड़ो यात्रा' से की थी मगर इसका समापन अगली चार जून को 'कांग्रेस ढूंढो यात्रा' से होगा। भाजपा उम्मीदवार छत्रपाल गंगवार के समर्थन में कहा, 'हमारे सामने यह घमंडिया गठबंधन 'इंडी' चुनाव लड़ रहा है। राहुल ने चुनाव की शुरुआत 'भारत जोड़ो' यात्रा से की थी। मैं कहकर जा रहा हूं कि शुरुआत 'भारत जोड़ो' यात्रा से की गई थी मगर 4 जून के बाद 'कांग्रेस ढूंढो' यात्रा से इसका समापन होने वाला है।



### यह चुनाव देश को सर्वोच्च स्तर पर ले जाने का है

उन्होंने दावा किया कि मोदी सेंचुरी मारकर 400 की दौड़ में बहुत आगे निकल गए हैं। यह चुनाव देश के अर्थ तंत्र को सर्वोच्च पर ले जाएगा।

### 4 जून को 12.30 बजे 400 पार कर जाएगी भाजपा

शाह ने कहा कि आप परिणाम के दिन देख लेना, साढ़े बारह बजे के पहले एनडीए 400 पार कर जाएगी। मोदी फिर से प्रधानमंत्री बन जाएंगे।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा

### सारे विपक्षी दलों को हवा में उड़ा देंगे हमारे पायलट



सारण। गृह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रूढ़ी के लिए चुनाव प्रचार किया। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अब पड़ोसी देश भी समझ चुके हैं कि भारत दुनिया का ताकतवर देश बन चुका है। आज हमारी इतनी ताकत है कि जरूरत पड़ी तो भारत अपनी सीमा के उस पार भी मार सकता है। मुझे पूरा विश्वास है कि इस चुनाव में भी आप सभी का समर्थन प्राप्त होगा और सारे विपक्षी दलों को हमारे पायलट (राजीव प्रताप रूडी) हवा में उड़ा देंगे।

## सोनिया ने राहुल-प्रियंका से लड़ने को कहा

### भाजपा को थाली में न दो अमेठी और रायबरेली

नई दिल्ली। नेहरू-गांधी परिवार से कोई न कोई अमेठी और रायबरेली सीट पर लोकसभा चुनाव लड़े, ऐसा सोनिया गांधी की इच्छा है। खबर है कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अपने बेटे राहुल गांधी को अमेठी और बेटी प्रियंका गांधी को रायबरेली से चुनाव न लड़ने के फैसले पर दोबारा विचार करने के लिए फोन किया है। 3 मई को उत्तर प्रदेश की इन दो हाई-प्रोफाइल सीटों पर नामांकन का आखिरी दिन है। अमेठी में भाजपा की तरफ से 2019 में राहुल गांधी को हराकर गांधी परिवार का किला तोड़ने वाली स्मृति ईरानी लड़ रही हैं जबकि रायबरेली में कांग्रेस कैंडिडेट के ऐलान का इंतजार भाजपा कर रही है। सोनिया अब राज्यसभा में पहुंच गई हैं।



## मीसा भारती का पीएम पर हमला

### अग्निवीर 4 साल में रिटायर, इनको चाहिए तीसरा मौका



**बिहटा।** राजद प्रमुख लालू यादव की बड़ी बेटी मीसा भारती ने पीएम पर विवादित टिप्पणी की है। पटना के बिहटा में एक सभा के दौरान मीसा भारती ने केंद्र पर हमला बोलते हुए कहा कि एक तरफ आप नौजवानों के लिए अग्निवीर योजना लेकर आए हैं, जिसमें नौजवान 4 साल में रिटायर होकर घर बैठेगा और ये बूढ़ा प्रधानमंत्री 75 साल की उम्र में एक और मौका मांग रहा है, लेकिन देश की जनता बेवकूफ नहीं है। काठ की हांडी बार-बार चूल्हे पर नहीं चढ़ती है। उन्होंने कहा कि ये कोई साधारण चुनाव नहीं है बल्कि ये देश बचाने का चुनाव है।

## खबर संक्षेप

### बृजभूषण के बेटे करण को कैसरगंज से टिकट

**नई दिल्ली।** भाजपा ने कैसरगंज लोकसभा सीट से गुरुवार को महिला पहलवानों से यौन शोषण के आरोपी बृजभूषण शरण का टिकट काट दिया। उनकी जगह उनके छोटे बेटे करण भूषण सिंह को कैसरगंज से चुनावी मैदान में उतारा है। करण सिंह शुक्रवार को करण नामांकन करेंगे। बता दें कि कैसरगंज लोकसभा सीट में 3 मई नामांकन की आखिरी तारीख है। करण सिंह बृजभूषण शरण सिंह के छोटे बेटे हैं। वे शादीशुदा हैं और उनके एक बेटा और एक बेटी है।

### रायबरेली से भाजपा के दिनेश सिंह प्रत्याशी

**लखनऊ।** रायबरेली सीट से नामांकन की तारीख खत्म होने के एक दिन पूर्व भाजपा ने दिनेश प्रताप सिंह को उम्मीदवार घोषित कर दिया है। 2019 में दिनेश सोनिया गांधी के खिलाफ इसी सीट से ताल ठोंक चुके हैं। यहां नामांकन की अंतिम तारीख 3 मई है। कांग्रेस की ओर से कोई प्रत्याशी घोषित नहीं किया गया है। यहां से राहुल के उतर सकते हैं।

## गैरजमानती वारंट पर सुप्रीम कोर्ट बोला

# आम तौर पर तो जारी नहीं किया जाना चाहिए गैर जमानती वारंट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक हालिया फैसले में कहा है कि गैर-जमानती वारंट आम तौर पर जारी नहीं किया जाना चाहिए, जब तक कि आरोपी पर कोई संगीन आपराधिक आरोप न हो और उसके कानूनी प्रक्रिया को प्रभावित करने या सबूतों से छेड़छाड़ की आशंका न हो। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि हालांकि गैर-जमानती वारंट जारी करने के बारे में कोई विस्तृत दिशा-निर्देश नहीं है। शीर्ष अदालत ने कई मौकों पर टिप्पणी की है कि गैर-जमानती वारंट तब तक जारी नहीं किया जाना चाहिए जब तक कि आरोपी पर कोई संगीन आपराधिक आरोप न हो और उसके कानूनी प्रक्रिया को प्रभावित करने या सबूतों से छेड़छाड़ अथवा उसे नष्ट करने की आशंका न हो।

### समन का आदेश रद्द किया

कोर्ट ने समन के आदेश को रद्द करते हुए कहा इस संबंध में कानून में स्थिति स्पष्ट है कि गैर-जमानती वारंट आम तौर पर जारी नहीं किया जाना चाहिए और किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता को तब तक प्रतिबंधित नहीं किया जाना चाहिए जब तक कि समाज और राष्ट्र के व्यापक हित में ऐसा करना जरूरी न हो।

### महिला जज के बोलने पर झेंप गए सीजेआई

निजी संपत्तियों को समुदाय का भौतिक संसाधन' माना जा सकता है और क्या 'सार्वजनिक कल्याण' में इस्तेमाल के लिए इसे राज्य प्राधिकार अपने कब्जे में ले सकता है? बुधवार को इस पर बहस होती रही। बेंच में शामिल पीठ की एक मात्र महिला जज जस्टिस बीवी नागरत्ना तुरंत बोल पड़ीं, ओह, यह तो प्रशंसा है! जज के कमेंट पर सीजेआई झेंप गए और मुस्करा दिए।



## संदेशखाली हिंसा को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट की दो टूक

# सीबीआई जांच में सहयोग करे ममता सरकार', शिकायतों का सत्यापन हो

### महिलाओं के सामूहिक यौन उत्पीड़न, आदिवासी भूमि पर कब्जे का मामला

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली हिंसा को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को आदेश दिया है कि वो मामले की जांच के लिए सीबीआई का पूरा सहयोग करे।

सीबीआई संदेशखाली में टीएमसी नेता द्वारा महिलाओं के सामूहिक यौन उत्पीड़न और संदेशखाली में आदिवासी भूमि पर कब्जा करने के आरोपों की जांच कर रही है। चीफ जस्टिस टीएस शिवगणनम और जस्टिस हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने सीबीआई की दलील पर गौर किया। जिसमें कहा गया था कि आदिवासी भूमि पर कब्जा करने के संबंध में प्राप्त 900 से अधिक शिकायतों का सत्यापन करते समय, राज्य सरकार केंद्रीय एजेंसी के साथ सहयोग नहीं कर रही है।चीफ जस्टिस शिवगणम ने आदेश देते हुए कहा कि संदेशखाली हिंसा को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार जांच में सीबीआई का सहयोग करे।

### हाईकोर्ट ने सौंपी थी सीबीआई जांच



आरोप है कि शाहजहां ने गांव के निवासियों की जमीनें जबरदस्ती हड़प लीं, जिन्हें इस साल की शुरुआत में टीएमसी ने निलंबित कर दिया था। शेख और उसके सहयोगियों पर गांव में महिलाओं के यौन उत्पीड़न का भी आरोप लगाया गया था। लगभग 55 दिन तक भागने के बाद आरोपी शेख को बंगाल पुलिस ने गिरफ्तार किया था। हाई कोर्ट ने मामले की जांच सीबीआई को स्थानांतरित कर दी थी।

### डर के कारण महिलाओं ने दुराचार का केस नहीं किया

सुनवाई के दौरान भाजपा नेता और वकील प्रियांक टिबरेवाल ने कोर्ट को बताया कि उन्हें कथित यौन उत्पीड़न की पीड़ित महिलाओं के फोन आए थे। उन्होंने दावा किया कि महिलाओं को शेख या उसके आदमियों के खिलाफ मामला दर्ज न करने की धमकी दी गई थी। रात में कुछ अजनबी उनके घरों में चले आए और उन्हें बताया कि वे पहले ही अपना सम्मान खो चुके हैं और अब अगर उन्होंने बलात्कार का मामला दर्ज कराया तो उन्हें अपनी जान गंवानी पड़ेगी। इसलिए, महिलाएं सीबीआई के पास भी शिकायत दर्ज कराने से डरती हैं।

### सुप्रीम कोर्ट में सरकार ने कहा

### केंद्र के नियंत्रण में नहीं सीबीआई



केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि सीबीआई पर केंद्र का नियंत्रण नहीं है। बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दावा किया है कि सीबीआई ने कई मामलों में जांच के लिए राज्य सरकार की मंजूरी नहीं ली है। बंगाल सरकार ने केंद्र के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में मुकदमा दायर किया है। जिसमें आरोप लगाया है कि राज्य द्वारा सीबीआई को दी गई सामान्य सहमति वापस ली गई थी।

#### केंद्र ने दी ये दलील

संविधान का अनुच्छेद 131 केंद्र और राज्यों के अधिकारक्षेत्र से संबंधित है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ को बताया इसके प्रावधानों का गलत इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

## हॉट सीट आगराः सियासी जंग में भाजपा को चुनौती देते सपा व बसपा

# जातिगत समीकरण साधने के इरादे से त्रिकोणीय चुनाव मुकाबले के आसार

ओपी पाल ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश में ताजनगरी के नाम से सुविख्यात आगरा लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में सात मई को होने वाले मतदान के लिए राजनीतिक दल जोड़तोड़ की सियासत के साथ चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं।


हालांकि इस सीट पर पिछले एक दशक से भाजपा का कब्जा है, लेकिन विपक्षी गठबंधन से समाजवादी पार्टी और अकेले दम पर चुनाव मैदान में उतरी बहुजन समाज पार्टी जातीय समीकरण साधकर चुनावी मुकाबले में है। इसलिए इस सीट पर त्रिकोणीय मुकाबले की संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता।



पूजा अमरोही, बसपा



एसपी सिंह, भाजपा



सुरेश चंद्र, सपा

आगरा लोकसभा सीट पर आगामी सात मई को होने वाले चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के साथ यहां के लोगों में भी बेहद उत्साह का वातावरण है। कभी कांग्रेस का गढ़ बनी इस सीट पर सियासी समीकरणों ने समय समय पर ऐसी करवट ली है, कि कांग्रेस को इस सीट पर जीत के लिए तरसना पड़ रहा है। इस बार कांग्रेस नीत गठबंधन इंडिया की तरफ से इस सीट पर समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। जबकि बसपा अपने अकेले दम पर चुनाव मैदान में है।

यहां के सियासी समीकरणों में जातीय आधारित रणनीति बनाने में राजनीतिक दल ज्यादा विश्वास रखते हैं, जो वाजिब इसलिए भी है कि कुछ समुदाय ऐसे हैं जिन्हें कोई दल या प्रत्याशी भा गया तो उसकी जीत सुनिश्चत है। भाजपा ने मौजूदा सांसद प्रो. बघेल को इसलिए भी एक बार फिर प्रत्याशी बनाया है कि वह केंद्र में मंत्री होने के बावजूद आगरा लोकसभा क्षेत्र में सक्रिय रहा है।

भाजपा को टक्कर देने के इरादे से सपा व बसपा ने मुस्लिम व दलित वोट बैंक को आकर्षित करने की चुनावी रणनीति से अपने अभियान को अंजाम दिया है। इसलिए इस सीट पर प्रमुख रुप से चुनावी जंग भाजपा, सपा व बसपा प्रत्याशियों के बीच मानी जा रही है, जहां भाजपा जीत की हैट्रिक बनाने के इरादे से चुनाव मैदान में है। हालांकि छोटे दलो व निर्दलीय समेत यहां 11 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

### पहली बार मतदान करेंगे 21 हजार युवा

लोकसभा चुनाव में आगरा में कुल मतदाताओं की संख्या 20,46,772 है। इनमें 11,64,714 पुरुष, 8,81,961 महिला तथा 97 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। इस सीट पर 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 21,343 युवा मतदाता पहली बार मतदान करेंगे। वहीं इस सीट पर 7,193 दिव्यांग मतदाताओं के अलावा 357 मतदाता ऐसे बुजुर्ग हैं, जिनकी आयु सौ साल से ज्यादा है। आगरा लोकसभा सीट पर 550 मतदान केंद्र और 1760 मतदेय स्थल हैं, जिनमें जलेसर विधासभा क्षेत्र के 124 मतदान केंद्र व 365 मतदान स्थाल(बूथ) भी शामिल हैं। इस सीट के 424 मतदेय स्थल संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। आगरा में 18 जोनल और 128 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए जा रहे हैं।

### जातिगत समीकरण पर नजर

यूपी आगरा लोकसभा सीट पर चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों की नजर जातिगत समीकरण पर भी है, जहां सपा और बसपा ने उसी आधार पर अपने प्रत्याशियों को प्रत्याशी बनाकर भाजपा प्रत्याशी का मुकाबला करने के लिए चुनावी रणनीति बनाई है। जहां तक इस सीट पर जातिगत समीकरण का सवाल है उसमें इस सीट पर वैश्य और दलित मतदाताओं का वर्चस्व रहा है, जिनकी किसी भी दल की हार जीत में निर्णायक भूमिका रही है। इस सीट पर वैश्य मतदाओं की संख्या करीब 3.15 लाख है, तो दलित मतदाताओं की संख्या 2.70 लाख के करीब है। हालांकि यहा मुस्लिम मतदाताओं की भी सियासत में अच्छी पैठ है। यदि दलित और करीब ढाई लाख मुस्लिम

### लोकसभा सीट का सियासी इतिहास

यहां पर अब तक 17 चुनाव में 7 बार कांग्रेस काबिज रही है और खास बात ये है कि सातों पर यहां एक ही परिवार के बाप-बेटा कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा पहुंचे है, लेकिन पिछले चार दशक से कांग्रेस को इस सीट पर जीत का स्वाद नहीं मिल पा रहा है। इतिहास में पहले पांच चुनाव में यहां सेठ अचल सिंह ने अपना परचम लहराया है। 1977 में जनता पार्टी की लहर में कांग्रेस हार गई। लेकिन इसके बाद 1980 और 1984 में कांग्रेस केअचल सिंह के सुपुत्र निहाल सिंह निर्वाचित होकर लोकसभा पहुंचे हैं। 1989 के चुनाव में भाजपा समर्थित जनता दल ने जीत दर्ज की। 1991, 1996 व 1998 के चुनाव में भगवान शंकर रावत ने भाजपा का परचम लहराया।

### कौन हैं भाजपा, सपा व बसपा प्रत्याशी

भाजपा ने मौजूदा सांसद और मोदी सरकार में केंद्रीय न्याय एवं विधि राज्यमंत्री प्रोफेसर सत्यपाल सिंह बघेल पर फिर भरोसा जताया है। बघेल सब इंस्पेक्टर से महाविद्यालय में प्रोफेसर बने, जिन्होंने सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने राजनीति में दाखिला दिलाया। भाजपा ने उन्हें पिछला लोकसभा चुनाव आगरा से लड़ाकर जिताया और केंद्र में मंत्री बने। इस सीट पर सपा प्रत्याशी सुरेश चंद्र कर्दम जूता विक्रेता और बसपा के पूर्व कार्यकर्ता हैं। वे 2000 में बसपा के लिए मेयर पद का नामांकन लड़ चुके हैं। बसपा प्रत्याशी पूजा अमरोही कांग्रेस दिग्गज नेता सत्या बहन की बेटी हैं और मां के साथ राजनीति में हैं।

## खबर संक्षेप

### अशोक लेलैंड की कुल थोक बिक्री 10 फीसदी बढ़ी

**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी अशोक लेलैंड की अप्रैल महीने में कुल थोक बिक्री 10 प्रतिशत बढ़कर 14,271 इकाई हो गई। यह पिछले साल इसी महीने में यह 12,974 इकाई थी। बयान में कहा कि घरेलू बिक्री पिछले महीने नौ प्रतिशत बढ़कर 13,446 इकाई हो गई, जबकि अप्रैल 2023 में यह 12,366 इकाई थी। घरेलू बाजार में मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 16 प्रतिशत बढ़कर 8,611 इकाई रही जबकि एक साल पहले इसी महीने में 7,422 इकाई थी।

### डाबर का मार्च तिमाही लाभ 16.5 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** रोजमर्रा के इस्तेमाल के घरेलू उत्पाद (एफएमसीजी) बनाने वाली स्वदेशी कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड का बीते वित्त वर्ष की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 16.55 प्रतिशत बढ़कर 341.22 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने कहा कि लागत में कमी तथा वितरण नेटवर्क में विस्तार की वजह से उसका मुनाफा बढ़ा है। वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 292.76 करोड़ रुपये रहा था।

### अदाणी एंटरप्राइजेज के शुद्ध लाभ में 37 फीसदी गिरावट

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड का जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 37 प्रतिशत गिरकर 450.58 करोड़ रुपये पर आ गया। लाभ में गिरावट आई है। 2023-24 की जनवरी-मार्च में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 450.58 करोड़ रुपये रहा जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 722.48 करोड़ रुपये रहा था। आलोच्य तिमाही में परिचालन लागत बढ़ने के साथ कच्चे माल की लागत में भी उछाल आया है। इससे कंपनी के शुद्ध लाभ पर असर पड़ा है।

### अप्रैल में विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधि धीमी रही


# विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि से अप्रैल में साढ़े तीन साल में दूसरा सबसे तेज सुधार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधि अप्रैल में धीमी रही, लेकिन फिर भी परिचालन स्थितियों में साढ़े तीन साल में दूसरा सबसे तेज सुधार दर्ज किया गया जिसे बढ़ती मांग का समर्थन मिला।

मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) अप्रैल में घटकर 58.8 हो गया जो मार्च में 59.1 था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है।

- पीएमआई अप्रैल में घटकर 58 .8 फीसदी हो गया
- मजबूत मांग के कारण उत्पादन में वृद्धि दर्ज की गई
- कुल नए ठेके में तेजी से वृद्धि हुई है



#### मजबूत मांग की स्थिति

एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि मजबूत मांग की स्थिति के कारण उत्पादन में और वृद्धि हुई, हालांकि मार्च की तुलना में यह वृद्धि थोड़ी धीमी रही। रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय विनिर्माताओं ने अप्रैल में घरेलू और बाहरी ग्राहकों से अपने माल की मजबूत मांग की सूचना दी।

#### कच्चे माल व श्रम की लागत बढ़ी

भंडारी ने कहा, 'कीमत की बात करें तो कच्चे माल और श्रम की उच्च लागत के कारण कच्चे माल की लागत में मामूली वृद्धि हुई है, लेकिन मुद्रास्फीति ऐतिहासिक औसत से नीचे बनी हुई है।' कंपनियों ने उत्पादन शुल्क बढ़ाकर इस वृद्धि का बोझ उपभोक्ताओं पर डाल दिया, क्योंकि मांग मजबूत बनी रही जिसके परिणामस्वरूप मुनाफे में सुधार हुआ।

***नए ठेके में तेजी से वृद्धिः*** *कुल नए ठेके में तेजी से वृद्धि हुई है और विस्तार की गति 2021 की शुरुआत के बाद से दूसरी सबसे मजबूत रही। इसके अलावा, अप्रैल में नए निर्यात ठेकों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।*

#### 400 कंपनियों को भेजा गया सवाल जवाब

एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 कंपनियों के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

#### देश का सेवा निर्यात मामूली घटा

देश का सेवा निर्यात मार्च में 1.3 प्रतिशत घटकर 30 अरब डॉलर रहा। वहीं आयात 2.1 प्रतिशत कम होकर 16.61 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के देश के अंतरराष्ट्रीय सेवा व्यापार के आंकड़ों के अनुसार, इस साल मार्च में 13.4 अरब डॉलर का व्यापार अधिशेष रहा। सेवा निर्यात और आयात दोनों पिछले दो महीनों में सकारात्क दायरे में रहे हैं।

#### सेवा निर्यात 339.62 अरब डॉलर रहा

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में सेवा निर्यात 339.62 अरब डॉलर और आयात 177.56 अरब डॉलर रहा। व्यापार अधिशेष यानी निर्यात और आयात का अंतर आलोच्य वित्त वर्ष में 162 अरब डॉलर रहा। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद कुल निर्यात (वस्तु और सेवा) 2023-24 में 776.68 अरब डॉलर का रहा जो 2022-23 में 776.40 अरब डॉलर था।

# भारत में इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों का आयात बढ़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार और इलेक्ट्रिकल उत्पादों का आयात 2023-24 में बढ़कर 89.8 अरब डॉलर हो गया जिनमें से आधे से अधिक आयात चीन और हांगकांग से होता है। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने अपनी रिपोर्ट में यह बात कही है। 'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' (जीटीआरआई) ने इस रिपोर्ट में कहा है कि भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार और इलेक्ट्रिकल क्षेत्र के कुल आयात में सर्वाधिक 43.9 प्रतिशत हिस्सेदारी चीन की है। रिपोर्ट के अनुसार, चीन और हांगकांग पर इन उत्पादों के मामले में गहरी निर्भरता दिखती है और यह पिछले कुछ साल में नाटकीय रूप से बढ़ी है। इसके मुताबिक, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार आयात के मामले में चीन और हांगकांग पर निर्भरता को कम करना जरूरी है। यह न केवल आर्थिक लचीलापन बढ़ाने के लिए बल्कि तेजी से परस्पर जुड़ती जा रही दुनिया में भारत की डिजिटल और तकनीकी संप्रभुता की रक्षा के लिए भी जरूरी है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अभियुक्त (1) चांद, पुत्र. सरफुद्दीन, पताः** वकील का मकान, जवाहर पार्क, कब्रिस्तान के पास, शहीद नगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद, उ.प्र., **(2) आकाश, पुत्र शाहिद, पताः** मकान नं. 54, मुख्य शालीमार गार्डन, शाहिबाबाद, गाजियाबाद, उ.प्र.ने **FIR No. 36102/2019, U/s 379/411/34 IPC** थाना कोतवाली, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उनहोनें किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **(1) चांद और (2) आकाश,** मिल नही रहे है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **(1) चांद और (2) आकाश,** फरार हो गये हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 36102/2019, U/s 379/411/34 IPC** थाना कोतवाली, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **(1) चांद और (2) आकाश,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.06.2024** को या इससे पहले हाजिर हो ।

आदेशानुसार
सुश्री सायेशा चढ्ढा,
महानगर दण्डाधिकारी –08,
कमरा नं. 272,
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/4755/N/2024



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्धघोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **जुबेर**, निवासी 454, ग्राम पटुका पट्टी सेहसोला, तहसील टौरू, जिला नूंह, मेवात, हरियाणा 122105, ने **सीसी संख्या 3042/2021, धारा 138 एनआई एक्ट, पुलिस थाना द्वारका उत्तर, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जुबेर**, मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **जुबेर**, फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है की उक्त अभियुक्त **जुबेर**, केस **सीसी संख्या 3042/2021, धारा 138 एनआई एक्ट, पुलिस थाना द्वारका उत्तर, दिल्ली**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.06.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**संजना कसाना,**
महानगर दण्डाधिकारी (एनआई एक्ट) डिजिटल कोर्ट – 09,
दक्षिण पश्चिम,
द्वारका कोर्ट, दिल्ली

DP/5255/DW/2024
(Court Matter)


# शेयर बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 128 अंक चढ़ा

एजेंसी ⏭ मुंबई

घरेलू शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 128 अंक की बढ़त में रहा। अप्रैल में जीएसटी संग्रह के रिकॉर्ड स्तर, विनिर्माण के आंकड़े सकारात्मक रहने और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 128.33 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,611.11 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 329.65 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 43.35 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,648.20 अंक पर बंद हुआ।



सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में पावरग्रिड, एशियन पेंट्स, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, एनटीपीसी, सन फार्मा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और जेएसडब्ल्यू स्टील प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।दूसरी तरफ, कोटक महिंद्रा बैंक में सबसे ज्यादा गिरावट आई।

***एशियाई बाजार में मिला-जुला रुख :*** *एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में बुधवार को मिला-जुला रुख रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट में बुधवार को मिला-जुला रुख था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.02 प्रतिशत बढ़कर 84.29 डॉलर प्रति बैरल रहा।*



### ई-स्पोर्ट्स में जेपी पब्लिक स्कूल नोएडा को मिला दूसरा स्थान

**नई दिल्ली।** जेआईआईटी यूनिवर्सिटी, सेक्टर 62, नोएडा द्वारा आयोजित फर्स्ट ईस्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी कॉन्क्लेव में जेपी पब्लिक स्कूल, नोएडा ने दूसरा स्थान हासिल किया। स्कूल टीम ब्रॉन्ज बडीज़ में प्रणव नेगी (12वीं बी), पार्थ मल्होत्रा (12वीं ए), शाश्वत पांडे (12वीं सी), मृदुल गुप्ता (11वीं सी), और जहान पृथी (12वीं ए)शामिल थे। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें 10,000/- रुपये और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया है। स्कूल प्रधानाचार्या जी ने छात्रों के उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी।

### महिंद्रा की कुल थोक बिक्री में 13 फीसदी का इजाफा

*नई दिल्ली। महिंद्रा एंड महिंद्रा की अप्रैल महीने में कुल थोक बिक्री सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 70,471 इकाई हो गयी। कंपनी की अप्रैल 2023 में कुल थोक बिक्री 62,294 इकाई रही थी। बयान के अनुसार, मोटर वाहन प्रमुख की घरेलू बाजार में यात्री वाहन बिक्री पिछले महीने 18 प्रतिशत बढ़कर 41,008 इकाई हो गई, जो अप्रैल 2023 में 34,698 इकाई थी। पिछले महीने कुल निर्यात दो प्रतिशत बढ़कर 1,857 इकाई हो गया, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 1,813 इकाई था। कंपनी ने कहा कि अप्रैल 2024 में उसकी ट्रैक्टर बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 37,039 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 36,405 इकाई थी।*

### सोने में 500 रुपये की तेजी चांदी 400 रुपये मजबूत

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 500 रुपये की मजबूती के साथ 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। सोना 71,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 400 रुपये मजबूत होकर 83,500 रुपये प्रति किलो हो गयी। इससे पूर्व यह 83,100 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। 'महाराष्ट्र दिवस' और 'मजदूर दिवस' के मौके पर एक मई को सर्राफा बाजार आंशिक तौर पर बंद रहा। 'विदेशों में नरमी के रुख के बीच दिल्ली में हाजिर सोना (24 कैरेट) 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था।

## राशिफल

**मेष:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष:** आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन:** किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क:** जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला:** मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक:** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु:** आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर:** क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ:** मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन:** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।


**जॉब**

☛ सुनहरा मौका वनविभाग ने निकाली सीधी पक्की भर्ती परमानेंट बेसेस पर (10000 पदों पर) पद - वनरक्षक, क्लर्क, चपरासी, माली, सैलरी- 25670+35850/- आवेदन -10+12TH पास लड़के लड़कियां आवेदन हेतु- आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो,मार्कसीट व्हाट्सएप /कॉल करें - 9046968782

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


# अरबों डॉलर की संपत्ति के मालिक झाओ बने दुनिया के सबसे अमीर कैदी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

क्रिप्टो की दुनिया के जाने-माने नाम चांगपेंग झाओ के नाम एक ऐसा रिकॉर्ड दर्ज होने जा रहा है, जो शायद ही किसी को पसंद आए।



अरबों डॉलर की दौलत के मालिक चांगपेंग झाओ के नाम दुनिया के सबसे अमीर कैदी का रिकॉर्ड दर्ज होने वाला है। प्रमुख ग्लोबल क्रिप्टो एक्सचेंज बाइनेंस के फाउंडर एवं पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी चांगपेंग झाओ को अमेरिका की एक अदालत ने जेल की सजा सुनाई है। उनके खिलाफ पिछले साल मुकदमा दर्ज हुआ था। मुकदमा अमेरिका के एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग कानूनों और प्रतिबंधों के उल्लंघन से जुड़ा हुआ है। झाओ ने मामले में खुद को दोषी मान लिया है। उन्हें इसी सप्ताह मंगलवार को 4 महीने की जेल की सजा सुनाई गई। ब्लूमबर्ग के अनुसार, बाइनेंस फाउंडर चांगपेंग झाओ की मौजूदा नेटवर्थ लगभग 36.4 बिलियन डॉलर है। अरबों डॉलर की दौलत के साथ ब्लूमबर्ग की दुनिया के सबसे अमीर लोगों की लिस्ट में चांगपेंग अभी 42वें स्थान पर हैं। वहीं फोर्ब्स की लिस्ट में उनकी नेटवर्थ 33 बिलियन डॉलर बताई गई है और सबसे अमीर लोगों की सूची में 50वें स्थान पर रखा गया है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इतनी दौलत के साथ बाइनेंस फाउंडर न सिर्फ अमेरिका के इतिहास में, बल्कि संभवतः पूरी दुनिया के इतिहास में अब तक के सबसे अमीर कैदी बनने वाले हैं। यह बीते कुछ समय में क्रिप्टो इंडस्ट्री के दूसरे हाई-प्रोफाइल व्यक्ति को जेल की सजा हुई है।

#### फ्रायड से बहुत कम है चांगपेंग की सजा

*हालांकि बाइनेंस फाउंडर का मामला बिलकुल अलग है और उन्हें सजा भी मामूली मिली है। प्रोसेक्यूटर चांगपेंग को 3 साल की कैद की सजा दिए जाने की मांग कर रहे थे। सैम बैंकमैन फ्रायड को 25 साल के कारावास की सजा मिली हुई है। फ्रायड के ऊपर ग्राहकों के साथ 8 बिलियन डॉलर की धोखाधड़ी करने का आरोप है। उनकी क्रिप्टो एक्सचेंज कंपनी एफटीएक्स दिवालिया हो चुकी है।*


**Horticulture Department, Haryana**
Integrated Horticulture Development Centre.
Sundrah, (Mahendragarh)
E:mail:-ihdcsundrah@gmail.com, Ph:-01285-244076

बागवानी मिशन HORTICULTURE MISSION

**एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह महेन्द्रगढ़ में प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह, महेन्द्रगढ़ में वर्ष 2024-25 में बागवानी विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की स्कीमें, संरक्षित संरचना में सब्जियों की देख-रेख व रख-रखाव पर प्रशिक्षण, सब्जियों की जैविक खेती तकनीक पर प्रशिक्षण और बागवानी फसलों में जैविक खेती से संबंधित 05 दिवसीय प्रशिक्षण करवाया जाना है। हरियाणा राज्य के सभी जिलों के किसान दिनांक 06.05.2024 से प्रातः 10 बजे से उद्यान विभाग की वेबसाईट (Kaushal.hortharyana.gov.in) के माध्यम से उक्त प्रशिक्षण हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु प्रार्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 60 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षण के लिए एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह महेन्द्रगढ़ पर सीटों की संख्या 20 सीट प्रति प्रशिक्षण है। प्रशिक्षणार्थी का चयन ''पहले आओ पहले पाओ'' के आधार पर किया जायेगा। आवेदनकर्ता जरूरी दस्तावेज जैसे कि आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र की फोटो प्रति प्रशिक्षण के दौरान प्रथम दिन अपने साथ लेकर आए। प्रशिक्षण के दौरान रात्रि ठहराव की व्यवस्था नहीं होगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम की सूची निम्न प्रकार से हैः-


| क्र. सं. | दिनांक | अवधि (दिन) | प्रशिक्षण विषय | सीटों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 13.05.2024 से 17.05.2024 | 05 | नए बाग का पौधारोपण एवं फल उत्पादन एवं तकनीक पर प्रशिक्षण | 20 |
| 2. | 03.06.2024 से 07.06.2024 | 05 | बागवानी फसलों की जैविक खेती का प्रशिक्षण | 20 |
| 3. | 08.07.2024 से 12.07.2024 | 05 | सब्जियों की संरक्षित खेती पर प्रशिक्षण | 20 |
| 4. | 05.08.2024 से 09.08.2024 | 05 | फल उत्पादन की तकनीकों पर प्रशिक्षण | 20 |
| 5. | 09.09.2024 से 13.09.2024 | 05 | सब्जियों की संरक्षित खेती पर प्रशिक्षण | 20 |
| 6. | 07.10.2024 से 11.10.2024 | 05 | ओपन फील्ड में बागवानी फसलों के उत्पादन पर प्रशिक्षण | 20 |
| 7. | 18.11.2024 से 22.11.2024 | 05 | सब्जियों की संरक्षित खेती पर प्रशिक्षण | 20 |
| 8. | 16.12.2024 से 20.12.2024 | 05 | फल उत्पादन की तकनीकों पर प्रशिक्षण | 20 |
| 9. | 06.01.2025 से 10.01.2025 | 05 | सब्जियों की संरक्षित खेती पर प्रशिक्षण | 20 |
| 10. | 03.02.2025 से 07.02.2025 | 05 | ओपन फील्ड में बागवानी फसलों के उत्पादन पर प्रशिक्षण | 20 |

नोटः-अधिक जानकारी के लिए परियोजना अधिकारी एवं विषय विशेषज्ञ, एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह (8168368079, 8076830135) पर संपर्क किया जा सकता हैं।

हस्ता/-
परियोजना अधिकारी एवं विषय विशेषज्ञ
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह

पीआरडीएच-1149/11/598/2025/26223/88/7 दि. 02.05.24



## शब्द पहेली - 5500




**बाएँ से दाए-**
1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**
2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

**शब्द पहेली -5499 का हल**





## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 |
| पंजाब | 10 | 4 | 6 | 8 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 |
| बेंगलोर | 10 | 3 | 7 | 6 |

ऑरेंज कैप



ऋतुराज गायकवाड़
509 रन
चेन्नई

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
14 विकेट
मुंबई

बाउंड्री मीटर

1521 चौके

880 छक्के

# 'मैं कप्तान था, फिर नहीं रहा और अब हूं', यह जीवन का हिस्सा, छलका रोहित का दर्द

एजेंसी ▸▸ मुंबई

इस साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए पहले ही भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। अब इसी मामले को लेकर भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस की है।

इस दौरान उनके साथ भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर भी साथ रहे। आईपीएल में रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाकर मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइजी ने हार्दिक पंड्या को कमान सौंपी है। इसको लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस में सवाल किया गया। इस पर रोहित ने कहा कि मेरे लिए यह कोई नया नहीं है। मैं इससे पहले भी कई कप्तानों के अंडर खेला हूं।

### एक खिलाड़ी के लिए सब कुछ सही

रोहित ने कहा, 'मैं कप्तान था। फिर कप्तान नहीं रहा और अब कप्तान हूं। यह जीवन का हिस्सा है। सब कुछ आपके अनुसार नहीं होगा। यह एक शानदार अनुभव रहा है। अपने जीवन में पहले भी मैं कप्तान नहीं था और अलग-अलग कप्तानों के अंडर खेला था। इससे कोई लेना-देना नहीं है। मैंने हमेशा वही करने की कोशिश की है जो एक खिलाड़ी के तौर पर जरूरी है और मैंने पिछले एक महीने में ऐसा करने की कोशिश की है।'



### रोहित एक शानदार कप्तान

अजीत अगरकर ने कहा, 'रोहित एक शानदार कप्तान रहे हैं। 50 ओवर के वर्ल्ड कप और इस टी20 वर्ल्ड कप के बीच 6 महीने के दौरान, हमें कुछ निर्णय लेने थे इसमें कोई संदेह नहीं है। मुझे पता है कि हार्दिक ने कुछ सीरीज में नेतृत्व किया है। लेकिन रोहित शानदार रहे हैं।'

### टॉप ऑर्डर बल्लेबाज होने के कारण राहुल का चयन नहीं

प्रेस कॉन्फ्रेंस में केएल राहुल के बारे में पूछा गया कि आखिर क्यों उन्हें वर्ल्ड कप टीम में जगह नहीं मिली। इस पर अगरकर ने कहा, 'केएल एक शानदार खिलाड़ी हैं। हम मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी करने वाले प्लेयर्स पर विचार कर रहे हैं। केएल टॉप ऑर्डर में बल्लेबाजी करते हैं। जबकि ऋषभ पंत 5वें नंबर पर खेलते हैं। संजू सैमसन भी नीचे खेलने की काबिलियत रखते हैं।'

### रिंकू की कोई गलती नहीं

आईपीएल में धूम मचाने वाले रिंकू सिंह को ट्रैवलिंग रिजर्व में रखा गया है। उन्हें 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं मिली है। इस पर रोहित ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह उनकी (रिंकू) गलती नहीं है। वह अभी हमारे साथ ट्रैवल करने जा रहे हैं। मुझे पता है कि यह उनके लिए थोड़ा कठिन है। मुझे लगता है कि टीम संतुलन के कारण वह चूक गए। हम एक अतिरिक्त स्पिनर खिलाना चाहते थे। मैं टीम में 4 स्पिनर चाहता था। मैं इसका कारण यहां नहीं बताऊंगा, मैं आपको यूएसए में बताऊंगा।'

### कोहली के सपोर्ट में उतरे अगरकर

विराट कोहली आईपीएल के दौरान अपने स्ट्राइक रेट को लेकर हमेशा ट्रोल होते रहे हैं। इसी को लेकर जब सवाल किया गया, तो अगरकर ने कहा, 'अनुभव बहुत मायने रखता है। विराट कोहली के स्ट्राइक रेट को लेकर कभी कोई बातचीत नहीं हुई। ज्यादा सोचने का कोई मतलब नहीं है।' दूसरी ओर ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को टीम में चुने जाने को लेकर अगरकर ने कहा, 'जब तक वह फिट और उपलब्ध हैं। हम हमेशा हार्दिक पंड्या को टीम में चाहते थे, इसमें कभी संदेह नहीं था।'

## खबर संक्षेप



### दीपक चाहर की चोट गंभीर लग रही : फ्लेमिंग

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने स्वीकार किया कि तेज गेंदबाज दीपक चाहर की चोट गंभीर लग रही है लेकिन उन्हें फ्रेंचाइजी की मेडिकल टीम से सकारात्मक खबर मिलने की उम्मीद है। फ्लेमिंग ने चाहर की नई चोट के बारे में तफ्सील से नहीं बताया लेकिन उन्हें पंजाब किंग्स के खिलाफ बुधवार की रात को दूसरी ही गेंद पर शायद हैमस्ट्रिंग चोट का सामना करना पड़ा। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और फिजियो से बात करने के बाद वह मैदान से बाहर चले गए और मैच में आगे गेंदबाजी नहीं की।

### उबेर कप क्वार्टर फाइनल में जापान से हारी महिला टीम

**चेंगडू।** अष्मिता चालिहा ने कड़ा संघर्ष किया लेकिन युवा और अनुभवहीन भारतीय महिला टीम को उबेर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में गुरुवार को जापान ने 3-0 से हराया। पीवी सिंधू के बगैर खेल रही भारतीय टीम ने ग्रुप चरण में कनाडा और सिंगापुर को हराकर नॉकआउट के लिए क्वालीफाई किया था लेकिन आखिरी लीग मैच में उसे चीन ने 5-0 से मात दी थी। दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी चालिहा को 67 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी अया ओहोरी ने 21-10, 20-22, 21-15 से हराया। ईशारानी बरुआ को दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नोजोमी ओकुहारा ने 21-15, 21-12 से शिकस्त दी। वहीं राष्ट्रीय चैंपियन प्रिया के और श्रुति मिश्रा को दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी नामी मत्सुयामा और चिहारू शिडा ने 21-8, 21-9 से हराया। भारत तीन बार 1957, 2014 और 2016 में उबेर कप सेमीफाइनल में पहुंचा है।

### वंचित तबके के बच्चों के लिए शुरू किया कार्यक्रम



**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने वंचित तबके के बच्चों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से असम के माजुली द्वीप और बोंगाईगांव के दूरदराज के इलाकों से 25 ऐसे बच्चों को सहायता के लिए चुना है। रोहन बोपन्ना टेनिस अकादमी और कमल इंडिया फाउंडेशन यूके के बीच इस साझेदारी के तहत नौ से 11 साल के चयनित बच्चों को व्यापक टेनिस प्रशिक्षण मुहैया कराया जाएगा। बच्चों को एक कौशल और फिटनेस मूल्यांकन प्रक्रिया से गुजरना पड़ा तथा उनका चयन ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन बोपन्ना ने किया। चयनित खिलाड़ी बेंगलुरु जाएंगे जहां उन्हें अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा, विश्व स्तरीय टेनिस पाठ्यक्रम, अनुभवी कोच, स्कूल परिसर में खाने और रहने की व्यवस्था, शिक्षा और आरबीटीए में खुद बोपन्ना द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

### भुवनेश्वर ने आखिरी ओवर में 13 रन डिफेंड किए, 3 विकेट भी झटके

# सनराइजर्स हैदराबाद की राजस्थान रॉयल्स पर एक रन की रोमांचक जीत

एजेंसी ▸▸ हैदराबाद

नितीश कुमार रेड्डी और ट्रेविस हेड के अर्धशतक के बाद डेथ ओवरों में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग में गुरुवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को रोमांचक मुकाबले में एक रन से हरा दिया। रॉयल्स को अंतिम गेंद पर जीत के लिए दो रन की दरकार थी लेकिन भुवनेश्वर कुमार (41 रन पर तीन विकेट) ने रोवमैन पावेल (15 गेंद में 27 रन) को पगबाधा कर दिया जिससे टीम 202 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सात विकेट पर 200 रन ही बना सकी। रियान पराग (77 रन, 49 गेंद, आठ चौके, चार छक्के) और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (67 रन, 40 गेंद, सात चौके, दो छक्के) ने अर्धशतक जड़ने के अलावा तीसरे विकेट के लिए 134 रन भी जोड़े लेकिन रॉयल्स को जीत नहीं दिला सके। ये दोनों उस समय साथ आए जब टीम पहले ओवर में एक रन पर दो विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। सनराइजर्स के लिए भुवनेश्वर के अलावा कप्तान पैट कमिंस (34 रन पर दो विकेट) और टी नटराजन (35 रन पर दो विकेट) ने भी दो-दो विकेट चटकाए। इससे पहले नितीश ने नाबाद 76 रन की करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलने के अलावा सलामी बल्लेबाज हेड (58 रन, 44 गेंद, तीन छक्के, छह चौके) के साथ तीसरे विकेट के लिए 96 और हेनरिक क्लासेन (19 गेंद में नाबाद 42, तीन छक्के, तीन चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए 70 रन की अटूट साझेदारी की जिससे सनराइजर्स ने तीन विकेट पर 201 रन बनाए। नितीश ने 42 गेंद का सामना करते हुए आठ छक्के और तीन चौके मारे। आवेश खान रॉयल्स के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 39 रन देकर दो विकेट चटकाए। भारत की टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने वाले युजवेंद्र चहल काफी महंगे साबित हुए। उन्होंने चार ओवर में 62 रन लुटाए और उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ओवर में ही जोस बटलर और कप्तान संजू सैमसन के विकेट गंवा दिए।



**हैदराबाद-201/3 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| ट्रेविस हेड बो आवेश | 58 |
| अभिषेक का जुरेल बो आवेश | 12 |
| अनमोलप्रीत का जायसवाल बो संदीप | 05 |
| नितीश कुमार रेड्डी नाबाद | 76 |
| हेनरिक क्लासेन नाबाद | 42 |

अतिरिक्त: 08
कुल:20 ओवर में तीन विकेट पर: 201 रन
विकेट पतन: 1-25, 2-35, 3-131
गेंदबाजी: बोल्ट 4-0-33-0, अश्विन 4-0-36-0, आवेश 4-0-39-2, संदीप 4-0-31-1, चहल 4-0-62-0

**रॉयल्स-200/7 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो नटराजन | 67 |
| बटलर का यानसेन बो भुवनेश्वर | 00 |
| संजू सैमसन बो भुवनेश्वर | 00 |
| रियान का यानसेन बो कमिंस | 77 |
| शिमरोन का यानसेन बो नटराजन | 13 |
| रोवमैन पगबाधा बो भुवनेश्वर | 27 |
| ध्रुव का अभिषेक बो कमिंस | 01 |
| रविचंद्रन अश्विन नाबाद | 02 |

अतिरिक्त: 13
कुल:20 ओवर में सात विकेट पर: 200 रन
विकेट पतन: 1-1, 2-1, 3-135, 4-159, 5-181, 6-182, 7-200
गेंदबाजी: भुवनेश्वर 4-0-41-3, यानसेन 4-0-44-0, कमिंस 4-0-34-2, नटराजन 4-0-35-2, उनादकट 2-0-23-0, नितीश 1-0-12-0, शाहबाज 1-0-11-0



### इंडियंस और कोलकाता के बीच मुकाबला आज

**मुंबई।** खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस के खिलाफ शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स अपनी कमजोरियों से पार पाने के इरादे से उतरेगी। नौ मैचों में छह जीत के बाद 12 अंक लेकर केकेआर तालिका में दूसरे स्थान पर है और प्लेआफ में उसकी जगह लगभग पक्की लग रही है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम को हालांकि हर विभाग में लगातार अच्छा प्रदर्शन करके किसी तरह की कोताही से बचना होगा। केकेआर ने पिछले छह में से तीन मैच गंवाए हैं और पंजाब किंग्स ने रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करके उसे हराया लेकिन फिर केकेआर ने वापसी करके दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट से मात दी। वानखेड़े स्टेडियम बल्लेबाजों की मददगार पिच के लिए मशहूर है और इस पर 200 से अधिक का स्कोर बनना तय है। ऐसे में नजरें रिंकू सिंह पर भी होंगी जिन्हें टी20 विश्व कप के लिए भारत की मुख्य टीम में जगह नहीं मिलने से काफी बहस हो रही है।

खास खबर

### अमूल टी-20 विश्व कप में अमेरिका और द.अफ्रीका का बना प्रायोजक



**नई दिल्ली।** भारतीय दुग्ध उत्पाद निर्माता अमूल जून में टी20 विश्व कप के दौरान अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका टीम का प्रायोजक होगा। दोनों टीमों के क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को यह ऐलान किया। अमेरिका एक जून से हो रहे टूर्नामेंट में सह मेजबान के तौर पर पदार्पण करेगा। टूर्नामेंट में सेमीफाइनल और फाइनल समेत कई मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे। विश्व कप का पहला मैच एक जून को अमेरिका और कनाडा के बीच होगा। अमूल पहले भी नीदरलेंड, दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान का प्रायोजक रह चुका है। अमूल दूध अब अमेरिका में भी बेचा जाता है। अमूल के प्रबंध निदेशक जयेन मेहता ने एक बयान में कहा, 'अमूल दूध की गुणवत्ता से अमेरिकी क्रिकेट टीम दुनिया भर में दिल जीत सकेगी। हम टीम को आगामी टी20 विश्व कप के लिए शुभकामना देते हैं।'

### एबीडि ने कोहली की आलोचना करने वालों पर निशाना साधा

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी एबी डिविलियर्स ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग में पावरप्ले के इतर विराट कोहली के स्ट्राइक रेट की आलोचना करने वाले 'आंकड़ों से प्रेरित' क्रिकेट विशेषज्ञों पर निशाना साधा। कोहली ने मौजूदा सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 147 के स्ट्राइक रेट और 77 की औसत से 500 रन बनाए हैं। वह सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'विराट कोहली की स्ट्राइक रेट को लेकर आलोचना हो रही है, यह बहुत लंबे समय से चल रहा है और मैं अब इससे तंग आ चुका हूं। मैं कम से कम इतना तो कह सकता हूं कि मैं निराश हूं। यह खिलाड़ी क्रिकेट खेलने वाले अब तक के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है। वह आईपीएल में अविश्वसनीय है, वह आरसीबी के लिए एक निश्चित भूमिका निभाता है।'

# भारत ने बांग्लादेश से जीती सीरीज टी20 में बनाई 3-0 की अजेय बढ़त

एजेंसी ▸▸ सिलहट

गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के अर्धशतक से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में गुरुवार को यहां बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 3-0 की विजयी बढ़त बना ली। बांग्लादेश के 118 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने शेफाली (51 रन, 38 गेंद, आठ चौके) के अर्धशतक और स्मृति मंधाना (47 रन, 42 गेंद, पांच चौके, एक छक्का) के साथ उनकी पहले विकेट की 12.1 ओवर में 91 रन की साझेदारी से 18.3 ओवर में तीन विकेट पर 121 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।



### राधा यादव ने 22 रन देकर चटकाए दो विकेट

इस साल टी20 महिला विश्व कप बांग्लादेश में ही होना है और इसलिए भारतीय टीम का यह प्रदर्शन काफी महत्वपूर्ण है। बांग्लादेश की टीम इससे पहले सलामी बल्लेबाज दिलारा अख्तर (25 गेंद में 39 रन) और कप्तान निगार सुल्ताना (28) की उम्दा पारियों के बावजूद 20 ओवर में आठ विकेट पर 117 रन ही बना सकी। भारत की ओर से । रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर और श्रेयंका पाटिल को एक-एक विकेट मिला।

### मैड्रिड ओपन: रुबलेव से हारे अल्काराज



**मैड्रिड।** कार्लोस अल्काराज का लगातार तीसरा मैड्रिड ओपन जीतने का सपना टूट गया जब क्वार्टर फाइनल में उन्हें आंद्रेइ रूबलेव ने तीन सेटों में हरा दिया। स्पेन के दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज की शुरुआत अच्छी रही लेकिन वह सातवीं वरीयता प्राप्त रुबलेव से 6-4, 3-6, 2-6 से हार गए। बाजू में चोट के कारण मोंटे कार्लो और बार्सीलोना में नहीं खेल सके अल्काराज का उसके बाद यह पहला टूर्नामेंट है। अन्य मैचों में टेलर फ्रिट्ज ने फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 6-1, 3-6, 6-3 से हराया। अब वह सेमीफाइनल में रुबलेव से खेलेंगे। महिला वर्ग में गत चैंपियन एरिना सबालेंका ने 17 वर्ष की मीरा आंद्रिवा को 6-1, 6-4 से हराया।

### सलीमा ने कहा- मुझे खुशी है कि टीम की कप्तानी दी गई

# सविता की बजाय सलीमा को मिली हॉकी टीम की कप्तानी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मिडफील्डर सलीमा टेटे को अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया की जगह इस महीने के आखिर में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के बेल्जियम और इंग्लैंड चरण के लिए भारत की 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम का कप्तान चुना गया है। नवनीत कौर को उपकप्तान बनाया गया है।

सलीमा ने कहा, 'मुझे खुशी है कि टीम की कप्तानी दी गई है। यह बड़ी जिम्मेदारी है और मैं इसे लेकर उत्साहित हूं। हमारे पास मजबूत टीम है जिसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ी हैं। हम एफआईएच प्रो लीग के आगामी बेल्जियम और इंग्लैंड चरण में हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। हमें अपनी कमजोरियों से पार पाना है।' बेल्जियम में मैच 22 से 26 मई तक और इंग्लैंड में एक से नौ जून तक होंगे। भारत का सामना पहले चरण में दो बार अर्जेंटीना और बेल्जियम से होगा। लंदन चरण में टीम ब्रिटेन और जर्मनी से खेलेगी। भारत इस समय प्रो लीग तालिका में छठे स्थान पर है।



### भारतीय महिला टीम

**गोलकीपर** : सविता, बिछू देवी खारीबाम।
**डिफेंडर** : निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी।
**मिडफील्डर** : सलीमा टेटे (कप्तान), वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नवनीत कौर, नेहा, ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, लालरेम्सियामी
**फॉरवर्ड** : मुमताज खान, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, सुनेलिता टोप्पो, दीपिका सोरेंग।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि.अभि./क.वि.,डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | दिल्ली डिवीजन में मौजूदा टीएसएस और स्विचिंग पोस्ट में अर्थिंग व्यवस्था का प्रावधान। |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 1,18,15,578.50/- |
| 3 | बयाना राशि | Rs. 2,09,100/- |
| 4 | ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 10.05.2024 (00.00 बजे) से 24.05.2024 (15.00 बजे तक) |
| 5 | ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय | 24.05.2024 (15.00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | 20366203 |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या: 17-क.वि.-नई दिल्ली-2024-25 दिनांक: 02.05.2024 1330/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि**

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएँ भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी:-

**05219/05220 मुजफ्फरपुर जं.-आनन्द विहार(टर्मि.)-मुजफ्फरपुर जं. विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05219 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05220 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 18:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 11:00 | --- |
| 14:15 | --- | आनन्द विहार(टर्मि.) | --- | 16:00 |

**चलने के दिन: 05219 मुजफ्फरपुर जं.** से 04.05.2024 एवं 11.05.2024 (शनिवार) और **05220 आनन्द विहार(टर्मि.)** से 05.05.2024 एवं 12.05.2024 (रविवार) को।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य;
**ठहराव:** बापूधाम मोतिहारी, सगौली जं., बेतिया, नरकटियागंज, बगहा, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन

**05251/05252 मुजफ्फरपुर जं.-आनन्द विहार(टर्मि.)-मुजफ्फरपुर जं. विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05251 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05252 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 18:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 11:00 | --- |
| 14:15 | --- | आनन्द विहार(टर्मि.) | --- | 16:00 |

**चलने के दिन: 05251 मुजफ्फरपुर जं.** से 08.05.2024 एवं 15.05.2024 (बुधवार) और **05252 आनन्द विहार(टर्मि.)** से 09.05.2024 एवं 16.05.2024 (रविवार) को।
**स्थान:** 3 टियर इकोनॉमी
**ठहराव:** बापूधाम मोतिहारी, सगौली जं., बेतिया, नरकटियागंज, बगहा, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा—हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1332/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




## भारत से रिश्तों की तारीफ की

# आस्ट्रेलियाई वित्त मंत्री जिम चाल्मर्स का भारतीय जासूसों के निष्कासन पर टिप्पणी करने से इनकार, कहा-भारत के साथ हमारे अच्छे संबंध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



ऑस्ट्रेलिया के वित्त मंत्री जिम चाल्मर्स से एक टीवी साक्षात्कार में पूछा गया कि क्या दो भारतीय जासूसों के गोपनीय तरीके से निष्कासन संबंधी 'ऑस्ट्रेलियाई न्यूज मीडिया' और 'द वाशिंगटन पोस्ट' की खबरों के बाद भारत को ऑस्ट्रेलिया का मित्र माना जा सकता है। चाल्मर्स ने कहा, मैं किसी भी तरह से इस तरह के मुद्दों में नहीं पड़ना चाहता। उन्होंने कहा, भारत के साथ और इस क्षेत्र के अन्य देशों के साथ हमारे अच्छे संबंध हैं, दोनों पक्षों के प्रयासों के परिणामस्वरूप हाल के वर्षों में यह और घनिष्ठ हुआ है और यह अच्छी बात है।

### भारतीय उच्चायोग ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी

*'द वाशिंगटन पोस्ट', 'द सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' और 'ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्प' ने अज्ञात सुरक्षा अधिकारियों का हवाला देते हुए जासूसों की पहचान 'रिसर्च एंड एनालिसिस विंग' के कर्मियों के रूप में की है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया में भारतीय उच्चायोग ने इस संबंध में अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।*

### भारत और ऑस्ट्रेलिया क्वाड के सदस्य

भारत ऑस्ट्रेलिया का एक महत्वपूर्ण व्यापारिक भागीदार है, जो चीन पर अपनी आर्थिक निर्भरता को कम करने की कोशिश कर रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया भी क्वाड सुरक्षा वार्ता के सदस्यों के रूप में घनिष्ठ सैन्य संबंध विकसित कर रहे हैं। क्वाड में अमेरिका और जापान भी शामिल हैं। बता दें कि क्वाड भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान देशों का एक समूह है, जिसका उद्देश्य भारत-प्रशांत क्षेत्र में लोकतांत्रिक देशों के हितों की रक्षा करना और वैश्विक चुनौतियों का समाधान करना है।

#### ऑस्ट्रेलिया में जासूसी नेटवर्क चलाने का दावा

इससे पहले, ऑस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (एबीसी) ने दावा किया है, कि संवेदनशील डिफेंस प्रोजेक्ट और हवाई अड्डे की सुरक्षा के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया के व्यापार संबंधों पर वर्गीकृत जानकारी चुराने की कथित कोशिश करते हुए पकड़े जाने के बाद, भारतीय जासूसों को ऑस्ट्रेलिया से बाहर निकाल दिया गया था।

### वे खुफिया मामलों पर टिप्पणी नहीं करते

प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और विदेश मंत्री पेनी वोंग ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में भारत द्वारा कथित जासूसी के बारे में सवालों को टाल दिया और कहा कि वे खुफिया मामलों पर टिप्पणी नहीं करते हैं।

## अमेरिकी पुलिस ने किया खुलासा

# गोल्डी की मौत नहीं खबर अफवाह निकली

एजेंसी ▶▶ कैलिफोर्निया



पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या में मास्टरमाइंड और भारत के मोस्ट वॉन्टेड गोल्डी बरार की हत्या नहीं हुई है। वह अभी भी जिंदा है। अमेरिका के कैलिफोर्निया में हुई गोलीबारी में एक अफ्रीकी शख्स की मौत हुई है। वह गोल्डी बरार जैसा दिखाई देता है। जिस समय यह घटना हुई उसी समय वहां से गुजर रहे एक पंजाबी शख्स ने गोल्डी बरार की हत्या की बात फैला दी। कुछ रिपोर्ट्स में गोल्डी बरार की मौत को दावा किया गया था कि बरार पर मंगलवार को अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित फेयरमोंट और होल्ट एवेन्यू में हमला किया गया था। हालांकि कैलिफोर्निया के फ्रेस्नो पुलिस ने इन रिपोर्ट्स का खंडन किया है। गोल्डी की हत्या को लेकर लेफ्टिनेंट विलियम जे. डूले ने कहा कि अगर आप ऑनलाइन चैट के कारण यह दावा कर रहे हैं कि गोलीबारी का शिकार 'गोल्डी बरार' है, तो हम कहते हैं कि यह बिल्कुल सच नहीं है। यह जानबूझ कर अफवाह फैलाई गई थी।

### क्या है पूरा मामला?

कैलिफोर्निया के शहर फ्रेज्नो फेयरमोंट और होल्ट एवेन्यू में मंगलवार शाम 5:25 बजे अफ्रीकी लोगों के दो समूहों के बीच लड़ाई हुई थी। इसमें एक शख्स लड़ाई के दौरान नीचे गिर गया था। उस शख्स ने खुद को बचाने के लिए ताबड़तोड़ गोलियां चलानी शुरू कर दीं। इस घटना में एक की मौत हो गई। वहीं गोल्डी बरार के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है। वह पंजाब के श्री मुक्तसर साहिब का निवासी था। गोल्डी कनाडा के ब्रैम्पटन में रह रहा था, लेकिन भारत द्वारा आतंकवादी घोषित किए जाने के बाद से वह अमेरिका में छिपकर रह रहा है। गोल्डी खालिस्तानी आतंकवादी समूह बब्बर खालसा से जुड़ा है।

## कोच्चि में 20 से 30 मई तक बैठक

# भारत एटीसीएम 46वें और पर्यावरण संरक्षण समिति की करेगा मेजबानी




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय राष्ट्रीय ध्रुवीय और महासागर अनुसंधान केंद्र के माध्यम से केरल के कोच्चि में 20 से 30 मई तक 46वीं अंटार्कटिक संधि परामर्शदात्री बैठक और पर्यावरण संरक्षण समिति की 26वीं बैठक की मेजबानी करेगा। एटीसीएम और सीईपी बैठकों में भागीदारी इसके सदस्यों, पर्यवेक्षकों और आमंत्रित विशेषज्ञों द्वारा नामित प्रतिनिधियों तक ही सीमित है।

इस वर्ष 46वें एटीसीएम और 26वें सीईपी में 60 से अधिक देशों के 350 से अधिक प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है। इसका आयोजन भारत के कोच्चि में लुलु बोलगट्टी इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एलबीआईसीसी) में एनसीपीओआर, एमओईएस करेगा। उल्लेखनीय है 26वां सीईपी एजेंडा अंटार्कटिक पर्यावरण मूल्यांकन, प्रभाव मूल्यांकन, प्रबंधन तथा रिपोर्टिंग, जलवायु परिवर्तन को लेकर सचेतता, समुद्री स्थानिक संरक्षण सहित क्षेत्र संरक्षण और प्रबंधन योजनाएं और अंटार्कटिक जैव विविधता के संरक्षण पर केंद्रित है।




Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda2wheelersindia.com

तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकता है। उत्पाद में दिखाई गई एक्सेसरीज़ सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं।

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **DELHI: SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 011-29840621/22, 9266802219; (Adchini) - 011-43073681, 8527996772/73; (Khanpur) - 011-29963627/28, 9266802221; (Saheen Bagh Jamia) - 011-26950016/17, 9266802220; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401, 9311227402; Pragnya Honda (Okhla) - 011-40581600, 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 011-26366952, 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 07947216270, 011-40470000, 9871600730, 9811625338, 9152462887; (RK Puram Sector 1) - 9871600734, 9871500735, 9069145268; Uday Honda (Adchini) - 9212355514, 9212355515; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Raja Garden) - 9811096676, 01145528400 / 8500; (West Patel Nagar) - 9667530598; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 011-69651212, 9212385581/82; (Vikaspuri) - 8447527677, 8506999938/39, 8130988396; (Kakrola Mod) - 9212385537, 9212389007, 8506999936/37; (Vikas Nagar) - 9818826775; Dhingra Honda - (Peeragarhi) - 011-41400000, 9871200045, 9717455880; (Uttam Nagar) - 9717455884/85, 9717394588; (Nangloi) - 9871400045, 9717455883; (Kirari) - 9870200152; Excel Honda (Moti Nagar) - 011-47025801/02, 9999903295; (Mayapuri) - 011-49093930, 9811025879; (Raja Garden) - 011- 45528400/500, 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667530598; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522, 7042294777, 7042294776, 9212670292, 7291998261; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 9599442118, 7290068240; (Rajapuri) 9212670215, 9910364903, 7290068239; (Kapashera) 7290068238, 9910014183; **CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 01143724442, 955500730; (Shastri Nagar) - 8882719494, 9999786767; (Naraina) - 9310059001; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400, 9310008240; (Dilshad Garden) - 011-22131205/06, 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Ill Pusta) - 9560734814; Johripur (Shiv Vihar Metro Station) - 7840080191; Swarup Honda (Vikas Marg) - 011-41015710/11/12, 9810806600, 9810268204; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 011-45644444, 9821398522; (Jheel) - 9821398526, 8448131114; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 011-45561871, 8826993152, 8826993150; (Rani Bagh) - 8130093649, 8826993157; (Pitampura) - 8130093651, 8826993162; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648, 8826993156; (Jahangirpuri) - 8130093655; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731/2/7, 8882493100/2; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9599396896; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 0120-4796600, 9999806883; Pioneer One Honda - 4313333, 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666, 8178506905; Parkash Honda (Bhangel) - 9971713314; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 9899828711; The Rainbow Honda (Shyam Nagar Mandi) - 8178274694; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614, 9311322400; Hindon Honda - 9910110017, 9910030484; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166, 9911591166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Shanti Honda (Kulesra) - 8510000845; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519, 9717207234; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 281455, 09568519999; Shri Masha Honda (Sikandrabad) - 8477004028; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 9837098515, 9720088882; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 7536810266; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **KALANAUR:** Kamakshi Honda - 9034655187; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109